आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

आज
* म. वाल्मीकि जयंती

दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 283 | उज्जैन, सोमवार 26 अक्टूबर, 2026 | आश्विन शुक्ल पूर्णिमा संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

देश विदेश

पीएम ने ओडिशा में आरबीआई डेटा सेंटर का इनॉगरेशन किया

भुवनेश्वर। पीएम मोदी ने रविवार को ओडिशा के खुर्दा जिले में बने रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के दूसरे डेटा सेंटर का इनॉगरेशन किया। भुवनेश्वर के पास इन्फो वैली-II में 18.55 एकड़ में बना यह परिसर नवी मुंबई के आरबीआई के मुख्य डेटा सेंटर के डिजास्टर रिकवरी बैकअप के रूप में काम करेगा। अगर किसी प्राकृतिक आपदा, तबाही, हमले में मुंबई वाला डेटा सेंटर प्रभावित होता है तो ओडिशा सेंटर से बैकअप जारी रहेगा। जिससे देश के पूरे बैंकिंग और पेमेंट सिस्टम (यूपीआई, आरटीजीएस, एनईएफटी) में रुकावट नहीं आएगी।

जज के नाबालिग बेटे ने कार से टक्कर मारी, युवक की मौत

कोच्चि। केरलम के कोच्चि में शनिवार देर रात मर्सिडीज कार ने स्कूटर को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में 55 साल के स्कूटर सवार की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, कार चलाने वाला एडिशनल सेशन जज का बेटा है। उसकी उम्र 17 साल है। कार जज के नाम पर रजिस्टर्ड थी। हादसा रात 2 से 3 बजे के बीच हुआ। घटनास्थल के एक वीडियो में कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त दिखाई दिया। पीड़ित परिवार ने आरोप लगाया कि पुलिस स्टेशन में जब उन्होंने नाबालिग को कार चलाने देने पर सवाल उठाया, तो जज ने उनसे अपमानजनक लहजे में बात की।

जामिया में हंगामा: आंदोलन से बढ़ा तनाव, पुलिस हिरासत में कई छात्र

नई दिल्ली। जामिया मिलिया इस्लामिया में छात्र संघ की बहाली समेत तीन मांगों को लेकर छात्रों का आंदोलन तेज हो गया है। गेट बंद होने से तनाव की स्थिति है, कुछ छात्रों को हिरासत में लिया गया है। डीटीआई भी छात्रों के समर्थन में आया। जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय के गेट नंबर चार और सात के बाहर पुलिस तैनात है। जिस स्थान पर छात्र भूख हड़ताल पर बैठे हैं, वहां फिलहाल शांति है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने गेट बंद रखने के निर्देश दिए हैं, जिसके चलते किसी को भी अंदर जाने की अनुमति नहीं है।

शिल्पा राव की परफॉर्मेंस बीच में रोकी गई



माइक बंद हुआ, स्टेज की लाइटें बुझीं, सिंगर बोलीं- यह बहुत दुख देता है, आयोजकों ने माफी मांगी

मुंबई। बॉलीवुड म्यूजिक प्रोजेक्ट के 10वें एडिशन में मुंबई के जियो वर्ल्ड गार्डन्स में नेशनल अवॉर्ड विनर सिंगर शिल्पा राव की परफॉर्मेंस अचानक रोक दी गई। शिल्पा का माइक दो बार बंद किया गया। परफॉर्मेंस के दौरान मेन स्टेज की लाइट बंद कर दी गई और उसी समय दूसरे स्टेज पर सिंगर कुटले खान का शो शुरू हो गया। बाद में शिल्पा ने इंस्टाग्राम पर लिखा कि इस तरह की घटना से दुख होता है। वहीं, घटना को लेकर आयोजकों ने माफी मांगी। बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के अनुसार, बॉलीवुड म्यूजिक प्रोजेक्ट में दो स्टेज थे। एक बड़ा मेन स्टेज था और दूसरा छोटा स्टेज उसके बाईं तरफ था। पहले मेन स्टेज पर कोई सिंगर या ग्रुप परफॉर्म करता था। इसके बाद दूसरे स्टेज पर कलाकार अपनी प्रेजेंटेशन देते थे। उनकी परफॉर्मेंस खत्म होने के बाद अगले कलाकार मेन स्टेज पर आ जाते थे। कार्यक्रम तय समय से पीछे चल रहा था। शिल्पा राव की परफॉर्मेंस शाम 7:45 से 8:15 बजे तक होनी थी। वह करीब 8:30 बजे स्टेज पर पहुंचीं। उन्होंने फिल्म अनवर (2007) का गाना तोसे नैना लागे गाकर शो शुरू किया। शुरुआत में परफॉर्मेंस शानदार रही।

नैनो न्यूज

- **महाराष्ट्र** : जलगांव में आरएसएस के पथ संचलन के दौरान हंगामा, मस्जिद के सामने विरोध के बाद लाठीचार्ज।
- **छत्तीसगढ़** : शिक्षकों-कर्मचारियों को अब छुट्टी के लिए करना होगा ऑनलाइन आवेदन, जारी हुआ आदेश।
- **पंजाब**: चुनाव से पहले कांग्रेस को झटका, रमिंदर सिंह ने थामा शिरोमणि अकाली दल का दामन।
- **तेहरान** : आज ईरान पर हमला कर सकता है अमेरिका, ट्रम्प ने कहा- हमें बड़ी डील की भी उम्मीद, ईरान को परमाणु हथियार बनाने नहीं देना चाहते।
- **वाशिंगटन** : अमेरिकी स्टार्टअप का पारे से सोना बनाने का दावा, क्या हीरे की तरह सस्ता होगा गोल्ड, पहले भी 2 बार लैब में कोशिश हो चुकी।
- **ताइवान** : राजदूत ने 'धुरंधर' की तारीफ करते हुए कहा, पिछले साल देखी फिल्मों में सबसे शानदार लगी, आमिर-शाहरुख को भी सराहा।
- **इजरायल** : नेतन्याहू ने परमाणु बम गिरने की एआई तस्वीर पोस्ट की, कहा- ईरान के पास परमाणु हथियार होना बड़ा खतरा; विपक्ष बोला- डर फैला रहे पीएम।

पटना में कांग्रेस के कार्यक्रम में हंगामा, जब तक देश में विद्रोह नहीं होगा, मोदी सरकार नहीं हटेगी कहने पर युवक को पीटा

खड़गे गुस्सा होकर बोले- मोदी क्या उसका बाप भी जाएगा

एजेंसी ▸▸ पटना

पटना में रविवार को कांग्रेस के कार्यक्रम में हंगामा हो गया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे बापू सभागार में भाषण दे रहे थे। तभी एक शख्स उठकर बोला कि मोदी जी नहीं जाने वाले हैं। जब तक देश में विद्रोह नहीं होगा, मोदी सरकार नहीं हटेगी।

इस पर खड़गे गुस्सा होकर बोले- मोदी क्या उसका बाप भी जाएगा। यह बात उन्होंने 3 बार दोहराई। इसके बाद वहां मौजूद लोगों ने उस शख्स की पिटाई कर दी, जिसने कहा था- मोदी नहीं जाने वाले। मल्लिकार्जुन खड़गे पटना में बिहार के पहले मुख्यमंत्री डॉ. श्रीकृष्ण सिंह की 139वीं जयंती समारोह को संबोधित कर रहे थे।

बिहार में लोकतंत्र को मजबूत करने वाले नायक थे श्री बाबू- कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि श्री बाबू आधुनिक बिहार में लोकतंत्र को मजबूत करने वाले नायक थे। आज कई जगह लैंड रिफॉर्म्स के कानून आए हैं, उसके लिए इंदिरा गांधी ने तो बहुत काम किया था। 1937 में बिहार में कांग्रेस की पहली सरकार श्री कृष्ण बाबू के नेतृत्व में बनी। इसके बाद आजाद भारत में 1947 में बिहार में सरकार बनी। उनके मुख्यमंत्री काल में जमींदारी प्रथा खत्म, भूमि सुधार और चकबंदी एक्ट आई।



सोशलिस्ट नीतीश बीजेपी-आरएसएस की गोद में जाकर बैठे

खड़गे ने कहा कि नीतीश कुमार सोशलिस्ट विचारधारा को लेकर आगे बढ़ें, लेकिन अब बीजेपी-आरएसएस की गोद में जाकर बैठ गए हैं। जब आदमी के पास कमजोरी आती है, तब आईडियोलॉजी के ऊपर से विश्वास उठ जाता है। हमें तो सभी ने मारा, फिर भी हम और मेरे लीडर राहुल गांधी जिंदा है और लड़ रहे हैं। लोगों के लिए मर रहे हैं। जब तक इस देश में आरएसएस की आईडियोलॉजी खत्म नहीं होगी, तब तक इस देश में शांति नहीं आएगी। शांति को भंग करने वाले यही लोग है। आज भी छुआछूत करने वाले लोग आरएसएस में भरे पड़े हैं।

चुनाव आयोग और मोदी सरकार के बीच सांठ-गांठ

मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि श्रीकृष्ण बाबू के समय में कुछ काम हुए या नेहरू के शासन में कोई तरक्की हुई तो बीजेपी के लोग बोलते हैं कि हमने किया। बीजेपी वाले वर्तमान की बात न करके नेहरू-इंदिरा काल में चले जाते हैं। पिछले दिनों जो कुछ घटना घटी है, उससे पता चल रहा है कि चुनाव आयोग और मोदी सरकार के बीच बड़ी सांठ-गांठ हुई है। ज्ञानेश कुमार के आने के बाद मोदी जी ने.ऐसा कानून लाया कि कुछ भी गलती कर लो उन्हें 12 खून माफ है। सीईसी की कमेटी में सिलेक्शन करने के लिए तीन लोग रहते थे। चीफ जस्टिस के साथ प्रधानमंत्री और अपोजिशन के लीडर शामिल होते थे। लेकिन अब मोदी सरकार ने चीफ जस्टिस को हटाकर मिनिस्टर को लेकर आए। हमने उनकी कई गलतियां पहले ही पकड़ ली थी। राहुल गांधी ने 10 महीने में 14 बार गलतियों के बारे में कहा और ज्ञानेश कुमार की गलतियों को बताया। बिहार की सरकार चोरी की सरकार है। हर जगह चोरों की सरकार है। जो चोरी करते हैं, उसे सबक सिखाना होगा।

भाजपा बोली- इनकी कार्यशैली माफियाओं जैसी

भाजपा ने एक्स पर खड़गे का वीडियो शेयर करके लिखा- कभी जिस भाषा को गुंडे-मवालियों से जोड़ा जाता था, आज कांग्रेस अध्यक्ष उसी भाषा का प्रयोग कर रहे हैं। यह राजनीतिक पार्टी नहीं, बल्कि एक माफिया गैंग प्रतीत होती है।

बिहार में पीएम की मां को अपशब्द कहे गए थे

बिहार के दरभंगा में 27 अगस्त 2025 को राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा के दौरान पीएम मोदी की मां को गाली दी गई थी। इसके विरोध में बिहार बंद किया गया और प्रदर्शन भी किए गए थे। पटना में बीजेपी और कांग्रेस कार्यकर्ताओं में मारपीट भी हुई थी। कई गाड़ियों में भी तोड़फोड़ की गई थी।

नसीम खान बोले- कांग्रेस प्रदेशभर में रैलियां, पदयात्राएं और जन-जागरण अभियान चलाएगी

मप्र में 42 लाख वोटरों के नाम काटे जाने का दावा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

देशभर में वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन को लेकर सियासी घमासान जारी है। कांग्रेस और इंडिया गठबंधन चुनाव आयोग की भूमिका पर सवाल उठाते हुए देशभर में आंदोलन की तैयारी कर रहे हैं। इसी बीच मध्यप्रदेश में वोटर लिस्ट से 42 लाख नाम काटे जाने का कांग्रेस दावा कर रही है।

कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य और मध्यप्रदेश के एआईसीसी ऑब्जर्वर मोहम्मद आरिफ (नसीम) खान ने रविवार को गांधी भवन स्थित कांग्रेस कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि पार्टी कार्यकर्ता गांव-गांव और बूथ-बूथ जाकर मतदाता सूची की जांच करेंगे। इसके लिए प्रदेशभर में रैलियां, पदयात्राएं और जन-जागरण अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन की प्रक्रिया में गड़बड़ियां हो रही हैं और मतदाताओं के अधिकार प्रभावित हो रहे हैं। इस दौरान पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे सहित अन्य नेता मौजूद रहे।



एमपी समेत देशभर में प्रदर्शन होंगे

कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के नेता दिल्ली के रामलीला मैदान में संविधान, लोकतंत्र और मतदान के अधिकार की रक्षा के लिए आवाज उठाएंगे। कांग्रेस वर्किंग कमेटी ने देशव्यापी अभियान चलाने का निर्णय लिया है। मध्यप्रदेश समेत देशभर में रैलियां, पदयात्राएं और जन-जागरण अभियान चलाए जाएंगे। कांग्रेस ने एसआईआर प्रक्रिया रद्द करने, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने और बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग की। नसीम खान ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग कांग्रेस के सवालों का स्पष्ट जवाब नहीं दे रहा है और भाजपा के प्रवक्ता जवाब दे रहे हैं।

गांव-गांव पहुंचेगी कांग्रेस, बूथ स्तर पर होगी वोटर लिस्ट की जांच

कांग्रेस ने इस मुद्दे को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर अभियान चलाने की रणनीति बनाई है। नसीम खान ने बताया कि पार्टी कार्यकर्ता मतदाता सूचियां लेकर गांवों और बूथों तक जाएंगे। वे नामों की जांच करेंगे और जिन मतदाताओं के नाम सूची से गायब मिलेंगे, उनके मामलों की पड़ताल कर नाम जुड़वाने की प्रक्रिया में मदद करेंगे। अभियान के तहत जगह-जगह रैलियां निकाली जाएंगी, पदयात्राएं होंगी और जन-जागरण कार्यक्रम चलाए जाएंगे। चौपालों पर बैठकें करने के साथ जिला मुख्यालयों पर भी बैठकें आयोजित की जाएंगी। कांग्रेस का दावा है कि इस अभियान के जरिए मतदाता सूची से जुड़े मुद्दों को आम लोगों तक पहुंचाया जाएगा।

कांग्रेस ने उठाए सवाल

नसीम खान ने कहा कि मध्यप्रदेश में मतदाता सूची से करीब 42 लाख नाम काटे गए हैं। इतनी बड़ी संख्या में नाम हटाए जाने का मामला गंभीर है और इसकी जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में मध्यप्रदेश में कांग्रेस की हार करीब 32 लाख वोटों के अंतर से हुई थी। खान ने कहा कि चुनाव आयोग एक निष्पक्ष संस्था है और देश की जनता को उससे पारदर्शी तरीके से काम करने की उम्मीद है। उन्होंने मांग की कि मतदाता सूची में कथित गड़बड़ियों की जांच हो और जिन पात्र मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं, उन्हें दोबारा जोड़ा जाए।

महेश्वर के घाट पर मिले इंदौर के 343 वोटर कार्ड

ज्ञानेश कुमार पर एफआईआर लिखाने कांग्रेस का धरना



नेता बोले- वोट चोरी के खुलेआम सबूत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महेश्वर

खरगोन जिले के महेश्वर में इंदौर के 343 वोटर कार्ड मिले हैं। रविवार दोपहर सफाई अभियान से जुड़ी संस्था के सदस्यों को ये कार्ड नर्मदा नदी में तैरते और किनारे पड़े मिले। कार्ड पर इंदौर के तिलक नगर, आस्था पैलेस सहित अन्य पते दर्ज हैं।

इंदौर से करीब 90 किलोमीटर दूर इतनी बड़ी संख्या में कार्ड मिलने के बाद कांग्रेस ने देश के चीफ इलेक्शन कमिश्नर ज्ञानेश कुमार के खिलाफ वोट चोरी की एफआईआर दर्ज कराने के लिए एक घंटे तक धरना दिया।

खरगोन जिला कांग्रेस अध्यक्ष रवि नाईक का दावा है कि कार्डों पर 2016 का साल दर्ज है, जबकि ये डिजिटल कार्ड हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि अगर डिजिटल कार्ड की शुरूआत 2021 में हुई तो इन पर 2016 कैसे दर्ज है। उन्होंने कहा कि वोटर आईडी के इपिक नंबर को सिस्टम में डालकर कार्डों की स्थिति पता की जा सकती है।

सबूतों को नष्ट करने की कोशिश

रवि नाईक के मुताबिक, यह जो वोटर आईडी आप देख रहे हैं। ये सब वोट चोरी के पुख्ता सबूत हैं। किसी भी एक आम व्यक्ति के पास इतनी बड़ी संख्या में वोटर आईडी होना संभव ही नहीं है। यह केवल चुनाव आयोग के स्तर पर ही हो सकता है। यह उन सबूतों को नष्ट करने की कोशिश है, जो वोट चोरी से जुड़े हैं। हम इन सभी वोटर कार्डों को लेकर मंडलेश्वर थाने पहुंचे। हमारी सीधी मांग थी कि ज्ञानेश कुमार के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए। नाईक ने कहा- इंदौर के ये वोटर आईडी मंडलेश्वर कैसे पहुंचे? कौन व्यक्ति इन्हें लेकर आया और इन्हें नर्मदा जी में क्यों फेंका गया? इसके पीछे क्या मंशा थी? हम चाहते हैं कि एफआईआर दर्ज कर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच हो।

इंदौर प्रशासन से भी जानकारी मांगी है-

एसडीओपी श्वेता शुक्ला के मुताबिक, संबंधित चुनाव कार्यालय व इंदौर प्रशासन से भी पत्राचार कर जानकारी जुटाई जा रही है।

कथा पंडाल में लगी आग पर तत्काल काबू पा लिया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शिवपुरी

जिले के करैरा में एक बड़ा हादसा होते-होते बच गया। यहां बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की श्रीराम कथा शुरू होने से ठीक पहले रविवार दोपहर करीब 3:10 बजे मुख्य पंडाल के डोम के ऊपरी हिस्से में अचानक आग लग गई। गनीमत यह रही कि समय रहते स्थिति पर काबू पा लिया गया, जिससे कोई बड़ा नुकसान या जनहानि नहीं हुई।

मोदी ने वाराणसी में एयरशो देखा

वाराणसी। पीएम मोदी ने रविवार को वाराणसी के नमो घाट पर एयर शो देखा। शो में 100 विमानों ने हिस्सा लिया। इनमें राफेल और सुखोई जैसे 52 लड़ाकू विमान भी शामिल थे। पीएम मोदी के साथ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और सीएम योगी ने भी एयर शो देखा। एयरशो में राफेल विमान ने कम ऊंचाई पर कलाबाजियां दिखाईं। विमान ऊपर जाते-जाते अचानक नीचे मुड़ जाता तो कभी गोल चक्कर लगाने लगता।

नवंबर के माह में 16 दिन बैंकों में काम नहीं होगा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

अगले महीने यानी नवंबर में अलग-अलग राज्यों व शहरों में कुल 16 दिन बैंक बंद रहेंगे। 5 रविवार और दूसरे-चौथे शनिवार के अलावा 9 दिन अलग-अलग जगहों पर बैंकों में कामकाज नहीं होगा। ऐसे में अगर आपको नवंबर में बैंक से जुड़ा कोई जरूरी काम हो तो इन छुट्टियों के दिनों को छोड़कर आप बैंक जा सकते हैं।

14 नवंबर को महीने का दूसरा शनिवार होने की वजह से देशभर के बैंक बंद रहेंगे। 28 नवंबर को महीने का चौथा शनिवार है, इस दिन भी देश के सभी बैंकों की छुट्टी रहेगी। रविवार की छुट्टी 1 नवंबर, 8 नवंबर, 15, 22 और 29 नवंबर को रहेगी। आप बैंकों की छुट्टी के बावजूद ऑनलाइन बैंकिंग और एटीएम के जरिए पैसे का लेनदेन या अन्य काम कर सकते हैं। इन सुविधाओं पर बैंकों की छुट्टियों का कोई असर नहीं पड़ेगा।

मौसम विभाग की चेतावनी

बंगाल की खाड़ी के ऊपर बने कम दबाव के क्षेत्र से चक्रवात का खतरा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली



भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने बंगाल की खाड़ी में एक बड़े चक्रवाती तूफान के पनपने को लेकर अलर्ट जारी किया है। पूर्व-मध्य और संलग्न दक्षिण-पूर्वी बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना कम दबाव का क्षेत्र तेजी से मजबूत हो रहा है।

मौसम विभाग के अनुसार, यह प्रणाली 26 अक्टूबर की सुबह तक चक्रवाती तूफान में तब्दील हो जाएगी। इसके बाद यह पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा की ओर बढ़ते हुए 28 अक्टूबर की सुबह तक उत्तरी आंध्र प्रदेश और उससे सटे दक्षिण ओडिशा तट के करीब पहुंच सकती है। मौसम विभाग द्वारा जारी विशेष बुलेटिन के अनुसार, इस मौसमी प्रणाली में चरणबद्ध तरीके से तेजी आ रही है। यह प्रणाली पहले डिप्रेशन और फिर गहरे अवदाब में बदलेगी, जिसके बाद 26 अक्टूबर की सुबह तक यह चक्रवाती तूफान का रूप ले लेगी।

महंगाई के खिलाफ सड़कों पर उतरे लाखों लोग, पेरिस में पुलिस ने आंसू गैस छोड़ी

फ्रांस में प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज, 1 हजार गिरफ्तार

एजेंसी ▸▸ पेरिस

फ्रांस में महंगाई, स्कूलों की बदहाली और पुलिस की सख्ती के खिलाफ शनिवार को लाखों लोग सड़कों पर उतर आए। पेरिस समेत कई शहरों में प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

पेरिस में मार्च के अंत में पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज किया और आंसू गैस छोड़ी। गृह मंत्रालय के मुताबिक, देशभर में करीब 1 हजार लोगों को गिरफ्तार किया गया।

सरकारी आकंड़ों के मुताबिक प्रदर्शनों में करीब 4 लाख लोग शामिल हुए। दूसरी तरफ ट्रेड यूनियनों ने 8 लाख लोगों के शामिल होने का दावा किया।



पेरिस के अलावा लियोन, लिली, मॉन्टपेलियर, नांत और टूलूज में भी प्रदर्शन हुए। पुलिस ने इन शहरों में प्रदर्शनकारियों को मुख्य इलाकों तक पहुंचने से रोकने के लिए आंसू गैस छोड़ी। मार्सेई में भी पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़पें हुईं।

पेरिस में 1.10 लाख लोग जुटे, पुलिस ने आंसू गैस छोड़ी

सरकारी अनुमान के मुताबिक, पेरिस में करीब 1.10 लाख लोगों ने मार्च निकाला। प्रदर्शनकारियों ने महंगाई, सरकार की पुलिस व्यवस्था और स्कूलों में सुविधाओं की कमी के खिलाफ आवाज उठाई। उनके हाथों में ऐसे बैनर थे, जिन पर लिखा था- 'दमन से विद्रोह पैदा होता है' और 'प्रदर्शन करना हमारा अधिकार है'। शुरूआत में प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा। इसमें छात्र, अभिभावक और बुजुर्ग भी शामिल हुए। हालांकि, मार्च खत्म होने के दौरान कुछ नकाबपोश लोगों ने पुलिस पर पत्थर और कांच की बोतलें फेंकीं। कुछ जगह कूड़ेदानों में आग लगाई गई और पुलिस की ओर पटाखे फेंके गए।



महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का रविवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

खुसूर-फुसूर

दुरूपयोग न हो जाए तफ्तीश के दौरान का मामला

वर्दी हमारी सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था के पालन के लिए है। इसकी कार्यप्रणाली लोकतंत्र में कानून व्यवस्था को बनाए रखना एवं आमजन के आपराधिक कृत्यों की रोकथाम के साथ ऐसे लोगों पर कार्रवाई करना है। हाल ही के दिनों में दो-चार दिनों के आगे पीछे जिले के दो आरक्षी केंद्रों के तहत वर्दी पर अपने कर्म के दौरान हमले के मामले सामने आए हैं। इस तरह के मामलों में पूरी सख्ती के साथ कार्रवाई की जाना चाहिए। इस तरह के दुःसाहसी लोगों पर नियम एवं कानून के तहत कार्रवाई की जाना आवश्यक है। ऐसे आरोपियों पर कार्रवाई के दौरान तफ्तीश करते समय इस बात का पूरा ध्यान रखा जाना चाहिए कि जिन कर्मियों के साथ आपराधिक कृत्य की स्थिति ऐसे लोगों ने निर्मित की थी उन्हें तफ्तीश के दौरान सार्वजनिक कार्रवाई के दौरान कतई शामिल नहीं किया जाना चाहिए। उसके पीछे के कई विधिक कारण भविष्य में अपराधी को राहत मिलने में कारगर हो सकते हैं। प्रभावित वर्दी धारी के इस दौरान शामिल रहने पर यह भी मुद्दा बन सकता है कि उसने कार्रवाई में पूर्वाग्रह और दुराग्रह से द्वेष निकाला और सार्वजनिक की गई कार्रवाई का दुरूपयोग किया गया। आधुनिक युग के स्क्रीन शाट, रिकार्डिंग और वीडियो से विधिक प्रक्रिया के दौरान इससे सवालिया निशान खड़े होना लाजिमी है। खुसूर-फुसूर है कि हाल ही के घटनाक्रम में सोश्यल मीडिया में वायरल हो रहे ग्रामीण क्षेत्र के मामले में सार्वजनिक कार्रवाई के दौरान ग्रामीण अंचल में प्रभावित टू स्टार भी उसमें शामिल रहे। उनकी कार्रवाई को इसी दायरे में देखा जा रहा है और इस पर सवाल भी खड़े किए जा रहे हैं। विधिक स्थिति में ऐसे वीडियो का उपयोग भी किया जा सकता है। ऐसे मामलों में पूर्व से ही कई सारे निर्णय हैं और अगर उसमें पूर्वाग्रह और दुराग्रह सामने आता है तो आरोपित के लिए वह विधिक प्रक्रिया में हितकर हो जाता है जिसका लाभ लेते हुए वह अपने आप को निर्दोष प्रमाणित करने की पहल कर सकता है। इससे वर्दी के किए कराए पर पानी फिरने की आशंका तो जन्म लेती ही है साथ ही ऐसे आरोपियों के छुटने पर अन्य भी ऐसे अपराध की हिमाकत करने लगते हैं।

नैनो न्यूज

- **भगवान** महर्षि वाल्मीकि जी प्रकटोत्सव के अवसर पर श्री क्षेत्र वाल्मीकि धाम आश्रम पहुंचकर मुख्यमंत्री करेंगे भगवान महर्षि वाल्मीकि जी को माल्यार्पण
- **दशहरा मिलन समारोह** का हुआ आयोजन कार्यकारिणी में महिलाओं को सौंपी जिम्मेदारी, 24 खंबा महाकाल घाटी स्थित क्षत्रिय मराठा समाज की धर्मशाला में दशहरा मिलन समारोह का आयोजन किया गया।
- **आलौकिक** चातुर्मास में सम्यक चरित्र पद की आराधना पर हुआ भावपूर्ण विवेचन
- **युवाओं को** एक जाजम पर आने का आह्वान, कुरीतियों का विरोध, गुजराती रामी माली समाज युवा संगठन का दशहरा मिलन समारोह संपन्न, प्रदेश पदाधिकारियों का हुआ सम्मान
- **इंदौर के** गुमाश्ता नगर स्थित श्री वैष्णव स्पोर्ट्स एकेडमी में आयोजित 5वीं द एंडलेस रिंक रोलर स्केटिंग स्पर्धा में उज्जैन के शिव रोलर स्केटिंग अकादमी के 20 खिलाड़ियों ने पदक प्राप्त किए। इसमें 8 खिलाड़ियों ने स्वर्ण, 6 खिलाड़ियों ने रजत पदक प्राप्त किए।
- **दिवंगत 30 शिक्षकों** के परिवारों को 8.20 करोड़ रु. की आर्थिक सहायता, कर्मचारी कल्याण कोष योजना बनी दिवंगत शिक्षकों के परिवारों का सहारा
- **विचारों, व्यवहार** और भावनाओं में चेतन रहना ही सच्ची आध्यात्मिक जागृति, 79वें निरंकारी संत समागम में गूंजा एकत्व का संदेश, सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज को मिला ग्लोबल पीस अवॉर्ड
- **शरद पूर्णिमा** पर मत्स्येंद्रनाथ समाधि स्थल पर आज मनेगा शरदोत्सव, निकलेगा चल समारोह, पिपलीनाका से शाम 6 बजे शुरू होगी यात्रा, रात 11 बजे महाआरती के बाद बंटेगी खीर
- **माँ राजराजेश्वरी** अन्नपूर्णा के दरबार में हुई महाआरती, नवरात्रि की पूर्णाहुति पर अन्नपूर्णा ग्रुप ने स्व. सुभाष यादव की स्मृति में किया विशाल भंडारा
- **श्री महाराष्ट्र समाज** के शरदोत्सव में गूंजे जय जय राम कृष्ण हरि के भजन, पुणे और मुंबई के कलाकारों ने दी शास्त्रीय और भक्ति संगीत की मनमोहक प्रस्तुति
- **संभाग स्तरीय** क्रॉस कंट्री में 16 कॉलेजों के खिलाड़ियों ने लगाया दम, श्रवण और साक्षी रहे अव्वल, निर्मला कॉलेज बना एथलेटिक्स की इस प्रतियोगिता का आयोजन करने वाला संभाग का पहला संस्थान
- **मेट्रोमोनियल** के रिश्तों की उम्र छोटी, परिचय सम्मेलन में जुड़े रिश्ते जीवन भर साथ निभाते हैं - पूर्व न्यायाधीश ईश्वर सहाय श्रीवास्तव
- **सीरतुन्नबी** कमेटी के 14 वें प्रादेशिक स्तरीय तकरीरी मुकाबला (भाषण प्रतियोगिता) एवं क्विज कॉन्टेस्ट का भव्य समापन
- **खेलो इंडिया** अस्मिता वूमेन्स वेटलिफ्टिंग सिटी लीग में 67 महिला खिलाड़ियों ने किया शक्ति प्रदर्शन

जनसंपर्क विभाग ने बिंदुवार मामले को असत्य, भ्रामक बताते हुए दावा और सच को रखा

आरोप पर जांच के पहले ही प्रशासन का भ्रामक होने का दावा

देवास तहसील से लेकर संभाग तक प्रशासनिक गुत्थमगुत्था स्थिति, 5 सदस्यीय समिति को लेकर उठे सवाल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

देवास जिला मुख्यालय से लगे ग्राम चंदाना में चालू माह में मौतों के सिलसिले को लेकर सोश्यल मीडिया से उठे मुद्दे पर विपक्ष कांग्रेस गांव पहुंची एवं प्रभावितों से जानकारी लेकर आरोप लगाए हैं। इन आरोपों को लेकर जिला प्रशासन ने भ्रामक होने का दावा किया है। मध्यप्रदेश शासन के जनसंपर्क विभाग ने मौतों का विवरण देते हुए इसे असत्य और भ्रामक बताते हुए दावा और सच के साथ प्रसारित किया। बात यहीं नहीं रूक रही है इस मामले पर संभाग से अलग-अलग अधिकारियों की 5 सदस्यीय समिति बनाकर उससे अगले 15 दिनों में जांच करवाई जा रही है। इससे आरोपों के बीच प्रशासनिक दावा गुत्थम गुत्था हो रहा है।

अक्टूबर माह के प्रथम पखवाड़े में देवास जिला मुख्यालय से कुछ किलोमीटर दूर ग्राम चंदाना में हुई करीब एक दर्जन मौतों को लेकर सोश्यल मीडिया पर मुद्दा उठा। इसे जहरीली शराब सेवन से मौतें होना बताया गया। इस मामले मे विपक्ष कांग्रेस भी गांव पहुंची और मृतकों के परिजनों से मुलाकात की और देवास जिला प्रशासन को प्रदेश कांग्रेस मुखिया जीतू पटवारी ने शनिवार को हासिए पर लेते हुए सवाल दागे। शनिवार को ही देवास प्रशासन की और से एसडीएम अभिषेक शर्मा ने पूरे मामले को तथ्यहीन एवं भ्रामक करार देते हुए अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की नागरिकों से अपील कर दी। शनिवार को ही मध्यप्रदेश शासन के जनसंपर्क विभाग ने पूरे मामले में आरोपों को सिलसिलेवार रखते हुए असत्य,भ्रामक बताया और दावा और सच को रखा।

देवास एसडीएम अभिषेक शर्मा का जनसंपर्क विभाग ने वीडियो जारी किया है। जिसमें वे प्रारंभिक स्तर पर ही खबर को पूर्णतः भ्रामक बता रहे हैं। शनिवार को जारी अपने वीडियो बयान में श्री शर्मा ने कहा कि चंदाना में कुछ भ्रामक खबर अभी संज्ञान में आई थी कि वहां पर जहरीली शराब का सेवन करने से कुछ लोगों की मृत्यु हुई है। खबर पूर्णतः भ्रामक है। पिछले इस अक्टूबर माह में चंदाना में कुछ लगभग 10 लोगों की मृत्यु हुई है। इनमें से दो महिलाएं बुजुर्ग महिलाएं हैं जो 70 साल से अधिक उम्र की हैं। उनकी नेचुरल डेथ हुई है और इसके अलावा तीन पुरुष ऐसे हैं जो 65 साल सेअधिक उम्र के हैं। उनकी भी नेचुरल डेथ हुई है। एक वहां सुनील नाम के व्यक्ति की भी डेथ हुई थी जो अपने परिवार के साथ नेमावर में स्नान के लिए गया था और वहां स्नान के दौरान उसकी तबीयत खराब हुई जो बाद में उसे हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां ब्रेन हेमरेज से उसकी डेथ हुई थी। इसकेअलावा दो लोगों की और जो डेथ हुई थी, राहुल और दिलीप करके जो है वह गांव में अपने खेत में काम कर रहे थे। उनके द्वारा भी शराब का सेवन नहीं किया गया। वहां उनकी मृत्यु हुई। एक ओमप्रकाश नाम के व्यक्ति की मृत्यु हुई है। उसका पोस्टमार्टम भी कराया है और उसके पोस्टमार्टम में भी ऐसा कोई नहीं आया है। इसके अलावा शहर में भी कहीं हॉस्पिटल में जहरीली शराब का सेवन करके लोगों के भर्ती होने या ऐसी कोई भी तथ्य संज्ञान में नहीं आया। ऐसी कोई भीघटना नहीं हुई है तो यह जो खबर है, यह पूर्णतः भ्रामक खबर है। लोगों की जो मृत्यु हुई है वह अधिक उम्र में नेचुरल डेथ होने के कारण या ब्रेन हेमरेज और अन्य कारणों से नहीं है। इस तरह से कोई पुष्टि नहीं हुई है और आप भी देखेंगे। आप आपने भी देखा होगा कि यहां पूरे जिले में, शहर में, हॉस्पिटल में ऐसे केस नहीं आए हैं। कहीं पर भी जहां पर कि ऐसा कुछ सेवन करने से लोग लोगों की तबीयत खराब हुई हो, अचानक से और उनको भर्ती कराया गया हो। कुछ महिलाएं जैसे मैंने आपको बताया, उनकी उम्र ज्यादा थी। 70 साल सेअधिक की थी या दो तीन पुरुष जो है वह 65 साल से अधिक उम्र के थे। उनकी नेचुरल डेथ हुई। यह खबर जो है भ्रामक खबर है।

एसडीएम अभिषेक शर्मा ने पूर्णतः भ्रामक बताया

ऐसे गुत्थम-गुत्था मामला

देवास के प्रशासनिक अधिकारी मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं आने की जानकारी भी दे रहे हैं और यह पूरे मामले में असत्य एवं भ्रामक होने का दावा भी उनके द्वारा किया जा रहा है। यही नहीं लोक हित के प्रसारण जारी करने वाला विभाग जनसंपर्क भी पूरे मामले में दावा और सच के आधार पर मृतकों की स्थिति को रख रहा है। तमाम दावा, असत्य, भ्रामक एवं सच के बाद में संभागीय स्तर से जांच समिति बनाई जाती है। सवाल यह उठ रहा है कि जब असत्य, भ्रामक का दावा शासन स्तर की बड़ी एजेंसी से ही किया जा चुका है तो फिर संभागीय स्तर से गठित जांच समिति की जांच ही कटघरे में देखी जाएगी।

पटवारी एवं यादव पहुंचे थे गांव

देवास के ग्राम चंदाना और बिजाना में हुई संदिग्ध मौतों के मामले में शनिवार को मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव ने गांव में अलग-अलग घरों में जाकर मृतकों के परिजनों से मुलाकात की और घटना की जानकारी ली थी। परिजनों ने उन्हें शराब पीने के बाद आंखों में धुंधलापन, रोशनी चले जाना, घबराहट और उल्टी जैसी शिकायतें सामने आ रही थीं। कई लोगों की अस्पताल ले जाने के दौरान, अस्पताल में और कुछ की रास्ते में ही मौत होने की जानकारी दी थी। ग्रामीणों का आरोप था कि गांव में डायरी सिस्टम पर शराब बेची जा रही है, जिसके कारण ये मौतें हुई हैं। ग्रामीणों से मिलने के बाद जीतू पटवारी देवास कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। वहां उन्होंने प्रभारी कलेक्टर दलीप कुमार, एडीएम शोभाराम सोलंकी, एसडीएम अभिषेक शर्मा और तहसीलदार हरिओम ठाकुर से पूरे मामले की जानकारी ली। कांग्रेस पार्टी ने जिला प्रशासन पर आरोप लगाया कि प्रशासन ने समय रहते कार्रवाई नहीं की, जिस वजह से मौतों का आंकड़ा बढ़ा है।

उज्जैन संभागायुक्त ने गठित किया जांच दल- देवास में मौतों पर आरोप के बीच देवास प्रशासन एवं जनसंपर्क विभाग के भ्रामक होने का दावा किए जाने के बाद शनिवार देर रात संभागायुक्त उज्जैन आशीषसिंह ने मामले में 5 सदस्यीय जांच दल गठित करते हुए उससे 15 दिनों में जांच रिपोर्ट मांगी है। जांच दल में संभाग के अलग अलग जिलों के प्रशासन एवं पुलिस के साथ चिकित्सा अधिकारी शामिल किए गए हैं। जांच आदेश में उल्लेखित किया गया है कि समाचार पत्रों के माध्यम से संज्ञान में आया है कि जिला देवास के ग्राम चंदाना एवं बिंजाना में विगत एक माह के भीतर कुछ व्यक्तियों की मृत्यु हुई है। उक्त घटना की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए मृत्यु के कारणों, परिस्थितियों एवं अन्य संबंधित तथ्यों की विस्तृत जांच किया जाना आवश्यक है। घटना की जांच हेतु अपर कलेक्टर उज्जैन प्रथम कौशिक, (भा.प्र.से.) की अध्यक्षता में रामस्नेही मिश्रा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (गरोठ) मंदसौर सदस्य, लेखराज मीणा, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस, सैलाना रतलाम सदस्य, हर्षवर्धन राय, उप आबकारी आयुक्त, संभागीय उड़नदस्ता उज्जैन सदस्य, डॉ. दीपक कुमार पिप्पल, क्षेत्रीय संचालक, लो.स्वा. एवं चिकि.शि उज्जैन सदस्य अधिकारियों का दल गठित किया गया है। उक्त जांच अधिकारी निष्पक्ष एवं विस्तृत जांच कर तथ्यात्मक प्रतिवेदन 15 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करेंगे।

ऐसे रखा जनसंपर्क विभाग ने दावा और सच

ग्राम चंदाना में जहरीली शराब से मौतों का भ्रामक दावा, अफवाहों पर ध्यान न दें नागरिक।
1 से 15 अक्टूबर के मध्य सामान्य बीमारियों, वृद्धावस्था व स्वास्थ्यगत कारणों से हुईं 10 मौतें, पोस्टमार्टम में जहर की पुष्टि भी नहीं।
सोशल मीडिया पर देवास के ग्राम चंदाना में जहरीली शराब के सेवन से 15 से 20 व्यक्तियों की मृत्यु होने संबंधी प्रसारित की जा रही खबरों असत्य और भ्रामक हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि गांव में दर्ज हुई मौतें जहरीली शराब के कारण नहीं बल्कि वृद्धावस्थाजनित कारणों, सामान्य बीमारियों, ब्रेन हेमरेज एवं अत्यधिक शराब के सेवन से हुई हैं।

- **दावाः** जहरीली शराब पीने से 15 से 20 ग्रामीणों की मृत्यु हुई
- **सचः** 1 से 15 अक्टूबर 2026 के बीच ग्राम चंदाना में कुल 10 मृत्यु दर्ज हुई हैं। इनमें से किसी भी व्यक्ति की मृत्यु जहरीली शराब से नहीं हुई है।
- **दावाः** गांव में जहरीली शराब की आपूर्ति की गई।
- **सचः** जांच के दौरान जब्त की गई शराब वैध व लाइसेंसी दुकानों की है। रासायनिक परीक्षण एवं पोस्टमार्टम में किसी भी प्रकार के जहर की पुष्टि नहीं हुई है।
- **दावाः** जहरीली शराब पीने से कई लोग अस्पतालों में भर्ती हैं।
- **सचः** जिले अथवा आसपास के किसी भी स्वास्थ्य केंद्र व अस्पताल में जहरीली शराब के सेवन, दृष्टि दोष या विषाक्तता से संबंधित एक भी मरीज भर्ती नहीं हुआ है।

1 से 15 अक्टूबर के मध्य दर्ज 10 मौतों का वास्तविक विवरण निम्नानुसार है:

- **वृद्धावस्था व सामान्य कारणों से निधन (5 व्यक्ति):** श्रीमती तेजूबाई एवं श्रीमती सुखबाई (उम्र 70 वर्ष से अधिक) का निधन प्राकृतिक कारणों से हुआ। वहीं लखन सिंह, बालू सिंह एवं मोहन जारोला (उम्र 65 वर्ष से अधिक) का निधन सामान्य स्वास्थ्यगत कारणों व वृद्धावस्था के चलते हुआ।
- **आकस्मिक व अन्य स्वास्थ्य कारणों से मृत्यु (3 व्यक्ति):** सुनील चौधरी की मृत्यु नेमावर में ब्रेन हेमरेज होने के कारण हुई। इसके अतिरिक्त दिलीप एवं राहुल की मृत्यु खेत में कार्य करते समय आकस्मिक कारणों से हुई; परिजनों व ग्रामीणों के अनुसार घटना दिवस पर उनके द्वारा शराब का सेवन नहीं किया गया था।
- **दीर्घकालिक बीमारी व अत्यधिक शराब सेवन (2 व्यक्ति):** ओमप्रकाश (35 वर्ष) एवं भीमा पिता काशीराम (60 वर्ष) दोनों पूर्व से अस्वस्थ थे। मजदूरी करने वाले इन दोनों व्यक्तियों की मृत्यु पूर्व की बीमारियों और अत्यधिक शराब पीने की आदत के चलते स्वास्थ्य बिगड़ने से हुई।जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही तथ्यहीन और सनसनीखेज अफवाहों पर विश्वास न करें।

नगरनिगम गैंग की उदासीनता के चलते राहगीर परेशान

बीच सड़क पर गो- पालन, राहगीर बेबस

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मुख्यमंत्री के शहर में चल रहे चौड़ीकरण व विकास कार्य सराहनीय हैं पर इसकी एक बड़ी कीमत भी स्थानीय रहवासियों को चुकाना पड़ रही है। चारों तरफ धूल के बवंडर और नीचे खुदी हुई उबड़-खाबड़ सड़क पर जब रहवासी हिचकोले खाते हुए चलते हैं तो भगवान याद आ जाते हैं। ईश्वर से सुरक्षित घर पहुंचा देने की कामना लोगों की नियति में शुमार हो चुका है।

सीवरेज पाइप लाइन डालने से लगभग सभी रोड उखड़ी हुई हैं। कॉलोनियों की अंदरूनी सड़कें तो वैसे ही संकरी हैं ऊपर से कुछ लोग घर के बाहर बागवानी के नाम पर, देवस्थान के नाम पर भी अतिक्रमण किए हुए हैं। कुछ लोग बड़ी-बड़ी कार व चौपहिया वाहन रोड पर खड़े रखकर अपने रसूख का दंभ भरने मे भी पीछे नहीं हैं, परिणामस्वरूप आमजन को आवाजाही में काफी परेशानी उठाना पड़ रही है। अपने इगो और अकड़ के चलते कुछ लोग दूसरों की सुविधाओं का गला घोंटने मे पीछे नहीं हैं। वार्ड क्रमांक 37 विवेकानंद कॉलोनी की पहली पट्टी के कोने पर तेजाजी मंदिर के बाहर ढेर सारी गाय मुख्य सड़क पर ही प्रतिदिन बंधी रहती हैं। यहीं पर वर्तमान में सीवरेज का काम चल रहा है और मलबे के ढेर व गड्ढे हो रहे हैं। इसके चलते राहगीर गड्ढों से बचते हुए किनारे से चलने की कोशिश कर रहे हैं किन्तु सड़क की एक ओर गाय बंधी होने से दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। लगातार दुर्घटनाओ के बावजूद मवेशी पालक अपने दंभ मे चूर होकर बेखौफ अपने मवेशी सडक पर ही बांध रहा है। इस बाबत जब आसपास के रहवासी कुछ बोलते हैं तो नंगे के नौ ग्रह बलवान वाली कहावत को सिद्ध करते हुए मवेशी पालक दादागिरी करते हुए विवाद करने लगता है। रहवासियों ने बताया कि मवेशीपालक बिजली के खंबे से भी गाय बांधता है जिससे एक खंबा पूरा तिरछा होकर झूल रहा है। आस पास गोबर होने से मक्खी मच्छर से पूरा मोहल्ला त्रस्त है। आश्चर्य का विषय है कि सभी को गोवंश सड़क पर बंधे दिख रहे हैं बस नगरनिगम के कर्मचारियों की आंखों पर शायद पट्टी बंधी है और कोई कार्रवाई नहीं हो रही। निगम की पशु पकड़नेवाली गैंग में बहुत सारे कर्मचारी व आधुनिक वाहन है बावजूद इसके गैंग कोई प्रभावी कार्यवाही नहीं कर रही है जिसका खामियाजा आमजन को उठाना पड़ रहा है।



लेन- देन का खेल

शहर में मवेशी पालकों और नगरनिगम पशु पकड़नेवाले दस्ते के बीच पर्दे के पीछे की यारी सर्वविदित है। जब भी गैंग पशु पकड़ने किसी नियत स्थान पर पहुंचने वाली होती है उसके पहले ही मवेशी पालक पहुंचकर अपने पशु हांक कर आसपास की संकरी गली मे छोड़ आते हैं। गैंग के जाते है पशु फिर मुख्य सडकों पर स्वच्छंद विचरण करते हुए दुर्घटनाओं को अंजाम देते हैं। अंदेशा है कि नगरनिगम पशु पकड़नेवाली गैंग का ही कोई व्यक्ति जयचंद बनकर मवेशी मालिकों को पूर्व सूचना मुहैया कराता रहता है और पर्दे के पीछे लेन देन और सभी की हिस्सेदारी से इंकार नहीं किया जा सकता है। इस सब के बीच बेबस लाचार जनता अपनी लाचारी पर रोती रहती है।

खौफजदा रहवासी शिकायत से बच रहे- तेजाजी मंदिर मेरे वार्ड का ही हिस्सा है। सड़क पर मवेशी बंधे होने से आसपास वालों को परेशानी हो रही है किन्तु वे एकजुट होकर शिकायती आवेदन देने से परहेज कर रहे हैं। इस संबंध में बहुत बार बोल चुका हूं। पहले एक दो बार नगरनिगम गैंग से मवेशी हटवा भी चुका हूं। लोग लिखित में आवेदन दें तो कार्यवाही के लिए प्रयास करूंगा।
सुरेन्द्र मेहर, पार्षद वार्ड - 37

दंडात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी- मेरे संज्ञान मे आया तो मैंने तुरंत स्पाट पर गैंग भेजकर मवेशी पालक से मवेशी हटवा दिए थे और भविष्य में सड़क पर बांधने की स्थिति मे दंडात्मक कार्यवाही की चेतावनी दी थी।
आनंद राठौड, स्वास्थ अधिकारी, नगरनिगम उज्जैन

चेतावनी बेअसर, फिर बंधे हुए सड़क पर

गैंग की चेतावनी पूरी तरह बेअसर नजर आ रही है। चेतावनी के एक दिन बाद ही पुनः ढेर सारे मवेशी रोड पर ही बंधे हुए जुगाली ले रहे हैं और नगरनिगम को ठेंगा दिखा रहे हैं।

लोगों को जाम से मिलेगा छुटकारा

नानाखेड़ा शांति पैलेस चौराहे का पुल बनकर तैयार, आज से आवागमन शुरू



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

नानाखेड़ा शांति पैलेस चौराहे पर बन रहे पुल का काम पूरा हो गया और आज से पुल पर आवागमन भी शुरू हो जाएगा। पुल पर आवागमन शुरू होने से इस क्षेत्र की यातायात व्यवस्था में काफी हद तक सुधार हो जाएगा। पुल बनने से इस क्षेत्र के रहवासियों ने भी राहत की सांस ली है।

नानाखेड़ा शांति पैलेस चौराहे पर पिछले डेढ़ 2 साल से पुल के निर्माण का कार्य चल रहा था इस कारण इस मार्ग के आवागमन को भी डायवर्ट किया गया था पुल निर्माण कार्य की वजह से इस मार्ग पर आवागमन भी कई बार बंद हो गया था, साथ ही नानाखेड़ा चौराहे से शांति पैलेस चौराहे तक चल रहे सड़क निर्माण कार्य की वजह से पिछले दिनों आवागमन बंद था। ऐसे में यातायात व्यवस्था भी बिगड़ी हुई थी और प्रतिदिन वाहनों का लंबा जाम लग रहा था लेकिन नानाखेड़ा शांति पैलेस चौराहा पर बन रहे पुल का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो गया है और आज एक तरफ की भुजा पर आवागमन भी शुरू कर दिया जाएगा। जिससे यहां की यातायात व्यवस्था में भी सुधार होगा। पुल का निर्माण कर रही कंपनी के अधिकारियों ने बताया है कि पुल बनकर तैयार हो गया है 290 मीटर के इस पुल पर आज से आवागमन भी शुरू कर दिया जाएगा।

शुरूआत में पुल के एक तरफ की भुजा पर ही आवागमन शुरू किया जाएगा। दूसरी तरफ के हिस्से में कुछ काम बाकी है जिसे पूरा करने के बाद पुल के दोनों तरफ आवागमन शुरू कर दिया जाएगा। पिछले 2 साल से नानाखेड़ा शांति पैलेस चौराहे पर पुल का निर्माण कार्य चल रहा था ऐसे में इंदौर, बड़नगर बाईपास, नानाखेड़ा व महाकाल व हरीफाटक की तरफ से आने वाले वाहन शांति पैलेस चौराहे पर आकर गुत्थम-गुत्था होते थे और प्रतिदिन लंबा जाम लगता था कई बार वाहन चालक जल्दी निकलने की होड में आपस में टकरा जाते थे और विवाद की स्थिति भी निर्मित होती थी लेकिन अब पुल का निर्माण कार्य पूरा हो गया है।

खेडा खजुरिया में आदि सनातन धर्म तत्वज्ञान जिला स्तरीय सत्संग संपन्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मुनींद्र धर्मार्थ ट्रस्ट, कुरुक्षेत्र (हरियाणा) के तत्वावधान में रविवार, 25 अक्टूबर को महिदपुर तहसील के खेडा खजुरिया स्थित मांगलिक परिसर में जगतगुरु तत्वदर्शी संत रामपाल महाराज के सानिध्य में आदि सनातन धर्म तत्वज्ञान जिला स्तरीय सत्संग का आयोजन किया गया। सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक एलईडी प्रोजेक्टर के माध्यम से आयोजित सत्संग में जिले की विभिन्न तहसीलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और आध्यात्मिक ज्ञान का लाभ लिया। सत्संग के दौरान संत रामपाल महाराज ने बताया कि ब्रह्मा, विष्णु, महेश, दुर्गा देवी एवं गणेश आदि की वंदना के साथ सतगुरु के उपदेशों को समझकर शास्त्रानुकूल सतभक्ति करने से सुख-शांति एवं पूर्ण मोक्ष की प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त होता है। कार्यक्रम में जिला सेवादार भक्त किशोर दास, भगवान दास, मायाराम दास, कैलाश दास, मुनालाल एवं अध्यापक रमेश दास सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। जानकारी मीडिया सेवादार भक्त मुकेश दास देवल द्वारा प्रदान की गई।

अभिनव रंगमंडल मासिक संवाद श्रृंखला में प्रमोद त्रिवेदी प्रसंग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन
डॉ. जफर महमूद



राजस्व कॉलोनी स्थित क्लब फनकार में शनिवार की शाम वरिष्ठ कवि, साहित्यकार डॉ. प्रमोद त्रिवेदी के नाम रही। आयोजन उनके 85वें जन्मदिन के अवसर पर था। अभिनव रंग मंडल की मासिक संवाद श्रृंखला में वक्ताओं ने प्रमोद त्रिवेदी के साहित्यिक अवदान पर विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ. अरुण वर्मा ने कहा कि शब्दों की उत्सव लीला का ईश्वर लेखक और कवि होता है। साधक, साधना करते-करते, संस्कृति बन जाता है। प्रमोद शब्द, नाट्य और रंगों के मूर्तिमान साधक हैं। मालवा की धरती हिंदी साहित्य के लिए उर्वरा रही है। प्रमोद त्रिवेदी ने नश्वरता की छाया में रहकर अमरता का संदेश अपने साहित्य से दिया है। उनकी बहती हुई कल-कल करती शब्द यात्रा अपनी अनूठी पहचान बना चुकी है।

कवि राजेश सक्सेना ने कहा कि प्रमोद ने स्थानीयता के बोध के साथ उपन्यास लिखे हैं। उनके साहित्य की बेचैनी और ताप को समझने की जरूरत है। साहित्यकार श्रीराम दवे ने कहा कि प्रमोद त्रिवेदी बहु आयामी व्यक्तित्व के धनी हैं। उनका प्रेरक व्यक्तित्व भी श्रेष्ठ है और उनकी कृतियां भी श्रेष्ठ हैं। चित्रकार अक्षय आमेरिया ने कहा कि उन्होंने प्रमोद त्रिवेदी की कविताओं पर आधारित चित्रों की नुमाइश में यह प्रतिक्रिया दी कि कविता चित्रों पर आधारित हैं या चित्र कविता पर आधारित सुनकर अभिभूत हुआ था। कार्यक्रम में उपस्थित साहित्यकारों ने प्रमोद त्रिवेदी का सारस्वत सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन गिरिजेश व्यास ने किया। आभार शरद शर्मा ने व्यक्त किया।

कार्यक्रम में डॉ. गोपाल शर्मा, डॉ. उर्मि शर्मा, डॉ. प्रेमलता चुटेल, डॉ. पिलकेंद्र अरोरा, सुधा शर्मा, डॉ. क्षमा सिसोदिया, डॉ. प्रीती जोशी, डॉ. हरीश कुमार सिंह, डॉ. जफर महमूद, चन्दर सोनाने, नीलोत्पल, प्रतीश पाठक, पांखुरी वक्त, अमिताभ

दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

इंदौर | उज्जैन | सोमवार 26 अक्टूबर, 2026 | www.awantika.com

न्यूज ब्रीफ

कार्बाइड गन व लेंप और अवैध संशोधित पटाखों पर प्रतिबंध

इंदौर। आमजन की सुरक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए जिले में अत्यधिक ध्वनि उत्पन्न करने वाले अवैध संशोधित पटाखों, जिन्हें कार्बाइड गन एवं अन्य संशोधित पटाखों के निर्माण, वितरण, प्रदर्शन और उपयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है। इस संबंध में कलेक्टर शिवम वर्मा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। जारी आदेशानुसार, कुछ स्थानों पर प्रतिबंधित पटाखों एवं आतिशबाजी में विस्फोटक पदार्थ भरकर लोहे, स्टील अथवा पीवीसी पाइपों की सहायता से अत्यधिक ध्वनि उत्पन्न करने वाले अवैध संशोधित पटाखे तैयार किए जाने और उनके विक्रय की घटनाएं सामने आई हैं।

बसों के संचालन को लेकर आरटीओ ने ली बैठक

इंदौर। कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में गत दिवस हुई बैठक के क्रम में आरटीओ इंदौर द्वारा आज 23 अक्टूबर,2026 को आई. एस. बी. टी. कुमेड़ी से बसों के संचालन को लेकर ए. आई. टी. पी. पर संचालित बसों के स्वामियों की बैठक ली गई। बैठक में उन्हें निर्देशित किया गया की वे इंदौर से उज्जैन होकर आगे राजस्थान की ओर जाने वाली बसों का संचालन 28 अक्टूबर,2026 से आई. एस. बी. टी. कुमेडी होकर करें। बस संचालकों द्वारा आश्वस्त किया गया की वे आगामी 28 अक्टूबर,2026 से इंदौर से राजस्थान की ओर जाने वाली बसों का संचालन आई. एस. बी. टी. कुमेड़ी होकर करेंगे । उक्त बसों का संचालन आई. एस. बी. टी. कुमेड़ी से किए जाने से क्षेत्र की जनता को सुविधा प्राप्त होगी ।

इन्दौर न्यू बोर्न केयर सेंटर की अल्ट्रासोनोग्राफी मशीन सील

इंदौर। कलेक्टर शिवम वर्मा के निदेर्शानुसार पी.सी.पी.एन.डी.टी. अधिनियम के प्रावधानों के उल्लंघन के मामले में इन्दौर स्थित न्यू बोर्न केयर सेंटर, केयर ऑफ लोटस हेल्थ केयर सेंटर, डायमंड कॉलोनी, जंजीरवाला चौराहा की अल्ट्रासोनोग्राफी मशीन सील करने की कार्रवाई की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी ने बताया कि निरीक्षण के दौरान जानकारी प्राप्त हुई कि केंद्र पर पंजीकृत चिकित्सक डॉ. जफर खान द्वारा सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के बिना केंद्र को अल्ट्रा सोनोग्राफी मशीन सहित अन्य व्यक्ति को विक्रय कर दिया गया है। इस संबंध में उल्लंघन की जानकारी कलेक्टर शिवम वर्मा को दी गई। कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर आज डॉ. दिव्यानी अहिरवार, जोनल अधिकारी एवं श्रीमती दीपमाला बामने, पर्यवेक्षण दल सदस्य द्वारा केंद्र को सील करने की कार्रवाई की गई।

उज्जैन में लोगों को बनाया जा रहा जनसेवा प्रहरी



उज्जैन। सड़क हादसे में घायल व्यक्ति के लिए शुरुआती कुछ मिनट बेहद अहम होते हैं। इस दौरान मदद मिल जाए तो उसकी जान बचाने की संभावना बढ़ सकती है। लेकिन अक्सर दुर्घटना के बाद एंबुलेंस या चिकित्सा सहायता पहुंचने तक घायल को इंतजार करना पड़ता है। इसी स्थिति को बदलने के लिए उज्जैन में राजमार्गों से लगी ग्राम पंचायतों के लोगों को जन सेवा प्रहरी बनाया जा रहा है। ये वे स्थानीय लोग होंगे, जो हादसा होने पर सबसे पहले मदद के लिए आगे आ सकेंगे। शनिवार को देवास-उज्जैन राजमार्ग से जुड़ी ग्राम पंचायतों के करीब 180 वालंटियर्स को प्राथमिक उपचार और आपातकालीन सहायता का प्रशिक्षण दिया गया। इससे पहले इंदौर-उज्जैन राजमार्ग की ग्राम पंचायतों के 150 से अधिक वालंटियर्स को प्रशिक्षित किया जा चुका है। इस तरह दोनों मार्गों पर 330 से अधिक लोगों को दुर्घटना पीड़ितों की मदद के लिए तैयार करने की पहल की गई है। दुर्घटना के बाद घायल को अस्पताल पहुंचाना जितना जरूरी है, उतना ही महत्वपूर्ण है कि मदद पहुंचने तक उसे उचित प्राथमिक सहायता मिले। जन सेवा प्रहरी अभियान में इसी बात पर जोर दिया जा रहा है। शनिवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में हुए प्रशिक्षण में स्वास्थ्य, परिवहन और पुलिस विभाग के अधिकारियों ने वालंटियर्स को दुर्घटना के समय बरती जाने वाली सावधानियों, प्राथमिक उपचार और संबंधित विभागों से संपर्क करने की प्रक्रिया समझाई।

नैनो न्यूज

- **सोयाबीन के भाव में दर्ज हुई तेजी-** देवास कृषि उपज मंडी में 24 अक्टूबर को सोयाबीन का अधिकतम भाव 7,100 रुपये प्रति क्विंटल दर्ज हुआ। भाव में बदलाव से किसानों और व्यापारियों की बाजार गतिविधियों पर नजर बनी हुई है।
- **राजस्व कार्य प्रभावित होने से बढ़ी परेशानी-** आगर मालवा में स्वामित्व योजना के क्रियान्वयन को लेकर पटवारियों और प्रशासन के बीच विवाद सामने आया। राजस्व संबंधी ऑनलाइन कामकाज प्रभावित होने से भूमि रिकॉर्ड से जुड़े कार्यों पर असर पड़ने की खबर है। स्टार समाचार
- **मंडी में तौल कांटे का टेंडर जारी-** शाजापुर जिले की नई मंडी, मक्सी रोड क्षेत्र में नहीं बल्कि मंडी बोर्ड के दस्तावेजों में उल्लिखित एम. बड़ोदिया मंडी में 10 मीट्रिक टन तौल कांटा स्थापित करने के लिए टेंडर जारी हुआ है। आवेदन की अंतिम तारीख 2 नवंबर 2026 है।
- **नई सोयाबीन की आवक से कारोबार बढ़ा-** सुसनेर कृषि उपज मंडी में नई सोयाबीन की खरीदी शुरू होने के बाद किसानों और लाइसेंसधारी व्यापारियों की गतिविधियां बढ़ीं। खरीदी के पहले दिन अधिकतम भाव 5,551 रुपये प्रति क्विंटल रहा।
- **आभूषण कारोबार में कंपनी का राजस्व बढ़ा-** रतलाम के आभूषण कारोबार से जुड़ी डी.पी. ज्वेलर्स का सालाना राजस्व 4,000 करोड़ रुपये के पार पहुंचने की खबर सामने आई।

---

15 जिलों के 20 हजार किसानों को जोड़ने की योजना, उद्यानिकी विभाग ने व्यापक योजना तैयार

सिंहस्थ 2028: सब्जियों-फूलों की कमी रोकने के लिए की तैयारी शुरु

उज्जैन सहित प्रदेश के करीब 15 जिलों में कुल 16 हजार हेक्टेयर भूमि पर सब्जियों और फूलों की खेती को बढ़ावा दिया जाएगा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ महाकुंभ 2028 को दिव्य और भव्य बनाने के लिए मध्य प्रदेश सरकार धार्मिक नगरी उज्जैन में बड़े पैमाने पर विकास कार्य करवा रही है। श्रद्धालुओं के आवागमन को सुगम बनाने के लिए सड़कों और पुलों का निर्माण किया जा रहा है, वहीं मां शिप्रा में आस्था की डुबकी लगाने के लिए आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं की सुविधा के मद्देनजर 29 किलोमीटर लंबे घाटों का निर्माण भी जारी है। सिंहस्थ की तैयारियों के बीच अब उद्यानिकी विभाग ने सब्जियों और फूलों की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए व्यापक योजना तैयार की है।

इसके तहत उज्जैन सहित प्रदेश के करीब 15 जिलों में कुल 16 हजार हेक्टेयर भूमि पर सब्जियों और फूलों की खेती को बढ़ावा दिया जाएगा। योजना से 20 हजार से अधिक किसानों को जोड़ने की तैयारी है, ताकि सिंहस्थ के दौरान श्रद्धालुओं और स्थानीय बाजारों की मांग के अनुसार सब्जियों और फूलों की आपूर्ति की जा सके। उद्यानिकी विभाग के उपसंचालक केएस मंडलोई के अनुसार, सिंहस्थ महाकुंभ के दौरान सब्जियों और फूलों की बड़ी मांग रहती है। इसे देखते हुए विभाग ने दो साल पहले से ही योजना पर काम शुरू कर दिया है। इसके तहत प्रदेश के करीब 15 जिलों में सब्जियों और फूलों का उत्पादन बढ़ाने की तैयारी की गई है। सब्जियों की खेती के लिए उज्जैन संभाग के उज्जैन, आगर मालवा, शाजापुर, देवास, रतलाम, नीमच और मंदसौर जिलों को शामिल किया गया है।

किसानों का चयन कर दिया जा रहा प्रशिक्षण

योजना के तहत सबसे पहले किसानों का चयन किया गया है और अब उन्हें प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सब्जियों और फूलों की खेती के लिए चुने गए क्षेत्रों में विशेष क्लस्टर बनाए जाएंगे, ताकि किसान संगठित तरीके से उत्पादन कर सकें। किसानों को यह भी बताया जा रहा है कि गर्मी और बारिश के मौसम में फसलों को बीमारियों से कैसे बचाया जाए और उत्पादन को बेहतर बनाए रखने के लिए कौन-से उपाय अपनाए जाएं। क्लस्टर आधारित व्यवस्था के माध्यम से किसानों को खेती की बेहतर तकनीक अपनाने में मदद मिलेगी। विभाग का उद्देश्य सिंहस्थ के दौरान मांग के अनुरूप सब्जियों और फूलों की उपलब्धता बनाए रखना है, ताकि बाजार में इनकी कमी न हो। फूलों की खेती के लिए उज्जैन, इंदौर, देवास, आगर मालवा, खंडवा, छतरपुर, मैहर और दतिया जिलों में आठ हजार हेक्टेयर अतिरिक्त क्षेत्र विकसित करने की योजना है। इस तरह सब्जियों और फूलों के उत्पादन के लिए कुल 16 हजार हेक्टेयर क्षेत्र तैयार किया जाएगा।

संग्रहण केंद्र, ग्रेडिंग-पैकिंग और कोल्ड स्टोरेज की होगी व्यवस्था

सिंहस्थ के दौरान खेतों से सब्जियों और फूलों को समय पर उपभोक्ताओं तक पहुंचाना विभाग के सामने बड़ी चुनौती होगी। इसे देखते हुए क्लस्टर के आसपास संग्रहण केंद्र, ग्रेडिंग-पैकिंग और कोल्ड स्टोरेज जैसी सुविधाएं विकसित करने की योजना है। इससे उत्पादों को सुरक्षित रखने और जरूरत के अनुसार बाजार तक पहुंचाने में मदद मिलेगी। आपूर्ति व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए डिजिटल रिकॉर्ड भी तैयार किया जाएगा। इसमें अलग-अलग क्षेत्रों में सब्जियों और फूलों की मांग, उत्पादन और आपूर्ति से जुड़ी जानकारी दर्ज रहेगी। इसी रिकॉर्ड के आधार पर यह पता लगाया जा सकेगा कि किस जिले से कितनी मात्रा में सब्जियां और फूल उज्जैन पहुंच रहे हैं। यदि किसी जिले से पर्याप्त आपूर्ति नहीं हो पाती है, तो दूसरे जिलों से सब्जियां और फूल मंगाकर मांग पूरी करने की व्यवस्था की जाएगी।

पुरानी कंपनी का कॉन्ट्रेक्ट खत्म होने के बाद अब 5 साल के लिए नया टेंडर निकाला

एयरपोर्ट पर शुरू हुआ स्मोकिंग जोन, प्रबंधन ने ली राहत की सांस

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के देवी अहिल्याबाई होलकर अंतरराष्ट्रीय विमानतल पर पिछले कुछ दिनों से बंद पड़े स्मोकिंग जोन की सुविधा यात्रियों को एक बार फिर मिलने लगी है। 30 सितंबर को पुरानी कंपनी का अनुबंध समाप्त होने के बाद इस सुविधा को पूरी तरह से बंद कर दिया गया था, जिसके चलते कुछ यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा था और उन्होंने इसको लेकर अपना कड़ा विरोध भी दर्ज कराया था। यात्रियों के लगातार विरोध और नाराजगी को देखते हुए एयरपोर्ट प्रबंधन ने फिलहाल खुद ही इसका संचालन अपने हाथों में लेते हुए इसे दोबारा शुरू कर दिया है। नई ठेका कंपनी का चयन होने तक यह वैकल्पिक व्यवस्था सुचारू रूप से जारी रहेगी।

उल्लेखनीय है कि एयरपोर्ट टर्मिनल के अंदर सिक्योरिटी होल्ड एरिया में पहली मंजिल पर यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष रूप से स्मोकिंग जोन बनाया गया है। इस जोन का संचालन पहले एक निजी कंपनी के पास था, जहां कंपनी द्वारा सिगरेट बेचने की सुविधा के साथ-साथ यात्रियों द्वारा बाहर से लाई गई सिगरेट जलाने के लिए एक विशेष इलेक्ट्रिक मशीन भी उपलब्ध कराई जाती थी। पुरानी कंपनी का कॉन्ट्रेक्ट पूरा होने पर 30 सितंबर से स्मोकिंग जोन के दरवाजे बंद कर दिए गए थे।

प्रबंधन ने खुद संभाला मोर्चा, सिगरेट की बिक्री बंद

यात्रियों के लगातार विरोध और हंगामे को देखते हुए एयरपोर्ट प्रबंधन ने त्वरित कदम उठाते हुए नए टेंडर की प्रक्रिया पूरी होने तक खुद ही स्मोकिंग जोन का संचालन शुरू कर दिया है। प्रबंधन ने इस क्षेत्र में एक आधुनिक इलेक्ट्रिक लाइटर मशीन भी स्थापित कर दी है, जिससे यात्री अपनी लाई हुई सिगरेट जलाकर पी सकें। हालांकि, प्रबंधन की इस वैकल्पिक व्यवस्था में सिगरेट की व्यावसायिक बिक्री फिलहाल नहीं की जा रही है, बल्कि केवल धूम्रपान करने की अनुमति दी गई है। स्मोकिंग जोन के दोबारा शुरू हो जाने से यात्रियों ने राहत की सांस ली है और उन्हें पुरानी सुविधा फिर से मिलने लगी है। इसके साथ ही एयरपोर्ट प्रबंधन ने इस सेवा के दीर्घकालिक संचालन के लिए नए सिरे से टेंडर प्रक्रिया भी शुरू कर दी है।

5 साल के लिए जारी किया गया नया टेंडर

स्मोकिंग जोन और सिगरेट बिक्री कियोस्क के सुचारू संचालन के लिए एयरपोर्ट प्रबंधन की तरफ से 5 साल की लंबी अवधि का नया टेंडर जारी किया गया है। इस नए अनुबंध के लिए न्यूनतम मासिक लाइसेंस फीस 75,500 रुपए निर्धारित की गई है, जो नियमों के अनुसार हर साल 10 प्रतिशत के हिसाब से बढ़ाई जाएगी। इसके अतिरिक्त सफल ठेकेदार को जीएसटी, बिजली, पानी और अन्य सभी प्रकार के प्रशासनिक शुल्क भी अदा करने होंगे। जारी टेंडर के अनुसार स्मोकिंग लाउंज के लिए 9.38 वर्गमीटर और सिगरेट बिक्री कियोस्क के लिए 1.53 वर्गमीटर का कुल क्षेत्रफल तय किया गया है। सुरक्षा और स्वच्छता मानकों को ध्यान में रखते हुए ठेकेदार को धुआं बाहर निकालने के लिए एक अलग और मजबूत एग्जॉस्ट सिस्टम तथा ऑटोमैटिक क्लोजिंग डोर जैसी सभी आधुनिक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करनी होंगी। इस प्रक्रिया के तहत 3 नवंबर को टेंडर खोले जाएंगे और नई एजेंसी को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी।

सिक्योरिटी जांच के कारण यात्रियों को आ रही थी परेशानी- स्मोकिंग जोन पर ताला लटकने से यात्रियों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। सुरक्षा कारणों से सिक्योरिटी जांच के दौरान माचिस और लाइटर बाहर ही जमा करा लिए जाते हैं, जिससे यात्री अपने पास मौजूद सिगरेट भी नहीं पी पा रहे थे। सिगरेट न मिलने और जलाने की सुविधा बंद होने से यात्री बेहद नाराज थे और परिसर में लगातार अपना विरोध व्यक्त कर रहे थे।

कोविड काल में ड्यूटी करने वाले मप्र के डॉक्टरों को मिला हक

एनएचएम ने जारी की 32 संविदा यूनानी डॉक्टरों की नई चयन सूची

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत संविदा आरबीएसके यूनानी चिकित्सा अधिकारी के 32 पदों पर पुनः पुनरीक्षित मेरिट, चयन और प्रतीक्षा सूची जारी हो गई है। इसमें 16 पुरुष और 16 महिला डॉक्टरों का चयन हुआ है। दरअसल, अभ्यर्थियों ने एमपी ऑनलाइन से कोविड-19 अनुभव प्रमाणपत्र अपलोड किए थे। प्राकृतिक न्याय के तहत उन्हें 10 से 16 अगस्त 2026 तक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा जारी प्रमाणपत्र दोबारा अपलोड करने का मौका दिया गया था। इसके बाद भी जांच में पता चला कि तकनीकी कारण से कई अभ्यर्थियों के प्रमाणपत्र मेरिट में जुड़े ही नहीं। इसलिए अब नई सूची जारी की गई है।

यह सूची प्रोविजनल है, दस्तावेज जांच के बाद ही नियुक्ति पक्की होगी। इससे कोविड काल में सेवा देने वाले डॉक्टरों को उनका हक मिलेगा, उनका अनुभव मेरिट में जुड़ेगा। प्रतीक्षा सूची वालों को भी मौका मिलेगा, पद खाली नहीं रहेंगे। 32 डॉक्टरों की नियुक्ति से गांव-गांव में बच्चों की जांच, कुपोषण और एनीमिया की पहचान का काम तेज होगा।

मध्यप्रदेश के 7 जिलों के 35 निर्माण कार्यों की जांच में बड़ा खुलासा

वडोदरा की फर्म ब्लैकलिस्ट, इंजीनियरों को नोटिस जारी

एक मार्ग की गुणवत्ता की सराहना, 28 कार्यों में सुधार के निर्देश, गुणवत्ता में कमी पर अधिकारियों को नोटिस

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

विदिशा, बालाघाट, श्योपुर, बड़वानी, मऊगंज, शाजापुर और दमोह में निर्माण कार्यों की जांच

मध्यप्रदेश के सात जिलों के 35 निर्माण कार्यों के निरीक्षण प्रतिवेदनों की समीक्षा में गुणवत्ता संबंधी कमियों पर मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम के प्रबंध संचालक भरत यादव ने संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी कर ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि निरीक्षण दलों की अनुशंसाओं पर समयबद्ध कार्रवाई की जाए और निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए। विभाग के सात निरीक्षण दलों ने विदिशा, बालाघाट, श्योपुर, बड़वानी, मऊगंज, शाजापुर एवं दमोह जिलों के 35 निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया।

समीक्षा में बड़वानी जिले में पीजी योजना के अंतर्गत 20.89 किलोमीटर लंबे बलवाड़ी-देवली धवली मार्ग की कार्य स्थिति असंतोषजनक पाई जाने पर संबंधित कार्यपालन यंत्री, अनुविभागीय अधिकारी एवं उपयंत्री को नोटिस जारी किए। ठेकेदार मेसर्स सोरथिया वेलजी रत्ना एंड कंपनी, वडोदरा के विरुद्ध ब्लैकलिस्ट करने के निर्देश दिए।

गुणवत्तापूर्ण कार्य की सराहना

बड़वानी-बंधन मार्ग के गुणवत्तापूर्ण निर्माण की सराहनाबड़वानी जिले में मप्र सड़क विकास निगम की परफारमेंस गारंटी योजना के अंतर्गत बड़वानीझबंधानझअंबापानीझसिंधीझखोदराझसिलावद मार्ग का कार्य संतोषजनक एवं गुणवत्तापूर्ण पाया गया।

इसके लिए संभागीय प्रबंधक पूनम कछवा, सहायक महाप्रबंधक कमलेश गोले तथा ठेकेदार मेसर्स बड़वानीझबंधान हाईवे प्राइवेट लिमिटेड, उदयपुर की प्रशंसा की गई। निरीक्षण में सामने आए अन्य 28 कार्यों में आवश्यक आंशिक सुधार करने के निर्देश दिए।

राजसी वैभव से दमकेगा महाकाल मंदिर का नंदी मंडपम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर का नंदी मंडपम आने वाले दिनों में राजसी वैभव से दमकता नजर आएगा। भगवान महाकाल के सम्मुख विराजित नंदी महाराज का यह मंडप प्राचीन वास्तुशिल्प और आधुनिक सौंदर्य का अनूठा संगम बनेगा।

मंदिर प्रशासन ने नंदी मंडपम के सुंदरीकरण की शुरूआत कर दी है। पहले चरण में विद्युत लाइन, एयर कूलिंग सिस्टम तथा इंटरनेट और सीसीटीवी कैमरों के केबल की शिफ्टिंग की जा रही है। अगले चरण में मंडपम की दीवारों और स्तंभों पर चांदी अथवा वियतनाम मार्बल लगाने पर विचार किया जा रहा है। योजना साकार होने पर नंदी मंडपम में बैठकर भगवान महाकाल के दर्शन करना श्रद्धालुओं के लिए विशेष अनुभूति होगी।

मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक ने बताया कि महाकाल मंदिर के सुदृढ़ीकरण और सुंदरीकरण का कार्य प्रारंभ हो गया है। इसमें मंदिर के मूल स्वरूप और प्राचीन वास्तुशिल्प को संरक्षित रखते हुए भवन की संरचना को मजबूती प्रदान की जा रही है। इसी क्रम में नंदी मंडपम को भी नया स्वरूप देने की योजना है। मंडपम की ऐतिहासिक और धार्मिक गरिमा के अनुरूप इसे राजसी वैभव प्रदान किया जाएगा। सुंदरीकरण में इस बात का विशेष ध्यान रखा जाएगा कि प्राचीन शिल्पकला की मौलिकता बनी रहे।

कोर्ट से स्टे होने के बाद हुआ नामांतरण, एसडीएम ने किया खारिज

संभागायुक्त कार्यालय से भी नहीं मिली राहत

फिरोज खान की गवाही के चलते लोकायुक्त भी करेगा जांच

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

अभी लोकायुक्त प्रधान आरक्षक चालक पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय के फिरोज खान की सम्पत्तियों की जांच में जुटा है। कल तक 50 से अधिक अचल सम्पत्तियों का खुलासा इस जांच में हुआ, जिसमें 65 करोड़ रुपए से अधिक की कीमत आंकी गई, वहीं एक मामला इंदौर-उज्जैन रोड के मगरखेड़ा की 45 बीघा जमीन का भी सामने आया है, जिसकी वर्तमान बाजार कीमत 100 करोड़ रुपए से अधिक बताई जा रही है।

पॉवर ऑफ अटार्नी के जरिए जिस फर्म ने यह जमीन खरीदी वह भी फर्जी निकली। वहीं उसके पक्ष में तहसीलदार द्वारा किया गया नामांतरण आदेश एसडीएम मल्हारगंज निधि वर्मा ने खारिज कर दिया, जिसके खिलाफ संभागायुक्त कार्यालय में की गई अपील से भी जमीन खरीदने वाली फर्म श्याम इन्फ्रा को राहत नहीं मिल सकी। इस जमीन की रजिस्ट्री में फिरोज खान भी गवाह के रूप में मौजूद है, लिहाजा लोकायुक्त एसपी डॉ. राजेश साय के मुताबिक इस सौदे को भी जांच के दायरे में लिया जा रहा है।

पिछले दिनों लोकायुक्त महानिदेशक योगेश देशमुख और उप पुलिस महानिदेशक मनोज कुमार सिंह के निर्देश पर इंदौर लोकायुक्त एसपी डॉ. सहाय ने फिरोज खान के ठिकानों पर छापे मारे थे, जिसमें इंदौर, देवास से लेकर अन्य जगह कई अचल सम्पत्तियों की जानकारी सामने आई। वहीं फिरोज खान की इस चल रही जांच के चलते मगरखेड़ा की जमीन का सौदा भी चर्चा में आ गया।

आपत्तियों को भी दरकिनार करते हुए नामांतरण कर दिया

सर्वे नम्बर 189, 190, 191 से लेकर 195 और 229/3/5 में शामिल लगभग 45 बीघा जमीन मूल रूप से कस्तूरी बाई के नाम पर राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज रही और इस जमीन की पॉवर ऑफ अटार्नी बच्चों की बजाय रविकांत पंवार के नाम की और उसने ये जमीन श्याम इन्फ्रा तर्फे पार्टनर सुमित जिंदल निवासी अपोलो डीवी सिटी निपानिया को बेच दी। इस जमीन का नामांतरण तत्कालीन तहसीलदार नारायण नांदेड़ा ने कोर्ट स्टे और तमाम आपत्तियों के बावजूद कर डाला, जबकि 27 अक्टूबर 2024 को ही यथास्थिति के आदेश दे दिए थे और उसके बाद ताबड़तोड़ फाइल चलाते हुए वारिसों द्वारा लगाई गई आपत्तियों को भी दरकिनार करते हुए नामांतरण कर दिया, जिसके चलते प्रार्थी लीलाबाई, कैलाश, लक्ष्मीबाई, राधाबाई, अशोक शर्मा, संतोष, अर्जुन, सीताबाई अन्य वारिसों ने मल्हारगंज एसडीएम के समक्ष अपील दायर की, जिसमें यह भी आरोप लगाया गया कि कम प्रचार संख्या वाले समाचार-पत्रों में नामांतरण की सूचना प्रकाशित करवाई गई।

कागजों पर बताई गई भागीदारी फर्म

हालांकि उनके द्वारा आपत्ति भी ली गई और साथ ही जिस श्याम इन्फ्रा को यह जमीन बेची गई वह एक भागीदारी फर्म कागजों पर बताई गई, लेकिन आवेदन-पत्र या विक्रय-पत्र में इस तथाकथित भागीदारी फर्म के पंजीकृत होने के संबंध में कोई उल्लेख नहीं किया गया और ना ही पंजीकरण नम्बर बताया गया। फर्म के सभी भागीदारों की जानकारी भी स्पष्ट नहीं की गई और कूटरचित फर्जी फर्म बनाकर अपने पक्ष में विक्रय-पत्र का पंजीयन करवा लिया और जिसके आधार पर बाद में नामांतरण भी। जबकि उक्त विक्रय-पत्र को भी सिविल न्यायालय में चुनौती दे दी गई है और पहले से ही यथास्थिति भी प्राप्त है। इन तमाम तर्कों से सहमत होकर एसडीएम निधि वर्मा ने तहसीलदार का नामांतरण आदेश खारिज कर दिया और उसके बाद इस आदेश के खिलाफ संभागायुक्त को की गई अपील भी खारिज हो गई

बछड़ों का किया शिकार

श्योपुर में घर में घुसे दो चीते, दंपति ने भागकर बचाई जान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ श्योपुर

श्योपुर जिले के बमोरी गांव में रविवार सुबह करीब 5 बजे दो चीते एक घर की टपरी में घुस गए। उन्होंने वहां बंधे दो बछड़ों पर हमला कर उन्हें मार डाला। अचानक हुई इस घटना से गांव में अफरा-तफरी मच गई। घटना के वक्त पशुपालक सोमला वीर सिंह अपनी पत्नी के साथ उसी टपरी में खटिया डालकर सो रहे थे। दोनों बछड़े उनके पास ही बंधे हुए थे। सोमला के मुताबिक, सुबह-सुबह चीतों ने बछड़ों पर हमला कर दिया। चीतों को बिल्कुल सामने देख पति-पत्नी घबरा गए और खटिया से उठकर दूर भागे, जिससे उनकी जान बच गई। इस घटना के बाद बमोरी और आसपास के गांवों में दहशत का माहौल है। रिहायशी इलाकों के पास चीतों की आवाजाही से ग्रामीण बेहद डरे हुए हैं। किसान खेतों में जाने से भी कतरा रहे हैं। लोगों का कहना है कि चीते अक्सर गांव के करीब देखे जा रहे हैं, जिससे जान-माल का खतरा बढ़ गया है।



ग्रामीणों में आक्रोश

घटना के बाद ग्रामीणों में प्रशासन के प्रति आक्रोश है। उन्होंने वन विभाग से मांग की है कि गांव और आसपास के खेतों में गश्त तुरंत बढ़ाई जाए। चीतों की मूवमेंट पर 24 घंटे कड़ी निगरानी रखी जाए ताकि ऐसी घटना दोबारा न हो। साथ ही पीड़ित पशुपालक सोमला वीर सिंह को हुए नुकसान का उचित मुआवजा दिया जाए।

न्यूज कालम



ओंकारेश्वर नहर में पानी नहीं, भारतीय किसान संघ ने दी आंदोलन की चेतावनी

मनावर। कम वर्षा के कारण खेतों में सिंचाई के लिए पानी की जरूरत बढ़ गई है, लेकिन ओंकारेश्वर नहर परियोजना के चरण क्रमांक ३ और 4 में पानी नहीं पहुंचने से किसानों की चिंता बढ़ रही है। किसानों की समस्याओं और नहर परियोजना से जुड़ी विभिन्न मांगों को लेकर भारतीय किसान संघ जिला मनावर ने कृषि उपज मंडी में प्रेस वार्ता आयोजित की। संघ ने स्पष्ट चेतावनी दी कि 30 अक्टूबर 2026 तक समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ तो ३ नवंबर से अनिश्चितकालीन धरना आंदोलन शुरू किया जाएगा। भारतीय किसान संघ ने नहरों में पानी पहुंचाने, टेल क्षेत्र तक सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराने, नहरों की सफाई और रखरखाव, पाइपलाइन की गुणवत्ता की जांच तथा किसानों को स्थायी बिजली कनेक्शन देने सहित कई मांगें उठाईं। संघ ने परियोजना के निर्माण और रखरखाव में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के साथ किसानों की भागीदारी बढ़ाने पर भी जोर दिया।संघ के अनुसार, मनावर डिविजन में कुल २९ उपभोक्ता संस्थाएं कार्यरत हैं, लेकिन इनके पास न तो पर्याप्त फंड है और न ही कोई प्रभावी फील्ड नेटवर्क। इसके कारण नहरों के संचालन, रखरखाव और किसानों तक सिंचाई का पानी पहुंचाने में परेशानियां आ रही हैं। संघ ने कहा कि नहर परियोजना के बेहतर संचालन के लिए उपभोक्ता संस्थाओं को आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराना जरूरी है, ताकि किसानों को समय पर पानी मिल सके।

कलेक्टर ने झिरी शक्कर कारखाना का किया निरीक्षण




बुरहानपुर। कलेक्टर विवेक कुमार ने शनिवार को झिरी स्थित शक्कर कारखाना का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कारखाने की कार्यप्रणाली, प्रक्रिया, व्यवस्थाओं एवं संचालित गतिविधियों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। शक्कर कारखाने के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर विवेक कुमार ने कारखाने की प्रगति रिपोर्ट का अवलोकन किया तथा विभिन्न गतिविधियों, टेंडर प्रक्रिया एवं कर्मचारियों की नियुक्ति प्रक्रिया के संबंध में भी जानकारी ली। इसके पश्चात कलेक्टर विवेक कुमार ने कॉलेज का भ्रमण किया एवं विभिन्न कक्षों का अवलोकन करते हुए संचालित पाठ्यक्रमों, अध्ययनरत विद्यार्थियों की संख्या तथा उन्हें उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की।

8 से 15 साल से सेवा दे रहे अतिथि शिक्षकों को भी मिले उचित सम्मान

मनावर जिला धार। मध्यप्रदेश में अतिथि शिक्षकों की भर्ती नीति, सेवा सुरक्षा और भविष्य को लेकर एक बार फिर अनुभव आधारित व्यवस्था की मांग उठने लगी है। जुलाई २००७ से प्रदेश में लागू अतिथि शिक्षक योजना के तहत वर्षों से शासकीय विद्यालयों में अध्यापन कर रहे शिक्षकों का कहना है कि शिक्षा व्यवस्था में लंबे समय तक योगदान देने के बावजूद उन्हें स्थायी भविष्य की चिंता सता रही है। ऐसे में सरकार को अतिथि शिक्षकों की सेवा अवधि, कार्य अनुभव और शैक्षणिक योगदान को ध्यान में रखते हुए स्पष्ट एवं न्यायसंगत नीति बनानी चाहिए। आजाद अतिथि शिक्षक संघ के जिला संरक्षक दीपक राव चव्हाण ने जानकारी देते हुए बताया कि अतिथि शिक्षकों को मिलने वाले लाभों की पात्रता अवधि पर पुनर्विचार किया जाना चाहिए। उन्होंने मांग की कि अतिथि शिक्षक आरक्षण अथवा अनुभव आधारित लाभ के लिए निर्धारित न्यूनतम सेवा अवधि को तीन वर्ष से बढ़ाकर कम से कम 6 वर्ष किया जाए। साथ ही, अतिथि शिक्षकों के लिए विभागीय परीक्षा आयोजित कर उनकी योग्यता और अनुभव के आधार पर विभागीय सुविधाओं का लाभ देने की व्यवस्था की जाए।

शरद पूर्णिमा पर सामूहिक पूजन, बच्चों ने सीखे जैन संस्कार



सनावद। श्री दिगंबर जैन पार्श्वनाथ बड़ा जैन मंदिर में शरद पूर्णिमा महोत्सव भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आचार्य वर्धमान सागर पाठशाला के बच्चों ने सामूहिक पूजन कर धर्म और संस्कारों के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। सन्मति जैन काका ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीजी के अभिषेक, मंगलाचरण और शांतिपाठ के साथ हुआ। श्वेत वस्त्रों में सजे बच्चों ने अष्टद्रव्य से भगवान की पूजन की। बच्चों ने पूजन विधि, मंत्रों के अर्थ और उनके धार्मिक महत्व को भी समझा। वहीं आर्यिका गणिनी ज्ञानमती माताजी के ९३वें अवतरण दिवस पर विशेष अर्घ्य समर्पित किया गया। प्रशांत चौधरी ने बताया कि ऐसे आयोजनों का उद्देश्य बच्चों को बचपन से ही धर्म, संस्कार और पारंपरिक पूजन पद्धति से जोड़ना है। बच्चों के शुद्ध मंत्रोच्चार और भक्तिमय पूजन ने उपस्थित श्रावक-श्राविकाओं का मन मोह लिया। समाजजनों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। पूजन के पुण्यार्जक तथा बच्चों को प्रभावना एवं स्वल्पाहार कराने का सौभाग्य राजकुमारी-कुसुम कुमार, हेमेन्द्र-प्रियंका, सन्मति एवं गवाक्षी पंचोलिया काकाजी परिवार को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर मयंक धनोते, निमिष जैन, अनुभव जैन, सोनू जैन बड़ूद, नेहा जैन, रितु जैन, गरिमा जैन, तृप्ति जैन, वर्षा जैन, अंशिता जैन, संध्या जैन, सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

पूरे कार्तिक मास होगी काकडा आरती

खण्डवा – विष्णुप्रिया माता लक्ष्मी अतिप्रिय पवित्र कार्तिक मास में श्रीहरि विष्णु की आराधना के साथ पवित्र नदी, तालाब में स्नान का महत्व है वहीं महत्व कार्तिक मास में दीपदान एवं कांकडा आरती का है। ट्रस्ट कोषाध्यक्ष शैलेष पालीवाल ने बताया कि लाल चौकी स्थित श्री महालक्ष्मी मंदिर में कार्तिक मास में 26 अक्टूबर से 25 नवम्बर तक प्रातः 5.30 बजे से मंदिर में एक माह तक नियमित कांकडा आरती का आयोजन होगा।

लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान चलेगा 5 नवंबर तक, अभियान को लेकर गठित टोली की बैठक संपन्न

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के निर्देशानुसार 22 अक्टूबर से 5 नवंबर तक लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ अभियान आयोजित किया जा रहा है इस अभियान का उपदेश एस आई आर एवं मतदाता सूचियां की शुद्धता लोकतांत्रिक संस्थाओं की विवेचना विश्वसनीयता संवैधानिक मूल्यों तथा चुनावी प्रक्रियाओं के संबंध में विपक्ष के झूठे राजनीतिक एजेंडे और झूठे व दोहरे मापदंड को उजागर करना है, प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान को लेकर प्रदेश संगठन के निर्देश पर जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर द्वारा सात विषयों को लेकर टोली का गठन जिला स्तर पर किया गया है। शनिवार को जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर की अध्यक्षता में जिला भाजपा कार्यालय में पार्टी के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, एवं टोली के पदाधिकारीयो की बैठक आयोजित की गई, आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष श्री तोमर ने कहा कि कांग्रेस ने अपने राजनीतिक तौर-तरीकों से देश को नुकसान पहुंचाया है और आज आंदोलनों की आड़ लेकर देश में अराजकता की नींव रखने का प्रयास कर रही है। लोकतंत्र बचाने के नाम पर संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल खड़े करना और देश के माहौल को खराब करना कांग्रेस सहित पूरे विपक्ष की राजनीति का हिस्सा बन गया है। भाजपा च्लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओज अभियान के माध्यम से कांग्रेस की नीतियों और उसकी अराजक राजनीति को जनता के सामने उजागर करेगी। श्री तोमर ने कहा कि कांग्रेस ने प्रारंभ से ही जिस राजनीतिक मॉडल पर काम किया, उससे देश को बड़ा नुकसान उठाना पड़ा। कांग्रेस की नीतियों ने समाज में विभिन्न प्रकार के भेदभाव को बढ़ावा दिया, जबकि भाजपा ने समय-समय पर आंदोलनों और जनजागरण के माध्यम से बेहतर व्यवस्था स्थापित करने का प्रयास किया। आज कांग्रेस चुनावी पराजय के बाद ईवीएम पर सवाल उठाती है और लोकतंत्र बचाने के नाम पर संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता पर प्रहार करती है। देश की जनता को ऐसी राजनीति के प्रति जागरूक रहना होगा, ताकि लोकतांत्रिक व्यवस्था और संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा बनी रहे। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा नक्सलवाद, माओवाद, आतंकवाद और घुसपैठ के विरुद्ध कार्रवाई पर भी कांग्रेस सहित विपक्षी दल सवाल उठाते रहे हैं। उन्होंने कार्यकताओं से इन मुद्दों पर जनता के बीच जाकर तथ्यपरक संवाद करने और संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

नेपानगर में खूनी संघर्ष - पुरानी रंजिश में अधेड़ की बेरहमी से हत्या

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नेपानगर

ग्राम मांडवा के बोमल्या पाट में देर रात पुरानी रंजिश ने खूनी रूप ले लिया। गांव के ही चार लोगों ने एक अधेड़ पर धारदार हथियार और लाठी-डंडों से जानलेवा हमला कर उसकी निर्मम हत्या कर दी। मृतक की पहचान सुखलाल पिता नानसिंग निवासी बोमल्या पाट के रूप में हुई है। वारदात के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही नेपानगर थाना प्रभारी शाहबुद्दीन कुरैशी दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और हालात को संभाला। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मृतक सुखलाल का गांव के ही ध्यानसिंग और उसके परिवार से पुराना विवाद चला आ रहा था। इसी रंजिश के चलते ध्यानसिंग, उसका बेटा राजेश और उनके दो साथी सालम व सुभाष ने देर रात सुखलाल को घेरकर हमला कर दिया। आरोपियों ने धारदार हथियार और लाठियों से ताबड़तोड़ वार कर उसे मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दो आरोपियों को हिरासत में ले लिया है, जबकि दो अन्य आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और बाद में शव परिजनों को सौंप दिया। इस मामले में पुलिस ने हत्या सहित भारतीय न्याय संहिता की अन्य गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।घटना की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक साइंस लैब (स्नस्तु) की टीम को भी घटनास्थल पर बुलाया गया। टीम ने मौके से खून के नमूने और हथियार से जुड़े अहम साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस का कहना है कि फरार आरोपियों की तलाश के लिए लगातार दबिश दी जा रही है और जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2026 के दौरान

एनएफआर द्वारा सत्यनिष्ठा से समृद्धि को बढ़ावा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मालीगांव

पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) द्वारा 26 अक्टूबर से 1 नवंबर, 2026 तक 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह' मनाया जाएगा। इसके माध्यम से रेल प्रशासन में ईमानदारी, पारदर्शिता और जवाबदेही के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया जाएगा। केंद्रीय सतर्कता आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप, 'सत्यनिष्ठा से समृद्धि' विषय पर आधारित इस आयोजन में रेल कर्मचारी, छात्र और आम जनता कई कार्यक्रमों के जरिए सम्मिलित होंगे तथा नैतिक आचरण के महत्व और भ्रष्टाचार के खिलाफ सामूहिक कार्रवाई पर जोर दिया जाएगा।

इस सप्ताह की शुरूआत 26 अक्टूबर को मालीगांव स्थित एनएफ आरमुख्यालय और महाप्रबंधक (निर्माण) कार्यालय में सत्यनिष्ठा की शपथ लेने के साथ होगी। इन दोनों स्थानों पर भ्रष्टाचार से लड़ने में ईमानदारी और सामूहिक जिम्मेदारी का संदेश देने के लिए वॉकथॉन आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा, २७ अक्टूबर को कामाख्या कोचिंग डिपो में एक नुक्कड़ नाटक का मंचन किया जाएगा, जो लोगों तक पहुँचने की एक दिलचस्प पहल के माध्यम से सतर्कता के प्रति जागरूकता को और अधिक बढ़ावा देगा।

28 अक्टूबर को सतर्कता बुलेटिन का विमोचन किया जाएगा। इसके बाद "अनुबंध प्रबंधन में निवारक सतर्कता" विषय पर एक कार्यशाला आयोजित होगी। इस कार्यशाला में कार्यों के निष्पादन और अनुबंध प्रबंधन में पारदर्शिता को मजबूत करने तथा अनियमितताओं को रोकने के उपायों पर प्रकाश डाला जाएगा। युवाओं तक यह संदेश पहुँचाने के उद्देश्य से, 29 अक्टूबर को मालीगांव स्थितनेताजीविद्यापीठ रेलवे एचएस स्कूलऔर ३० अक्टूबर को रेलवे हायर सेकेंडरी स्कूल, मालीगांव में निबंध और चित्रकला प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, ताकि छात्रों को ईमानदारी और सत्यनिष्ठा जैसे मूल्यों को समझने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। यह आयोजन 17 अगस्त से 16 नवंबर, तक एनएफआरके मुख्यालय, मंडलों और निर्माण संगठन में चलाए जा रहे तीन महीने के व्यापक निवारक सतर्कता अभियानका हिस्सा है। जागरूकता, भागीदारी और निवारक उपायों के माध्यम से, एनएफआरका लक्ष्य दैनिक कामकाज में सत्यनिष्ठा को शामिल करना और एक पारदर्शी, जवाबदेह तथा नागरिक-केंद्रित रेलवे प्रशासन में जनता के विश्वास को मजबूत करना है।

ऑल इज वेल हॉस्पिटल द्वारा ग्राम छेनडिया में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर

ऑल इज वेल हॉस्पिटल, बुरहानपुर द्वारा सामाजिक सरोकार के तहत ग्राम छेनडिया, जिला खरगोन में 25 अक्टूबर को 4565 वां निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श दिया। शिविर में 63 से अधिक मरीजों ने निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।

शिविर में ऑल इज वेल हॉस्पिटल के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया। इस दौरान सभी मरीजों का निःशुल्क सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें ब्लड प्रेशर, रक्त जांच एवं वजन की जांच शामिल रही। शिविर के दौरान चिकित्सकों द्वारा मरीजों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने तथा मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियां बरतने की सलाह दी गई। साथ ही किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या होने पर समय पर चिकित्सकीय परामर्श लेने के लिए जागरूक किया गया। ऑल इज वेल हॉस्पिटल के संचालक कबीर चौकसे के दिशा-निर्देशन में आयोजित यह शिविर सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।

इस अवसर पर कबीर चौकसे ने कहा कि ऑल इज वेल हॉस्पिटल का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। इसी उद्देश्य के साथ भविष्य में भी विभिन्न क्षेत्रों में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके।

मल्हारगढ़ से नारायणगढ सड़क के गड्ढे भरने का कार्य शुरू

नारायणगड़। तहसील में खस्ताहाल सड़कों को लेकर कांग्रेस द्वारा लगातार अनूठे प्रदर्शन कर बड़े बड़े गड्ढो में तब्दील सड़को को दुरुस्त करने की मांग की जारही थी।शनिवार को भी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने सड़क के गड्ढो में माला चढ़ाकर मृत हुई सड़क को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि भी अर्पित की थी।उसके बाद रविवार को प्रशासन हरकत में आया ओर रविवार को इन बड़े बड़े सड़क के गड्ढो में मुरहम डालकर डामर से भरने का कार्य शुरू किया। जिला कांग्रेस के महासचिव अनिल शर्मा ने कहा कि क्षेत्र में गड्ढो वाली सड़को से धूल के गुबार से व्यापारी एवं सड़क के आस पास रहवासी लंबे समय से परेशानी उठा रहे थे साथ ही वाहन चालकों को भी अच्छी खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था।

वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान को बूथ स्तर तक ले जाएगी कांग्रेस

1 नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में होगी महारैली



'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा मतदाता सूची की शुद्धता, प्रत्येक पात्र नागरिक के मताधिकार की सुरक्षा और निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए "वोट बचाओ, देश बचाओ" अभियान को देशव्यापी स्तर पर आगे बढ़ाया जा रहा है। इसी क्रम में 1 नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में महारैली आयोजित की जाएगी। कांग्रेस महासचिव श्री जयराम रमेश द्वारा घोषित अभियान के तहत पार्टी संगठन को प्रदेश, जिला, ब्लॉक और बूथ स्तर तक सक्रिय कर मतदाता सूची से जुडे मुद्दों को जन-जन तक पहुंचाएगी।

कांग्रेस का कहना है कि विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान मतदाता सूचियों में हुए व्यापक बदलावों की पारदर्शी जांच आवश्यक है। पार्टी का प्रमुख उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी पात्र नागरिक का नाम प्रक्रियागत त्रुटियों के कारण मतदाता सूची से बाहर न रह जाए। इसके लिए घर-घर संपर्क, मतदाता सूची की जांच, शिकायतों का संकलन और संबंधित निर्वाचन अधिकारियों के समक्ष मामलों को उठाने की कार्ययोजना बनाई जा रही है।प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला कांग्रेस अध्यक्षों, जिला प्रभारियों, ब्लॉक अध्यक्षों और बूथ लेवल एजेंटों के बीच समन्वय स्थापित कर अभियान को प्रभावी बनाने की योजना है। 25 अक्टूबर से 25 नवंबर तक गांवों में चौपालों, घर-घर संपर्क और संगठनात्मक बैठकों के माध्यम से मतदाता सूची की जांच की जाएगी।

विश्वविद्यालय की बैडमिंटन में उपविजेता, उज्जैन में किया शानदार प्रदर्शन



खरगोन। क्रांति सूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय खरगोन की टीम ने उज्जैन में आयोजित राज्य स्तरीय बैडमिंटन पुरुष प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए उपविजेता का खिताब हासिल किया। मध्य प्रदेश के 12 विश्वविद्यालयों की सहभागिता वाली इस स्पर्धा में खरगोन के खिलाडि?ों ने उत्कृष्ट तकनीक, अनुशासन और टीम भावना का परिचय दिया। टीम ने लगातार तीन मुकाबलों में जीत दर्ज कर फाइनल तक का सफर तय किया। पहले दौर में छतरपुर विश्वविद्यालय को 3.0 से पराजित किया। इसके बाद क्वार्टर फाइनल में जबलपुर विश्वविद्यालय को 3.2 से शिकस्त दी। सेमीफाइनल में भी खिलाडि?ों ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए गुना विश्वविद्यालय को 3-2 से पराजित कर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। खिताबी मुकाबले में टीम को इंदौर विश्वविद्यालय से चुनौती मिली, जिसमें वह विजेता बनने से चूक गई, लेकिन उपविजेता का खिताब हासिल कर अपनी खेल क्षमता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। टीम के क्रीड़ा अधिकारी गगन चौधरी ने बताया कि खिलाडियों ने पूरे टूर्नामेंट के दौरान उत्कृष्ट खेल भावना, तकनीकी दक्षता और अदम्य उत्साह का परिचय दिया। खरगोन विश्वविद्यालय की टीम में अमित कौशल, निखिल गुप्ता, हिंद पाटीदार, अभिनव जोशी, मेहुल पाटिल, सौरभ कलंकार और रेवसिंग तरोले शामिल रहे। इस उपलब्धि पर कुलगुरु मोहनलाल कोरी और प्राचार्य जीएस चौहान ने टीम को बधाई दी।



स्वर्णकार कॉलोनी में 14वें वर्ष शरद पूर्णिमा पर विशाल भंडारा, श्रद्धालुओं ने ग्रहण की प्रसादी

खरगोन। शहर के बिस्टान नाका स्थित स्वर्णकार कॉलोनी में मां नवशक्ति गरबा मंडल द्वारा शरद पूर्णिमा पर लगातार 14वें वर्ष विशाल भंडारा प्रसादी का आयोजन किया गया। यह विशेष आयोजन मां काली दरबार में हुआ। मंदिर में विराजित मां काली, मां सरस्वती, मां लक्ष्मी और मां अष्टभुजा शेरावाली माता की विशेष पूजा-अर्चना की गई, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। उपासक स्वर्गीय औंकार की प्रेरणा से आयोजित इस धार्मिक महोत्सव में सुबह 10 बजे कन्या पूजन के साथ विशाल भंडारे की शुरूआत हुई। कन्याओं के सम्मान के साथ ही प्रसादी वितरण का सिलसिला आरंभ हुआ। दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक चले इस भंडारे में दूर.दराज से आए हजारों श्रद्धालुओं ने देवी दरबार में दर्शन के बाद श्रद्धापूर्वक प्रसादी ग्रहण की। इस वर्ष भी आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा गया। मां नवशक्ति गरबा मंडल ने बताया कि इस आयोजन का प्रमुख उद्देश्य क्षेत्र में धार्मिक सद्भाव और सांस्कृतिक परंपराओं को बढ़ावा देना है। मंडल ने नवरात्र में लगातार नौ दिनों तक रंगारंग गरबा नृत्य के माध्यम से माता की आराधना की थी, जिसमें स्थानीय निवासियों ने बढ़.चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी आस्था प्रकट की। नवरात्र महोत्सव का भव्य समापन भी शरद पूर्णिमा के दिन ही किया गया। भंडारे में पहुंचे श्रद्धालुओं की मंडल के महिला-पुरुष और बच्चों ने अतिथियों की तरह अगवानी की।

श्री बालाजी महाराज का ऐतिहासिक तीन दिवसीय मेला सम्पन्न

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर

माँ ताप्ती के पावन तट स्थित सतियारा घाट पर भगवान श्री बालाजी महाराज का ऐतिहासिक तीन दिवसीय मेला 22 से 24 अक्टूबर तक श्रद्धा, भक्ति और सांस्कृतिक उल्लास के साथ संपन्न हुआ।

मेले के अंतिम दिवस आयोजित भजन संध्या और गरबा रास प्रतियोगिता में देर रात तक श्रद्धालु झूमते रहे। 8 गरबा मंडलों की आकर्षक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस ने भगवान श्री बालाजी महाराज के दर्शन कर बुरहानपुरवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने श्रद्धालुओं के साथ बैठकर भजन संध्या का आनंद लिया। च्बालाजी के गोविंदा, गोविंदा के बालाजीज के जयघोष के बीच बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। मेले के अंतिम दिवस आयोजित गरबा रास प्रतियोगिता में 8 मंडलों ने भाग लिया। यूडीसी गरबा मंडल, बुरहानपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त कर 31 हजार रुपए का पुरस्कार जीता। मां मातृशक्ति गरबा मंडल, लालबाग द्वितीय स्थान पर रहा, जिसे 21 हजार रुपए प्रदान किए गए। मां चामुंडा गरबा मंडल, सागफाटा, नेपानगर ने तृतीय स्थान प्राप्त कर 11 हजार रुपए का पुरस्कार हासिल किया। शेष प्रतिभागी मंडलों को 5-5 हजार रुपए के सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। भजन संध्या में जय मारुति म्यूजिकल ग्रुप के भजन गायक नितीन मेढ़े ने भक्तिमय प्रस्तुति दी।



मेले का शुभारंभ 22 अक्टूबर को भगवान श्री बालाजी महाराज के कुंभाभिषेक, दीपदान और माँ ताप्ती की महाआरती के साथ हुआ। चंद्रकांत बालाजी वाले एवं मोहन बालाजीवाले के सानिध्य में ब्राह्मणों ने विधि-विधान से पूजन संपन्न कराया। शाम को आकाशवाणी एवं दूरदर्शन के प्रसिद्ध शहनाई वादक गजानन वारुडे तथा बांसुरी वादक श्याम चौधरी और उनकी टीम ने सुरमयी प्रस्तुतियां दीं।

दूसरे दिन 23 अक्टूबर को तिलक एकेडमी, ब्रह्मपुर के बच्चों ने शौर्य प्रदर्शन किया। विभिन्न व्यायामशालाओं के प्रतिभागियों ने योगाभ्यास, लेझिम, बाना-बनेटी की युद्धकला और हैरतअंगेज करतबों का प्रदर्शन किया। कीलों पर लेटकर शरीर पर बैलगाड़ी का पहिया रखकर नारियल फोड़ने, सीने पर फर्श तोड़ने, आंख की पलक और कान से केबल बांधकर पानी से भरी बाल्टी लटकाने और दांतों से 40 किलोग्राम वजन उठाने जैसे जोखिमपूर्ण करतबों ने दर्शकों को अचंभित कर दिया। अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकार मुकेश दरबार ने श्रीकृष्ण-सुदामा की मित्रता पर आधारित भावपूर्ण नृत्य-नाट्य प्रस्तुत किया। तिब्बती समाज के कलाकारों ने पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर अर्चना चिटनिस ने कहा कि माँ ताप्ती के तट पर लगभग साढ़े चार सौ वर्षों से आयोजित भगवान श्री बालाजी महाराज का मेला बुरहानपुर की आस्था, विश्वास और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। यह आयोजन केवल धार्मिक परंपरा का निर्वहन नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और सभ्यता को जीवंत स्वरूप में देखने का अवसर भी है। उन्होंने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

न्यूज -कॉलम

मोटर चोरी की बात को लेकर 2 पक्षों में विवाद

उज्जैन। तराना थाना क्षेत्र के ग्राम बघेरा में संजय पिता कैलाशचंद्र पंड्या औश्र चंदरसिंह पिता लक्ष्मणसिंह मोंगिया के बीच खेत पर लगी पानी की मोटर चोरी करने की बात पर विवाद हो गया। दोनों ओर से मारपीट हुई। संजय की ओर से उसका भाई अर्जुन घायल हो गया। वहीं चंदर की ओर से रमेश पिता शंकरलाल, संजय पिता लक्ष्मीनारायण मोंगिया निवासी ग्राम छडावद और राजाराम पिता धुलजी निवासी सार्थक नगर उज्जैन घायल हुये। रमेश और संजय को उपचार के लिये उज्जैन लाया गया। जहां रमेश ने बताया कि वह चंदर मोंगिया के यहां अपने भतीजे संजय का रिश्ता तय करने गया था। उसी दौरान चंदर के पडोसी संजय पंड्या और उसके परिवार ने हमला किया। उनका विवाद से कोई लेना देना नहीं था। तराना पुलिस ने मामले में दोनों पक्षों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

पत्नी की आत्महत्या के मामले में पति गिरफ्तार

उज्जैन। पंवासा थाना क्षेत्र के ग्राम मोरूखेडी में रहने वाली कविता चंदेल 27 साल ने एक माह पहले घर में साडी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली थी। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद मामले की जांच शुरू की थी। कविता 2 बच्चों की मां थी, मायके पक्ष के बयान दर्ज करने पर सामने आया कि कम उम्र में शिवशंकर उर्फ रामगोपाल चंदेल से शादी की थी। शिवशंकर शराब पीने का आदी हो चुका था और कविता पर चरित्र शंका कर मारपीट करता था। पति की मारपीट से परेशान होकर उसने आत्महत्या की है। पुलिस ने बयान और जांच में आये तथ्यों के आधार पर एक माह बाद पति के खिलाफ प्रताडित करने का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। जिसे सोमवार को न्यायालय में पेश किया जायेगा।

कायथा स्वास्थ्य केन्द्र 24 घंटे खुला रखने की प्रयास



उज्जैन। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी का कार्यभार संभालने के बाद डॉ. विक्रम रघुवंशी द्वारा लगातार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण कर ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को बेहतर उपचार मिल सके इसके निर्देश दिये जा रहे है। शनिवार रात डॉ. रघुवंशी टीम के साथ कायथा और ताजपुर स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण करने पहुंचे थे। इस दौरान सामने आया कि कायथा स्वास्थ्य केन्द्र शाम 5 बजे बंद हो जाता है। यहां स्टॉफ की कमी है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रघुवंशी ने कायथा स्वास्थ्य केन्द्र की पूरी जानकारी प्राप्त की और केन्द्र को 24 घंटे खुला रखने के लिये भोपाल स्वास्थ्य विभाग को पत्र लिखकर सभी व्यवस्थाओं को पूरा कराने की बात कहीं। कायथा से ताजपुर स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचे डॉ. रघुवंशी ने यहां की व्यवस्था को सही पाया लेकिन सफाई और रिकार्ड अपडेट करने के निर्देश अधिनस्थों को दिये। शुक्रवार को उनके द्वारा इंगोरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र और खरसोदखुर्द उप स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया था। इस दौरान प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान शिविर, गर्भवती पंजीयन, हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं के प्रबंधन, आयुष्मान कार्ड, ओपीडी, दवाई वितरण लेब आदी की व्यवस्था देखकर शत प्रतिशत प्रगति के निर्देश दिये थे।

खेत से जहरीला पदार्थ खाकर घर लौटे युवक की मौत

उज्जैन। ग्राम सुमराखेडा कायथा में रहने वाला जितेन्द्र पिता कालूराम चौहान 32 साल शनिवार सुबह खेत पर गया था। दोपहर में घर लौटा तो उल्टियां करने लगा और बेसुध हो गया। परिवार ने पूछताछ की तो उसने जहरीला पदार्थ खाना बताया। परिजन उसे तत्काल उपचार के लिये गांव के स्वास्थ्य केन्द्र लेकर पहुंचे। जहां हालत गंभीर होने पर उज्जैन रैफर किया गया। परिवार ने उज्जैन लाने के बाद निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां रविवार तडके जितेन्द्र की मौत हो गई। मामले में माधवनगर थाना पुलि ने पोस्टमार्टम कराया है। जांच कायथा थाना पुलिस को सौंपी जायेगी।

परिजन कमरे में पहुंचे तो फंदे पर लटका था

उज्जैन। घट्टिया थाना क्षेत्र के ग्राम सजनखेडा में रहने वाले 26 वर्षीय रोहित पिता लक्ष्मण सोलंकी ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजन कमरे में पहुंचे तो उसे लटका देखा। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस घटनास्थल पहुंची और शव को फंदे से उतारा गया। प्रारंभिक जांच में रोहित के फांसी लगाने का कारण सामने नहीं आया है। फिलहाल मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल भेजा गया। पुलिस के अनुसार परिजनों के बयान और मतृक के मोबाइल की कॉल डिटेल देखने के बाद ही फांसी लगाने का कारण सामने आ पायेगा।

एडीजी-एसपी की कंट्रोलरूम पर अधिनस्थों के साथ चर्चा.....

सिंहस्थ 2028: सुरक्षा- व्यवस्था और भीड़ प्रबंधन पर मंथन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



बाबा महाकाल की नगरी में मोक्षदायिनी क्षिप्रा किनारे सिंहस्थ 2028 का आयोजन होने जा रहा है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा- व्यवस्था के साथ भीड प्रबंधन की जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन पर होगी। जिसको लेकर पिछले छह माह से कार्ययोजना तैयार की जा रही है। रविवार को एडीजी राकेश गुप्ता और एसपी प्रदीप शर्मा ने अधिनस्थों के साथ चर्चा कर मंथन किया।

पुलिस कंट्रोल रूम सिंहस्थ की तैयारियों को लेकर आयोजित की गई बैठक के दौरान दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने अधिनस्थों के साथ सिंहस्थ के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, वाहनों की पार्किंग, सुरक्षित स्नान की सुविधा उपलब्ध कराने के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की संभावित संख्या को ध्यान में रखते हुए कार्ययोजना तैयार करने पर जोर दिया गया। एडीजी और एसपी ने बताया कि सिंहस्थ जैसे विशाल धार्मिक आयोजन में श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होती है। भीड प्रबंधन की प्रभावी व्यवस्था, संवेदनशील, भीडभाड वाले क्षेत्रों की पहचान, प्रमुख मार्गों पर पुलिस बल की तैनाती और आवश्यकता के अनुरूप सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ बनाने जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया जाना आवश्यक है।

स्नान पर्वों के साथ प्रमुख दिनों पर श्रद्धालुओं की संख्या में संभावित वृद्धि को देखते हुए घाटों पर प्रवेश के साथ निकास मार्गो और अन्य प्रमुख स्थलों पर भीड की आवाजाही को व्यवस्थित रखने के लिए योजनाबद्ध व्यवस्था महत्वपूर्ण होगी, भगदड जैसी अप्रिय घटनाओं की आशंका को न्यूनतम करने के प्रयास करने होगें।

यातायात-पार्किंग व्यवस्था को बना होगा सुगम-बैठक में श्रद्धालुओं के वाहनों की पार्किंग और यातायात प्रबंधन से जुडे विषयों पर मंथन किया गया। पार्किंग स्थलों का उचित नियोजन, प्रमुख मार्गों पर यातायात का संचालन तथा आवश्यकता के अनुसार वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था महत्वपूर्ण होगी। पार्किंग स्थलों से स्नान घाटों, प्रमुख धार्मिक स्थलों तक पहुंचने में श्रद्धालुओं को सुविधा हो, इसके लिए स्पष्ट दिशा-सूचक संकेतक, यातायात मार्गदर्शन, सार्वजनिक परिवहन की व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान देने की बात कहीं गई।

आधुनिक तकनीक से निगरानी व्यवस्था पर जोर- सिंहस्थ के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने के लिए आधुनिक तकनीक का उपयोग महत्वपूर्ण रहेगा। जिसके लिये सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी, कंट्रोल रूम से व्यवस्थाओं की सतत मॉनिटरिंग, भीड़ की स्थिति पर त्वरित प्रतिक्रिया देने वाली व्यवस्था विकसित की जा सकती है। संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी बढाने, किसी भी अप्रिय स्थिति की समय रहते पहचान करने और संबंधित अधिकारियों के बीच सूचना के आदान-प्रदान से सुरक्षा प्रबंधन को और मजबूत बनाया जा सकेगा।

दबिश में मिला कच्ची शराब बनाने का महुआ लहान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



अवैध शराब परिवहन के साथ कच्ची शराब बनाने के ठिकानों पर आबकारी विभाग की टीमें लगातार कार्रवाई कर रही है। रविवार को ग्रामीण क्षेत्रों में दी गई दबिश के दौरान 7 लीटर कच्ची शराब के साथ 100 किलोग्रमा महुआ लहान बरामद किया गया।

आबकारी नियंत्रण कक्ष अधिकारी मुकेश रंदा ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से जिले में विभाग की अलग-अलग टीम अवैध शराब परिवहन, ब्रिकी और हाथ भट्टी पर बनने वाली कच्ची शराब को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में दबिश मार रही है। रविवार को आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) के 7 प्रकरण दर्ज किये गये और पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

इस दौरान 7.92 बल्क लीटर देशी शराब, 7 लीटर कच्ची हाथ भट्टी की शराब और सौ किलोग्राम महुआ लहान बरामद किया गया। उक्त कार्यवाही सहायक आबकारी आयुक्त निधि जैन के मार्गदर्शन में की जा रही है। इस दौरान तराना में आबकारी दल द्वारा 4 प्रकरण दर्ज किए गए जिसमें तराना के आरोपी संतोष पिता छगनलाल से 10 क्वार्टर, बाबूलाल पिता गौरीशंकर से 12 क्वार्टर, जगन्नाथ पिता कालू से चेकिंग में 5 लीटर हाथभट्टी और करण पिता जगजीराव से 12 देशी शराब के क्वार्टर जप्त किये गये। बडनगर में टीम द्वारा 2 प्रकरण दर्ज कर 2 लीटर कच्ची शराब और 100 किलोग्राम शराब बनाने का महुआ लहान बरामद हुआ, जिसे मौके पर ही नष्ट किया गया। खाचरोद में 1 प्रकरण में आरोपी धर्मेंद्र पिता धारासिंह से 1.8 बल्क लीटर अंग्रेजी शराब जप्त की गई। आबकारी टीम का अभियान आगे भी लगातार जारी रखा जायेगा।

पत्नी से बात करने पर युवक को मारे थे चाकू

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



पत्नी से बात करने पर पति ने अपने 2 भाई और रिश्तेदार के साथ मिलकर युवक को चाकू मार दिये थे। युवक के गंभीर घायल होने पर पुलिस ने जानलेवा हमले का प्रकरण दर्ज किया था। शनिवार को पुलिस ने हमले में शामिल चारों आरोपियों को हिरासत में ले लिया। जिनसे रिमांड पर पूछताछ की जा रही है।

चिमनगंज थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि 3 अक्टूबर को ज्ञानेश्वरी माता मंदिर की गली ढांचा भवन में तुषार पिता विनोद भंडारी 22 वर्ष निवासी विश्वबैक कॉलोनी पर चाकू से मदन पिता रतनलाल यादव ने अपने भाई सत्या उर्फ सत्तू यादव, पवन यादव और सुमित पिता रमेश यादव के साथ मिलकर जानलेवा हमला किया था। मामले में घायल तुषार की शिकायत पर चारों के खिलाफ 109(1), 127(2), 296 (ए), 115 (2), 3(5) का प्रकरण दर्ज किया था। चारों हमला करने के बाद से लगातार फरार चल रहे थे। शनिवार को सूचना मिलने पर चारों को हिरासत में लिया गया। जिन्हे न्यायालय से पूछताछ के लिये 2 दिन की रिमांड पर लिया गया है। जानलेवा हमले का मुख्य आरोपी मदन यादव है। घायल तुषार उसकी पत्नी से बातचीत करता था। जिसके चलते दोनों पति-पत्नी में मामला तलाक तक पहुंच गया था। इसी को लेकर मदन ने जान से मारने की नियत से तुषार को चाकू मारे थे।

फिर 2 दिन बाद बदल सकता है मौसम का मिजाज

उज्जैन। प्रदेश का मौसम एक बार फिर मिजाज बदल सकता है। जिसकी वजह बंगाल की खाडी में बना चक्रवाती तूफान है। तेज हवा के साथ प्रदेश के कई जिलों में बारिश हो सकती है।

मौसम वैज्ञानिको के अनुसार बंगाल की खाडी में कम दबाव का क्षेत्र बनने से सोमवार सुबह चक्रवाती तूफान उठ सकता है। जो तेजी के साथ आगे बडेगा जो 28 अक्टूबर को आंध्र प्रदेश के तट से टकरा सकता है। इस तूफान के चलते दक्षिणी और पूर्वी भारत के कई हिस्सों में बारिश हो सकती है। तूफान का असर मध्यप्रदेश के कई जिलों में पढ़ने की संभावना जताई गई है। प्रदेश मे तूफान का असर 28 से 30 अक्टूबर तक बना रहेगा। मौसम विभाग ने प्रदेश के कई इलाकों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। जिसमें उज्जैन भी शामिल है। वैसे पिछले 2 दिनों से शहर के न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज हो रही है। दिन में मौसम साफ होने पर तापमान 34 डिग्री के आसपास दर्ज हो रहा है। 2 दिन बाद चक्रवाती तूफान का असर पड़ते ही अधिकतम तापमान में भी गिरावट आ सकती है। नम्बर माह के प्रथम सप्ताह बाद मौसम में काफी बदला आ जायेगा और ठंड की शुरूआत होगी।

कालभैरव मंदिर क्षेत्र में गंदगी और अतिक्रमण पर कलेक्टर सख्त

नगर निगम के दो अधिकारियों को नोटिस

उज्जैन। कालभैरव मंदिर परिसर और वहां तक पहुंचने वाले मार्गों पर गंदगी और अतिक्रमण मिलने पर कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने सख्त कार्रवाई की है। उन्होंने नगर निगम के अपर आयुक्त पवन सिंह और सहायक आयुक्त घनश्याम मचार को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है। दोनों अधिकारियों को तीन दिन के भीतर लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने रविवार को कालभैरव मंदिर परिसर और आसपास के पहुंच मार्गों का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान मंदिर क्षेत्र में साफ-सफाई की स्थिति असंतोषजनक मिली। नालियों की नियमित सफाई नहीं होने से जलभराव और गंदगी की समस्या पाई गई। वहीं, मार्गों पर अवैध अतिक्रमण के कारण श्रद्धालुओं के आवागमन में भी बाधा उत्पन्न हो रही थी।

लापरवाही पर कार्रवाई- मंदिर परिसर और आसपास के मार्गों पर स्वच्छता बनाए रखने तथा नियमित निगरानी की जिम्मेदारी नगर निगम के अधिकारियों की है। निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाओं में कमी पाए जाने पर कलेक्टर ने अपर आयुक्त पवन सिंह और सहायक आयुक्त घनश्याम मचार को नोटिस जारी किया।

दोनों अधिकारियों से मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1966 के प्रावधानों के तहत आगे की कार्रवाई प्रस्तावित करने से पहले स्पष्टीकरण मांगा गया है। उन्हें तीन दिन के भीतर उपस्थित होकर लिखित जवाब प्रस्तुत करना अनिवार्य किया गया है।

नकली सोना थमाकर चांदी के असली आभूषण ठगे

उज्जैन। किसान को बातों में उलझाकर एक युवक ने नकली सोने का हार और मोती थमाकर चांदी के असली आभूषण ठग लिये। किसान को नकली सोना होने का पता चला तो पुलिस को शिकायत दर्ज कराई। मामले में धोखाधडी का प्रकरण दर्ज कर युवक की तलाश शुरू की गई है। नागदा थाना पुलिस ने बताया कि ग्राम चंदोडिया में रहने वाले किसान किशनसिंह गुर्जर का मोबाइल पर एक युवक से संपर्क हुआ था। युवक ने राजस्थान चित्तौडगढ़ में काम के दौरान खुदाई में एक किलो सोने के मोती और हार मिलना बताया। उसने खुद का नाम राहुल प्रजापत निवासी उत्तरप्रदेश बताया। उसके द्वारा खुदाई में मिला सोना बेचने पर कुछ राशि देने की बात भी कहीं। किसान उसकी बातों में आ गया और खाचरौद से नागदा सगस महाराज के मंदिर मिलने पहुंच गया। पहले उसे 2 मोती दिये गये, किसान ने उसे सुनार को दिखाये, जो असली सोने के थे। भरोसा कर उसने सोने के मोती और हार देने के लिये कहा और बेचने की बात कहीं। लेकिन राहुल नामक युवक ने कहा कि इतना सोना देकर तुम पर कैसे विश्वास करूं। मेरी मां को बदलने में कुछ देना होगा। किसान ने अपने घर से 3 किलो से अधिक चांदी के आभूषण लाकर राहुल को दिये और 1 किलो वजन का सोना ले लिया। जिसे बेचने सुनार के पास पहुंचा तो पता चला कि मोती नकली है। किसान के साथ धोखाधड़ी 20 सितंबर को हुई थी। उसने मामले में आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई। मामले की जांच के बाद अज्ञात मोबाइल धारक युवक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की गई है। गौरतलब हो कि पूर्व में जिले में शातिर बदमाशों द्वारा खुदाई में सोना मिलने का झांसा देकर लोगों के साथ धोखाधडी की जा चुकी है। कुछ माह पहले माधवनगर थाना पुलिस भोजनालय चलाने वाली एक महिला के साथ हुई इसी तरह की धोखाधड़ी में झाबुआ के दंपत्ति को गिरफ्तार किया था।

In The Court Of II Additional Judge To I Civil Judge Class-I

Presiding Officer: **सुश्री दीपिका यादव**

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)

(RCSA/0000699/2025)

श्रीमती निलम शर्मा.....वादी

विरूद्ध

आशुतोष शर्मा..... प्रतिवादी

प्रोसेस आईडी-/2026

पेशी दिनांक 15/11/2026

प्रेषिती- (1) आशुतोष शर्मा पिता ओमप्रकाश शर्मा पता-बी 18/4 महानंदा नगर उज्जैन

यह कि प्रार्थी क्रं. 1 श्रीमती निलम शर्मा पति स्व.विजयन्त शर्मा, आयु-46 वर्ष, व्यवसाय-गृहकार्य, निवासी-खण्डेलवाल नगर आगर रोड उज्जैन आदि-3 ने एक वाद वास्ते स्वत्व घोषणा, घोषणात्मक सहायता एवं स्थाई निषेध हेतु एक भवन क्रं. 62 खण्डेलवाल नगर आगर रोड उज्जैन के संबंध में आपके विरूद्ध सिविल सूट ए के लिए संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के उपसंजात / हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) ब उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उ दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिद आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुज के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे बाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित कि जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 22 अक्टूबर 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है। कृपया ध्यान दे-1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगानी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

न्यायालय की मुद्रा

सुश्री दीपिका यादव

प्रथम व्यवहार न्यायाधीशवरिष्ठ खण्ड

के अतिरिक्त द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश जिला-उज्जैन(म. प्र.)

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वंदना पिता श्री चंद्रशेखर आचार्य के मालकी एवं आधिपत्य की संपत्ति भूखण्ड क्रमांक 23 दक्षिण भाग, किर्ती नगर, गोयला खुर्द, इंदौर रोड, तह. व जिला उज्जैन (म.प्र.) जिसका कुल क्षेत्रफल 81.48 वर्गमीटर है। उक्त संपत्ति को हमारी पक्षकार कंपनी टाटा केपीटल हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड, इंदौर (मप्र) द्वारा बंधक रखकर प्रस्तावित ऋणी श्री रोहित पिता श्री नामदेव राव को ऋण प्रदान किया जा रहा है। सदर संपत्ति के चैन दस्तावेजों में रजिस्टर्ड विक्रय पत्र कमांक 1अ /4943 दिनांक 29.01.2010 की असल प्रति कही गुम हो गई है. जिसकी सूचना संबंधित थाने में दी जा चुकी है। जिसके आधार पर किसी भी व्यक्ति संस्था, बैंक या अन्य किसी निकाय द्वारा ऋण, भार, बोर हक्क, स्वत्व या अधिकार, कय-विक्रय, अनुबंधित या किसी प्रकार से कोई व्यवहार नहीं करे, यदि पूर्व मे कोई व्यवहार किया गया हो तो इस सूचना प्रकाशन से 07 दिवस की अवधि में लिखित में दस्तावेज प्रस्त अन्यथा अवधि पश्चात ऐसा कोई कृत्य किया जाता है तो यह हमारी कंपनी एवं संपत्ति स्वामी पर बंध नही होगा। सो विदित होवे। दिनांक 23.10.2026

अखिलेश मिश्र एडव्होकेट
46-47/ ए. भवानीपुर कालोनी,
अन्नपूर्णा रोड, इंदौर
मो. 98263-05177

मुरम से भरा डंपर पलटा, आगररोड पर लगा जाम


उज्जैन। आगररोड पर शनिवार-रविवार रात मुरम से भरा डंपर पलटी खा गया। घटनाक्रम के बाद मार्ग पर जाम लगा गया। पुलिस ने क्रेन की मदद से डंपर को खड़ा किया और आवगनम शुरू कराया।

घट्टिया थाना क्षेत्र के ग्राम नजरपुर से जैथल की ओर आ रहा मुरम से भरा डंपर अचानक पलटी खा गया। मुरम सडक पर फैल गई, रात का समय होने पर बड़ी जनहानि नहीं हुई लेकिन बीच स?क पर डंपर पलटने से मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लम्बी कतार लग गई। मार्ग उज्जैन-आगर-झालावाड से जुडा होकर हाईवे है। डंपर पलटने की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और क्रेन की मदद से डंपर को खडा कर मार्ग से हटाया। रात में सडक पर फैली मुरम भी मजदूर बुलाकर हटाई गई। जिसके बाद आवागमन शुरू हो सका। चालक का कहना था अचानक स्टेरिंग जाम होने पर डंपर पलट गया था।

तराना में पलटा लोडिंग वाहन

रविवार शाम को तराना में लोडिंग वाहन पलटी खा गया। वाहन में एक ही परिवार के 6 से 7 लोग सवार थे। घटनाक्रम में 10 साल का गोपाल पिता अर्जुन और 17 वर्षीय विशाल पिता सुभाष निवासी छोटी मायापुरी उज्जैन घायल हो गये। लोडिंग घायल गोपाल के पिता चला रहे थे। परिवार अपने पैतृक गांव खजूरिया परमार से तराना रिश्तेदारी में जा रहा था। चालक अर्जुन का कहना था कि स्टेरिंग फैल होने पर घटना हुई है।

निर्वाण का अर्थ



किसी ने मुझसे कहा, महापुरुषों के संबंध में पुस्तकों को पढ़ते समय निर्वाण शब्द बार-बार सामने आता है। यद्यपि सुनने में यह शब्द काफी आकर्षक लगता है, ज्ञानी पुरुषों के साथ जोड़कर देखते हुए जरा हिचक का अनुभव होता है।

दरअसल, निर्वाण शब्द को नग्नता के अर्थ में लेने के कारण यह गड़बड़ी हुई थी। तमिल में निर्वाण शब्द का अर्थ नग्नता है। समाधि की अवस्था के लिए इस्तेमाल किया गया यह शब्द सर्वथा उपयुक्त है। निर्वाण का अर्थ है, न होने की स्थिति। यही तो प्रत्येक आध्यात्मिक खोज का लक्ष्य है। समाधि क्या है? समा का मतलब है शांति, भेदभाव से रहित स्थिति। इस तरह इसके कई अर्थ हैं। धी शब्द बुद्धि को सूचित करता है।

आप एक पत्थर को तोड़ना चाहते हैं। अगर आपको पत्थर और हाथ में अंतर करना नहीं आता, तो उंगली घायल कर लेने की भी आशंका है। मनोरोगी को अपने भोजन को मुंह की ओर ले जाने में भी भारी दिक्कत होती है। क्यों? इसीलिए कि हाथ और भोजन को अलग-अलग करके देखने की शक्ति नहीं है, विश्लेषण की बुद्धि नहीं है। इसलिए विश्लेषित कर देखने के लिए बुद्धि की जरूरत पड़ती है। हालांकि, नाना प्रकार के धर्म क्या कहते हैं? कहते हैं, यह अलग, वह अलग नहीं है। सब एक है। वही ईश्वर है। विज्ञान भी डंके की चोट पर कहता है कि सब एक ही है। सब एक ही है- इसे शब्दों द्वारा कहने मात्र तक न रुककर, उसे अपने अनुभव से महसूस करने का प्रयत्न ही आध्यात्मिक खोज है। बुद्धि को सीमा में परखते हुए, उसकी अंतर करने की प्रकृति से परे जाने का महान अनुभव ही समाधि की स्थिति है।

सम्पादकीय


सीमा की चिंता

भारत-चीन सीमा पर लगातार तनाव चिंता की बात है। जहां, दोनों देशों के बीच व्यापार दिनोंदिन बढ़ रहा है, वहीं सरहद पर रहने वाले भारतीयों की चिंता भी बढ़ती लग रही है। सीमा पर तनाव की पहली स्पष्ट सूचना भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के महानिदेशक शत्रुजीत कपूर की ओर से आई है, तो इसकी गंभीरता को स्वाभाविक ही समझा जा सकता है। खासतौर पर अरुणाचल प्रदेश की सीमा पर कई स्थानों पर चीनी सैनिकों के साथ झड़पें जुलाई महीने से ही जारी हैं। आईटीबीपी के महानिदेशक के मुताबिक, स्थिति तनावपूर्ण होती जा रही है। चीनी सैनिक तकसिंग क्षेत्र में अहम गश्ती चौकियों तक भारतीय सेना को पहुंचने से रोक रहे हैं। सरकार या सेना की ओर से इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन महानिदेशक ने आईटीबीपी कर्मियों के वार्षिक अभिनंदन समारोह में इस सूचना को उजागर कर दिया है। इसके बाद जाहिर है, लोग इस मामले में और स्पष्टता की आशा करेंगे। वैसे, यह अंदेशा पहले से ही रहा है कि भारत-चीन सीमा पर सब कुछ अच्छा नहीं चल रहा है, लेकिन अब चिंता और सजगता, दोनों की कुछ ज्यादा ही जरूरत महसूस हो रही है।

ध्यान रहे, साल 1962 में गठित आईटीबीपी ही चीन के साथ लगती भारत की लगभग 3,488 किलोमीटर लंबी वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) की रक्षा करती है। इस विशेष पुलिस बल का गठन चीन के दुस्साहस को रोकने के लिए ही एक विशेष पर्वतीय गुरिल्ला बल के रूप में किया गया था। हालांकि, यह सराहनीय बात है कि यह विशेष पुलिस बल खुद को जरूरत के हिसाब से बदल रहा है। इसने अपनी सभी सीमा इकाइयों में ड्रोन प्लाटून तैनात किए हैं और गलवान जैसी झड़प से बेहतर ढंग से निपटने में सक्षम है। विशेष युद्ध प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाने के साथ ही, यह सीमा पर भूमिगत बुनियादी ढांचा बनाने में जुटा है। भारतीय सीमा में अनेक तरह के निर्माण चल रहे हैं और जरूरी सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। ऐसे में, चीन का सक्रिय होना आश्चर्य की बात नहीं है। अभी चीन ने 19 अक्तूबर को ही भारी मशीनरी के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया है। वह 18 नवंबर के बाद भारत और कुछ अन्य देशों को भारी मशीनरी निर्यात नहीं करेगा।

महर्षि वाल्मीकि जयंती पर विशेष

महर्षि वाल्मीकि की रामायण-रचना की प्रेरणा



डॉ. नरेन्द्र मेहता (दैनिक अवन्तिका)



भारतीय साहित्य और संस्कृति में महर्षि वाल्मीकि का स्थान अत्यंत ऊँचा है। उन्हें आदिकवि कहा जाता है और उनकी रामायण को आदिकाव्य की संज्ञा दी जाती है। यह केवल श्रीराम के जीवन की कथा नहीं, बल्कि धर्म, करुणा, कर्तव्य, त्याग, मर्यादा और मानवीय संवेदना का महाकाव्य है। रामायण को महाकाव्य इसलिए कहा जाता है कि इसका विषय किसी एक घटना तक सीमित नहीं, बल्कि एक नायक के जीवन और उसके माध्यम से पूरे समाज के नैतिक-सांस्कृतिक प्रश्नों का विस्तृत चित्रण है। इसमें राजधर्म, पितृभक्ति, भ्रातृप्रेम, दाम्पत्य-निष्ठा, मित्रता, जनकल्याण, शौर्य, करुणा, प्रकृति और मानवीय दुर्बलताओं का व्यापक वर्णन है। कथा का विस्तार, अनेक पात्र, विविध रस, प्रकृति-चित्रण, संवाद, युद्ध-वर्णन और आदर्शों की परीक्षा इसे महाकाव्यात्मक गरिमा देते हैं।

महर्षि महर्षि वाल्मीकि -रामायण के बालकाण्ड के आरंभ में महर्षि वाल्मीकि देवर्षि नारद मुनि से प्रश्न करते हैं कि संसार में ऐसा कौन मनुष्य है जो गुणवान, वीर, धर्मज्ञ, कृतज्ञ, सत्यवादी, दृढ़प्रतिज्ञ और सबके हित की भावना रखने वाला हो। नारद मुनिउन्हें श्रीराम का परिचय देते हैं और संक्षेप में श्रीराम के जीवन, गुणों तथा आदर्शों का वर्णन करते हैं। इस प्रकार नारद मुनि रामकथा के प्रथम प्रमुख प्रेरणा-स्रोत बनते हैं। महर्षि वाल्मीकि के सामने अब एक ऐसे चरित्र का आदर्श उपस्थित था जिसमें शक्ति के साथ विनम्रता, पराक्रम के साथ करुणा और अधिकार के साथ कर्तव्य का समन्वय था।

नारद मुनि के जाने के बाद महर्षि वाल्मीकि तमसा नदी के तट की ओर जाते हैं। वहाँ वे क्रौंच पक्षियों के एक जोड़े को देखते हैं। एक बहेलिया प्रणयरत जोड़े में से नर पक्षी को मार गिराता है। मादा पक्षी का करुण विलाप सुनकर महर्षि वाल्मीकि का हृदय द्रवित हो उठता है और उनके मुख से स्वतः एक छंदबद्ध वाणी निकलती है, जो शोक से उपजी कविता का रूप लेती है। परंपरा में इसे संस्कृत के प्रथम श्लोक का उद्गम माना जाता है। उसका प्रसिद्ध पाठ है–

मा निषाद प्रतिष्ठां त्वमगमः शाश्वतीः समाः।
यत्क्रौञ्चमिथुनादेकमवधीः काममोहितम॥

हे निषाद, काम-मोह में मग्न क्रौंच-युगल में से एक का वध करने के कारण तुम्हें दीर्घकाल तक प्रतिष्ठा न मिले। इस प्रसंग में करुणा केवल भावुकता नहीं रहती; वह काव्य की सृजन-शक्ति बन जाती है। इसी कारण संस्कृत परंपरा में ह्यशोकह्न से ह्यश्लोकह्न के उद्भव की व्याख्या की जाती है।

परंपरागत कथा के अनुसार, इसके बाद सृष्टिकर्ता ब्रह्मा महर्षि वाल्मीकि के आश्रम में आते हैं। वे इस छंद को दैवी प्रेरणा से उत्पन्न बताते हैं और महर्षि वाल्मीकि को नारद मुनिसे सुनी रामकथा को इसी काव्य-रूप में विस्तार देने का निर्देश देते हैं। ब्रह्मा उन्हें आश्वस्त करते हैं कि श्रीराम के जीवन की ज्ञात-अज्ञात घटनाएँ उनके काव्य में प्रकट होंगी और उनकी रचना तब तक लोक में रहेगी जब तक पर्वत और नदियाँ विद्यमान हैं। इस प्रकार महर्षि वाल्मीकि की प्रेरणा के तीन मुख्य आधार सामने आते हैं– नारद मुनि से प्राप्त श्रीरामचरित्र, क्रौंच-वध से जागी करुणा और ब्रह्मा का दैवी आदेश।

क्या महर्षि वाल्मीकि को श्रीराम के प्रत्यक्ष दर्शन हुए थे? इस प्रश्न का उत्तर सावधानी से देना चाहिए। रामायण की परंपरागत कथा में ब्रह्मा का दर्शन और उनका आदेश स्पष्ट रूप से वर्णित है। श्रीराम के संबंध में महर्षि वाल्मीकि को नारद मुनि से कथा और ब्रह्मा से काव्य-दृष्टि प्राप्त होती है। उत्तरकाण्ड की परंपरा में महर्षि वाल्मीकि का सीता को आश्रय देना तथा कुश-लव को रामकथा सिखाना भी आता है। महर्षि वाल्मीकि के युग की विद्वत, वैदिक और काव्य-परंपरा में संस्कृत का महत्त्वपूर्ण स्थान था। संस्कृत में छंद, ध्वनि, शब्द-संपदा और व्याकरण की विकसित परंपरा उपलब्ध थी, जिससे गंभीर आख्यान को लयबद्ध और स्मरणीय रूप दिया जा सकता था। रामायण का श्लोक-छंद कथानक, संवाद, युद्ध, प्रकृति-वर्णन और भावनाओं को प्रभावशाली ढंग से व्यक्त करने में समर्थ सिद्ध हुआ।

महर्षि वाल्मीकि -रामायण सात काण्डों में विभाजित है–बालकाण्ड, अयोध्याकाण्ड, अरण्यकाण्ड, किष्किन्धाकाण्ड, सुन्दरकाण्ड, युद्धकाण्ड और उत्तरकाण्ड। यह विभाजन श्रीराम के जीवन की घटनाओं को क्रमशः प्रस्तुत करता हैः जन्म और बाल्यकाल; राज्याभिषेक की तैयारी तथा वनवास; वन-जीवन और सीता-हरण; सुग्रीव तथा वानर-सेना से मैत्री; हनुमान का लंका जाना और सीता का पता लगाना; युद्ध और विजय; तथा उत्तरकाण्ड में आगे की घटनाएँ। इस क्रम से कथा में आरंभ, विकास, संघर्ष, चरमबिंदु और परिणति का व्यापक ढाँचा बनता है।

महर्षि वाल्मीकि की रामायण-रचना के पीछे ज्ञान, करुणा, काव्य-प्रतिभा और दैवी प्रेरणा का अद्भुत संगम दिखाई देता है। नारद मुनि ने आदर्श पुरुष के रूप में श्रीराम का चरित्र सामने रखा; क्रौंच-वध ने करुणा को छंद में ढाल दिया; और ब्रह्मा के आशीर्वाद ने उस भाव को महाकाव्य में विकसित करने का संकल्प दिया। महर्षि वाल्मीकि जयंती पर उनका स्मरण हमें यह संदेश देता है कि महान साहित्य का जन्म केवल विद्वत्ता से नहीं, बल्कि संवेदनशील हृदय, सत्य की खोज और लोकमंगल की भावना से होता है।

लिफ्ट

अरे भाई, टेंडर बाद में देखना, अंदर मरीज फंसा है! मैनुअल ब्रेक खोलकर लिफ्ट नीचे लाओ! अधीक्षक चीखे। इंजीनियर की आवाज में वही अमर, अविचल सरकारी शांति थी जो केवल नियमों की कब्र पर उगती है। सर, नियमों का उल्लंघन करके अगर हमारे किसी लाइनमैन ने लिफ्ट को हाथ लगाया और कोई हादसा हो गया, तो विजिलेंस जांच हमारे ऊपर बैठेगी। बिना अधिकृत वर्क ऑर्डर के हम स्क्रूड्राइवर भी नहीं छू सकते। आप पहले पोर्टल पर इमरजेंसी टिकट अप्रूव कराइए।ह्र यार, तुमने कभी देखा है कि जब किसी मां की कोख का चिराग बुझ रहा होता है, तो उस वक्त डिजिटल पोर्टल पर अनुमोदन की फाइल कितनी नजाकत से रेंगती है?

अंदर लोहे के उस बक्से में ऑक्सीजन सिलेंडर की सुई लाल निशान से टकरा चुकी थी। राहुल के होठ नीले पड़ने लगे। उसकी उंगलियां अपनी माँ की साड़ी के पल्लू को कसकर भींचने लगीं। हवा खत्म हो रही थी। शाफ्ट की सड़ांध और कार्बन डाइऑक्साइड का दबाव बढ़ रहा था। निर्मला ने अपने सिर का पल्लू उतारकर अपने बेटे के चेहरे पर हवा झलना शुरू किया। राहुल... बेटा, आँख मत बंद कर... देख, अभी दरवाजा खुलेगा... अभी डॉक्टर बाबू आएंगे... लेकिन लोहे की उस दीवार के पार केवल अफसरों की बूटों की आवाजें आ रही थीं, जो मंत्री जी के स्वागत के लिए रेड कारपेट बिछा रहे थे।

अड़तालीस मिनट बीत गए। जब मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने विशेष आपातकालीन अधिकार का प्रयोग करते हुए डिजिटल हस्ताक्षर किए और बाहर से लोहे के सबल से दरवाजे को जबरन तोड़ा गया, तो लिफ्ट का पल्ला चीखते हुए खुला। भीतर से सिर्फ एक सर्द, सन्नाटेदार हवा का झोंका बाहर आया। राहुल की गर्दन स्ट्रेचर से नीचे लटक चुकी थी। उसका हाथ अपनी माँ के पल्लू को छोड़े बिना स्थिर हो चुका था।

पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 26अक्टूबर 2026 सोमवार
सूर्योदय - 06:23सूर्यास्त 17:48
आश्विन मास शुक्ला पक्ष
राहुकाल - 16:30 से 18:00 तक
तिथि - पूर्णिमा 10:49 उपरांत एकम
नक्षत्र - रेवती 19:41 उपरांत अश्वनी
योग - हर्षण18:31वज्र
करण - वणिज
चन्द्रमा - मीन मे है 19:41के बाद मेष मे प्रवेश करेगा
मुस्लिम मास -जमादुअव्वल 14 मास तारिख

मेष- व्यापार में अचानक उतार-चढ़ाव आ सकते हैं। कार्यक्षेत्र में सतर्कता बनाए रखें, काम में लापरवाही न करें।

वृषभ- परिवार में सदस्यों की बात को ध्यान से सुनें। खानपान पर नियंत्रण रखें।

मिथुन- आर्थिक मामलों में जल्दबाजी में निर्णय न लें। पेट खराब हो सकता है।

कर्क- विद्यार्थियों व कला क्षेत्र से जुड़े लोगों को सफलता मिलेगी।

सिंह- व्यापार में नई योजनाओं पर विचार करना शुभ रहेगा। प्रेम संबंधों में स्पष्टता और निकटता आएगी।

कन्या- वित्तीय मामलों में संतुलन बनाए रखने में सफल होंगे। स्वास्थ्य ठीक रहेगा, ध्यान और योग करें।

तुला- कार्यस्थल पर वरिष्ठों का सहयोग मिलेगा। व्यापार में धन लाभ के प्रबल योग बन रहे हैं।

वृश्चिक- पारिवारिक वातावरण खुशहाल और सुखद रहेगा। बचत योजनाओं में निवेश करना फायदेमंद होगा।

धनु- कार्यक्षेत्र में संयम बरतें, विवाद से दूर रहें। व्यापार में लेनदेन के मामलों में लिखापढ़ी जरूर करें।

मकर- परिवार में किसी मुद्दे पर विचार-विमर्श हो सकता है। अचानक कुछ अनपेक्षित खर्च सामने आ सकते हैं।

कुंभ- अध्यात्म और अध्ययन में मन लगेगा, कार्य सफल होंगे। व्यापार में भाग्य का साथ मिलेगा, विस्तार होगा।

मीन- धर्म-कर्म के कार्यों में परिवार का साथ मिलेगा। धन लाभ होगा, पुरानी आर्थिक चिंताएं दूर होंगी।

कविता

एशियन पैरा गेम्स 2026

जारी है जापान के नागोया में पॉचवे एशियन पैरा गेम्स,
भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं वहॉ पर हुनर बाज कीमती जेम्स,
जीत का लिए संकल्प और भीतर श्रमसाध्य तेजस्विनी धुनी रमा,
दनादन प्रतियोगिताओं में पदक जीत रहे हैं मजबूत कदम जमा ।
उनमें से पुरुषों की भाला फेंक खेल के हैं ये श्री रिंकू हुड्डा,
स्वर्ण जीत मॉ को श्रद्धांजलि अर्पित की भरा मन के दर्द का गड्ढा,
अब तक भारत ने चटकाए कई सारे स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक,
महक रही है जापान की गलियों में भारत के जांबाजों की महक ।
देख रहा है विश्व भारत का हर एक क्षेत्र में छाया जो दबदबा,
संकल्प और समर्पण का रंग चुनौतियों से टकराने का जज्बा,
जिन्होंने ज़िंदगी से प्यार किया उसको हर हाल में स्वीकार किया,
दर्द को मुस्कुरा कर अपना लिया और सपनों को फिर साकार किया ।
जिंदगी यही सीख पग-पग पर देती या तो गमों का बस रो रोना,
यहॉ है बेहतर भूल कर भूत को आज में सुंदर खुशियॉ पिरोना,
उठतीं-गिरती इस काल की धारा में सुख-दुख की अनगिनत ये लहरें,
कमाया भी लुटाया भी ₹आनंद₹ उन्होंने जो राहों में न ठहरें ।
जग को बस जीत का रंगारंग जश्न दिखाई और सुनाई देता,
हर किसी को परंतु जीत के पीछे छुपा गम महसूस नहीं होता,
जो प्रकट करें आभार जिंदगी उस पर अमृत सदाबहार बरसाती,
जिंदगी को दुआएं ही वरदानी सौभाग्य के फूलों से सजाती ।

मोनिका डागा आनंद

तमस से कॉकरोच तक...!

तमस के अंधेरों में, जब सत्य भी घबराता है,
झूठ बड़े-बड़े मंचों से सच का पाठ पढ़ाता है।
कभी कोई तमस फैलाता, कोई दीप जलाता,
सत्ता के गलियारों में हरेक कोई खेल रचाता।
धर्म की चादर 'ओढ़', कितना कारोबार हुआ,
नफरत के बाजार में इंसान ही लाचार हुआ।
किसका सच हैं आवाज, किसका अधिकार,
किस हिस्से धूप लिखें, किस हिस्से अंधकार।
जनता देख रही सब कुछ, समझे हैं हर चाल,
कब तक धर्म की 'आड़' में बिछता रहें जाल?
न मंदिर दोषी, न मस्जिद, न 'दोषी' कोई धर्म,
दोष वहाँ है जहाँ मनुजता हो जाती है बेशर्म।
नफरत के 'तमस' को मिलकर दूर भगाना है,
कॉकरोच राजनीति से लोकतंत्र बचाना है।
दीपक जलें विवेक के, सच का होगा सत्कार,
तमस मिटे मन से तब, खिल उठे नव संसार!

सरताज, गुरूर में मगरूर

यूं दलेर बने थे कभी मंचों के सरताज,
जब वे गाते थे कभी सुरों में आवाज।
जबरदस्त नाम कमाया, शोहरत पाई,
फिर क्यों अपनी ₹सुध-बुध₹ बिसराई?
कभी तालियों से गूँजता उनका मंच,
हर एक दिल में बजा था उनका पंच।
लेकिन जब अहंकार चढ़ता सिर पर,
तो विवेक जा बैठता किसी कोने पर।
शराब का सुरूर हैं, शोहरत का नशा,
इंसान का तो बना ही देता है तमाशा।
जो यहाँ दूसरों को हँसाने आ निकले,
खुद ही उपहास के पात्र बन निकले।



संजय एम. तराणेकर (दैनिक अवन्तिका)

सेहत के लिए खतरनाक साबित हो सकती है मिलावटी मिठाईयां

दिवाली पर्व के कारण दुकानों पर रंगीन मिठाई बनाने का काम तेजी से चल रहा है। काफी दुकानें ऐसी हैं जो सिर्फ त्योहार के इर्द गिर्द ही खुलती हैं। दुकानों पर बिकने वाली इन मिठाईयों से बीमार होने का खतरा अधिक है। मिलावटी मिठाई सेहत के लिए खतरनाक साबित हो सकती है। मिठाइयों में जो चीजें मिलाई जाती हैं, उससे पाचन तंत्र के साथ-साथ किडनी पर भी असर पड़ेगा। आंत में इंफेक्शन होने से पेट खराब हो जाता है।

घटिया खोये का होता है इस्तेमाल

मिठाई की बात करें तो इसमें घटिया खोये का इस्तेमाल किया जाता है। कई दिनों के रखे हुए खोये को गरम कर उसे ताजा बनकर बेच दिया जाता है। जरूरी है कि जांच परख कर ही खाद्य पदार्थ खरीदें। इसे अच्छा दिखाने तथा महक के लिए कई तरह के केमिकल का उपयोग होता है, जो शरीर के लिए हानिकारक हैं।

देखकर खरीदें चांदी के वर्क की मिठाई



दुकानों पर चांदी की तर्ज पर एल्यूमीनियम की वर्क चढ़ाकर मिठाई बेची जा रही हैं। यह वर्क सेहत के लिए बेहद खतरनाक है। अंगुली में रगड़ने पर छाप छोड़ने से इसकी पहचान की जा सकती है। अंगुली रगड़ने पर वर्क गायब हो जाता है। एक्सपर्ट ने बताया कि त्योहार पर अपने मिलने वालों को ज्यादा रंगीन मिठाई न दें। यह जरूर ध्यान दें कि मिठाई कब की बनी है और कब तक इसका सेवन किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि दूध में यूरिया जैसी खतरनाक चीज की मिलावट हो रही है।

कैंसर होने का भी खतरा

इसके अलावा मिठाइयों में रंगों का इस्तेमाल होता है। खाने वाले रंग का यूज हो तो यह घातक नहीं है। जानकारों के मुताबिक, मिठाइयों में सामान्य रंगों का भी इस्तेमाल हो रहा है। रंगों में कार्बन व भारी मेटल होते हैं। यह सेहत को नुकसान पहुंचाते हैं। इसके चलते एलर्जी, अस्थमा बीमारी होती है। लंबे समय तक ऐसी मिठाई खाने से कैंसर भी हो सकता है।

ये बरतें सावधानी

- रंग-बिरंगी मिठाइयां खरीदने से बचें
- त्योहार के दिन घर पर ही मिठाई बनाएं
- बाजार में बनी चीजों से परहेज करें शुगर पेशेंट मिठाई खाने से बचें

धर्म-आस्था

कोई जन्म से महान नहीं होता, कर्म उसे महान बनाते हैं

महर्षि वाल्मीकि जयंती पर विशेष

मनुष्य के जन्म पर उसका कोई अधिकार नहीं होता। वह किस परिवार में जन्म लेगा, उसका सामाजिक परिवेश कैसा होगा और जीवन की शुरूआत किन परिस्थितियों में होगी, यह उसके हाथ में नहीं होता। लेकिन वह अपने जीवन को किस दिशा में ले जाएगा, अपने विचारों को कितना ऊँचा उठाएगा और अपने कर्मों से समाज को क्या देगा, यह बहुत हद तक उसके प्रयासों पर निर्भर करता है। शायद यही कारण है कि इतिहास में कुछ लोग अपने जन्म से नहीं, बल्कि अपने कर्मों से पहचाने जाते हैं। महर्षि वाल्मीकि का जीवन इसी विचार का एक प्रेरक उदाहरण है।



वीरेंद्र हीरालाल पथरिया (दैनिक अवन्तिका)

महर्षि वाल्मीकि का स्मरण करते समय हमारे सामने केवल रामायण के रचयिता की छवि नहीं आती, बल्कि एक ऐसे व्यक्तित्व की छवि भी उभरती है, जो भारतीय परंपरा में आत्मपरिवर्तन, तपस्या और सृजन का प्रतीक बन गया। उनकी जीवनकथा से जुड़ी प्रचलित मान्यता में रत्नाकर के डाकू से महर्षि बनने का प्रसंग मिलता है। इस कथा का सबसे महत्वपूर्ण संदेश यह है कि मनुष्य का अतीत चाहे जैसा रहा हो, उसके भीतर परिवर्तन की संभावना समाप्त नहीं होती। जब व्यक्ति अपने जीवन पर विचार करता है, अपनी गलतियों को पहचानता है और सही दिशा में आगे बढ़ने का संकल्प लेता है, तो उसका भविष्य बदल सकता है।

आज के समाज में इस संदेश की प्रासंगिकता और भी बढ़ जाती है। हम अक्सर किसी व्यक्ति को उसके नाम, परिवार, जाति, आर्थिक स्थिति, पेशे या पुराने परिचय के आधार पर परख लेते हैं। किसी की गरीबी देखकर उसकी क्षमताओं को कम आँकते हैं, किसी की सामाजिक पृष्ठभूमि के कारण उसके गुणों को अनदेखा कर देते हैं और किसी की पुरानी गलती को उसकी स्थायी पहचान बना देते हैं। हम भूल जाते हैं कि मनुष्य केवल वह नहीं है, जो वह कल था; वह वह भी है, जो आज बनने का प्रयास कर रहा है।

किसी मजदूर के हाथों में मेहनत की लकीरें हैं, तो इसका अर्थ यह नहीं कि उसके सपने छोटे हैं। किसी गरीब परिवार में जन्म लेने वाला बच्चा भी बड़ा वैज्ञानिक, शिक्षक, साहित्यकार या समाजसेवी बन सकता है। किसी व्यक्ति से अतीत में गलती हुई है, तो इसका अर्थ यह नहीं कि उसे सुधरने का अवसर ही न दिया जाए। समाज यदि हर व्यक्ति को उसके अतीत के आधार पर ही निर्णय सुनाता रहेगा, तो परिवर्तन के रास्ते बंद हो जाएंगे। सुधार का अवसर देना कमजोरी नहीं, बल्कि एक संवेदनशील और सभ्य समाज की पहचान है। महर्षि वाल्मीकि की साहित्यिक विरासत भी हमें यही समझने का अवसर देती है कि शब्द केवल मनोरंजन का साधन नहीं होते। वे समाज की सोच को दिशा दे सकते हैं, मनुष्य के भीतर करुणा जगा सकते हैं और जीवन के कठिन प्रश्नों पर विचार करने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। रामायण के माध्यम से उन्होंने भारतीय साहित्य और संस्कृति को ऐसी विरासत दी, जिसका प्रभाव पीढ़ियों तक बना रहा। यह सृजन किसी व्यक्ति को उसकी सामाजिक पहचान से आगे ले जाकर उसके विचारों और योगदान की महत्ता को सामने रखता है। हालाँकि, कर्म की महानता का अर्थ केवल प्रसिद्धि प्राप्त करना या इतिहास में नाम दर्ज कराना नहीं है। हर व्यक्ति के पास महान कार्य करने का अवसर अपने तरीके से होता है। भूखे को भोजन देना, निराश व्यक्ति को हिम्मत देना, किसी जरूरतमंद बच्चे की शिक्षा में सहायता करना, अपने काम को ईमानदारी से करना और किसी कमजोर व्यक्ति के सम्मान की रक्षा करना भी ऐसे कर्म हैं, जो समाज को बेहतर बनाते हैं। महानता हमेशा मंचों और पुरस्कारों पर दिखाई नहीं देती; कई बार वह किसी अनजान व्यक्ति की निस्वार्थ सहायता में छिपी होती है।

महर्षि वाल्मीकि जयंती मनाने का वास्तविक अर्थ केवल उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करना या उनके जीवन की प्रशंसा करना नहीं है। इसका अर्थ उनके जीवन से मिलने वाली प्रेरणा को अपने व्यवहार में उतारना भी है। यदि हम किसी व्यक्ति को उसके जन्म के कारण छोटा समझते हैं, उसकी गलतियों के कारण उसे हमेशा के लिए नकार देते हैं या किसी जरूरतमंद को आगे बढ़ने का अवसर नहीं देते, तो हमें अपने विचारों पर पुनर्विचार करना चाहिए।

इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 7000 से क्वालिटी 2750 से 2800 लोकवन 7050 विशाल 6950 से 6950 3100 से 3150 पूर्णा 2950 से डंकी चना 6200 से 6500 मसूर 3000 मालवराज 2850 से 2900 6000 महाराष्ट्र सफेद 8700 मक्का 2500 से 2525 चना से 8900 महाराष्ट्र लाल १००० दाल 8500 से 8600 मीडियम से 9200 कर्नाटक 9100 से 8800 से 8900 बेस्ट 9400 9300 निमाड़ी तुअर 7000 से से 9600 तुअर दाल 8700 से '8200 मूंग बेस्ट गर्मी 7900 से 8800 मीडियम 9700 से 9800 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8100 से बेस्ट 11100 से 11400 एक्स्ट्रा 8200 मोगर 5500 से 7200 बेस्ट 12200 से 12400 ब्रांडेड उड़द बोल्ड 9400 से 9700 उड़द 13800 मूंग दाल 9500 से 9600 गर्मी 9000 से 9400 ग्रेविटी क्लीन बेस्ट 9700 से 9800 मूंग मोगर 9500 से 10000 हल्का उड़द 11500 से 11600 बेस्ट 11700 4000 से 6000 काबुली डॉलर से 11800 उड़द दाल 11200 से 8300 से 10000 काबुली रशियन 11300 बेस्ट 11400 से 11500- 6800 से 7100 बिटकी 6500 से उड़द मोगर 12200 से 12400 6700 सरसों निमाड़ी 8300 रायडा बेस्ट 12600 से 12900 मसूर 7100 से 7300 सोयाबीन 5600 दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 टोली 5700 से 5900 गेहूं मिल से 76,50 रुपए प्रति क्विंटल।

आलू, प्याज, लहसून भाव

ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 15000 से 18000 देशी 13000 से 14000 एवरेज 12000 से 15000 बारीक 9000 से 10000 रुपए क्विंटल।

उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2071-3150, चना देशी-5901 काबली- 3350-7951, बटला-3201, रायड़ा- 6850, मूंग- 7600, सोयाबीन- 2700-6085, मैथीदाना- 5240, सरसो- 7050-7601, तुवर- 4300, तिल्ली-10491-11001, मावा- 300 प्रतिकिलो। मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना-स्टेण्ड- 1,48,200 रवा- 1,48,000 चांदी-टंच- 2,15,000 पाट- 2,14,000।

उज्जैन किराना

अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल 75 से 78, चना दाल 72 से 80 ।

आमंत्रण

आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।

editor.awantika@gmail.com

जहरीले पदार्थ के सेवन से व्यक्ति की मौत

शुजालपुर। पुलिस थाना सिटी अन्तर्गत ग्राम टिटवास निवासी 43 वर्षीय बालीकुमार मीना की जहरीले पदार्थ के सेवन के बाद उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जानकारी मिली है कि बालीकुमार ने किसी जहरीले पदार्थ का सेवन किया था। गंभीर हालत में उन्हें 23 अक्टूबर की रात शुजालपुर मंडी स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां आईसीयू में वेंटिलेटर पर उनका उपचार चल रहा था। 24 अक्टूबर को दोपहर 12.41 बजे उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर मर्ग कायम किया और मामले को जांच में लिया है। मृतक विवाहित था और उसके बच्चें भी है। जहरीले पदार्थ के सेवन का कारण फि लहाल ज्ञात नहीं हो सका है।

शराब के नशे में पिता और मां से मारपीट

शुजालपुर। मंडी थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम डुंगलाय में शराब पीने के आदी बेटे ने घर का सामान बेचने की बात पर हुए विवाद में अपने 80 वर्षीय पिता और मां के साथ मारपीट कर दी। फरियादी मांगीलाल नाथ ने पुलिस को बताया कि उनका छोटा बेटा बाबूलाल नाथ आए दिन शराब पीकर झगड़ा करता है और घर का सामान बेच देता है। उसने एक दिन पहले घर का पाइप भी बेच दिया था। इस बात को लेकर 24 अक्टूबर की सुबह करीब 10 बजे पूछने पर बाबूलाल ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर पिता के दाएं हाथ की कोहनी पर लु से वार किया। बीच-बचाव करने आई मां लीलाबाई के पैर की जांघ, कंधे और कूल्हे पर भी चोटें आईं। दंपती ने पुलिस को बताया कि थाने जाने के दौरान बेटे ने दोनों को जान से खत्म करने की धमकी भी दी। पुलिस ने फ रियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू की।

घर के सामने खड़ी एक्टिवा चोरी फ्रीगंज क्षेत्र में वारदात

शुजालपुर। फ्रीगंज क्षेत्र में घर के सामने खड़ी एक्टिवा रात में चोरी हो गई। आष्टा रोड पर रेवाड्रीम के पास रहने वाले ओम सणस ने पुलिस को बताया कि उनकी मां बबीता सणस के नाम दर्ज नीले रंग की होंडा एक्टिवा एमपी 42 एमएन 1208 को 24 अक्टूबर की रात करीब 12 बजे घर के सामने खड़ा किया था। सुबह 6 बजे बाहर आकर देखा तो एक्टिवा गायब थी। आसपास के क्षेत्र, बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन सहित कस्बे में तलाश करने के बाद भी वाहन का पता नहीं चला। फ रियादी के अनुसार अज्ञात बदमाश करीब 30 हजार रुपए कीमत की एक्टिवा चोरी कर ले गया। पुलिस ने रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

शाजापुर में फिर बढ़ी गर्मी, तेज धूप से लोग परेशान

शाजापुर। कुछ दिन पहले हुई हल्की बारिश से मिली राहत खत्म हो गई है। तेज धूप और उमस से लोग परेशान हैं। गर्मी से बचने के लिए लोग ठंडे पेय का सहारा ले रहे हैं। मौसम विशेषज्ञ सत्येंद्र धनोतिया के मुताबिक, 29 अक्टूबर से दो से तीन दिन बारिश होने की संभावना है। तेज धूप के कारण लोग घरों में रहना पसंद कर रहे हैं। लोग जरूरी काम होने पर ही बाहर निकल रहे हैं। गर्मी और उमस के चलते शहर की कोल्डड्रिंक्स और ठंडाई की दुकानों पर भीड़ बढ़ने लगी है। मौसम विशेषज्ञ सत्येंद्र धनोतिया ने बताया कि अगले कुछ दिनों तक मौसम साफ रहने की संभावना है। इसके बाद 29 अक्टूबर से बारिश का दौर शुरू हो सकता है, जो दो से तीन दिन तक जारी रह सकता है।

भीम घाट मंदिर में पूजा के दौरान भरभराकर गिरा जर्जर पिलर का प्लास्टर

शाजापुर। शहर की धरोहर और आस्था के केंद्र प्राचीन भीम घाट मंदिर में जिम्मेदारों की घोर अनदेखी के चलते एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। मंदिर परिसर में चल रही पूजा-अर्चना के बीच अचानक एक जर्जर पिलर का भारी-भरकम प्लास्टर भरभराकर नीचे आ गिरा। गनीमत यह रही कि मलबे की चपेट में कोई श्रद्धालु नहीं आया और जनहानि टल गई, लेकिन इस वाकये ने शासकीय देवस्थानों के खस्ताहाल रखरखाव और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के मुताबिक शनिवार को मंदिर में प्रतिदिन की तरह श्रद्धालु दर्शन और पूजन-अर्चन में लीन थे।

चीलर डैम में पानी की कमी के चलते धाराखेड़ी में आयोजित हुआ कृषक जल संवाद

कम पानी में अधिक उत्पादन देने वाली फसलें बोएं किसान, पेयजल पहली प्राथमिकता-कलेक्टर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर



जिले में इस साल हुई अल्पवर्षा के कारण चीलर डैम में जलस्तर काफी कम है, जिसके चलते इस बार रबी सीजन में सिंचाई के लिए पानी छोड़ना संभव नहीं हो सकेगा। संभावित जल संकट को देखते हुए प्रशासन ने पेयजल को पहली प्राथमिकता पर रखा है। शनिवार को धाराखेड़ी में आयोजित कृषक-जल संवाद कार्यक्रम में कलेक्टर डॉ. परिक्षित संजयराव झाड़े ने किसानों से अपील की है कि वे वर्तमान परिस्थितियों को समझें और कम पानी में बेहतर उत्पादन देने वाली फसलों की ही बोवनी करें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर डॉ. झाड़े ने स्पष्ट किया कि यदि जलाशय का पानी सिंचाई के लिए उपयोग किया जाता है, तो आने वाले दिनों में जिले में पेयजल का गहरा संकट खड़ा हो सकता है। इसलिए जल संचय करना समय की सबसे बड़ी मांग है। उन्होंने किसानों को सिंचाई के लिए स्प्रिंकलर और ड्रिप पद्धति अपनाने की सलाह दी। इस दौरान स्प्रिंकलर व ड्रिप के माध्यम से उन्नत व पानी बचाने वाली खेती कर रहे किसानों का कलेक्टर द्वारा पुष्पमाला पहनाकर सम्मान भी किया गया।

वैज्ञानिक और दक्षतापूर्ण तरीके से हो जल का उपयोग

कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ शैलेन्द्र सिंह सोलंकी ने मौजूद किसानों व ग्रामीणों को पानी की बबार्दी रोकने की समझाइश दी। वहीं कृषि उप संचालक नितेश कुमार यादव ने किसानों को कम पानी वाली फसलों के सही चयन और उपलब्ध जल के वैज्ञानिक व दक्षतापूर्ण उपयोग की तकनीकी जानकारी साझा की।

डैम की स्थिति से किसानों को कराया अवगत

जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री अनमोल टोप्पो ने भी डैम की स्थिति से किसानों को अवगत कराते हुए बताया कि पानी की कमी के कारण सिंचाई के लिए जल देना मुमकिन नहीं है, इसलिए फसलों का चयन उसी अनुसार करें। साथ ही लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों ने पेयजल समस्या से बचने के लिए हर बूंद सहेजने की अपील की। कार्यक्रम में शाजापुर एसडीएम मनीषा वास्कले, स्थानीय सरपंच सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे।



फॉल्ट रोकने अलसुबह मैदान में उतरा विद्युत अमला, 4 घंटे चला लाइनों का मेंटेनेंस

शाजापुर। शहर में अचानक होने वाली ट्रिपिंग और शॉर्ट-सर्किट जैसी समस्याओं से उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए विद्युत विभाग ने खास अभियान चलाया। बिजली की तारों में उलझ रही पेड़ों की डालियों से होने वाले फॉल्ट को रोकने के लिए, विभाग की टीम ने शनिवार अलसुबह से ही मोर्चा संभाल लिया और शहर के कई प्रमुख इलाकों में लाइन क्लियरेंस का काम पूरा किया। विद्युत मंडल की टीम ने सुबह 7 बजे से 11 बजे तक लगातार चार घंटे यह मेंटेनेंस अभियान चलाया। इस दौरान चौक बाजार, नई सड़क, कमरदीपुरा, चौबदारवाड़ी, मनिहारवाड़ी सहित अन्य कॉलोनियों और क्षेत्रों में बिजली लाइनों के ऊपर आ रही पेड़ों की शाखाओं और झाड़ियों की कटाई-छंटाई की गई। गौरतलब है कि हवा चलने पर अक्सर पेड़ों की डालियां तारों से टकराती हैं, जिससे लाइनों में फॉल्ट आने या घंटों बिजली गुल रहने की आशंका बनी रहती है। इसी बाधा को दूर करने के लिए कर्मचारियों ने लाइनों के आसपास उगी झाड़ियों को पूरी तरह साफ कर दिया है। विभाग के अनुसार निर्धारित समय में किए गए इस रूटीन मेंटेनेंस से अब इन क्षेत्रों में निर्बाध और बेहतर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

महावीर बस्ती में निकला पथ संचलन 100 से अधिक स्वयंसेवकों ने किया कदमताल



शुजालपुर। विजयादशमी उत्सव के अवसर पर शनिवार को शुजालपुर मंडी की महावीर बस्ती में पथ संचलन निकाला गया। पूर्ण गणवेश में 100 से अधिक स्वयंसेवक अनुशासन के साथ कदमताल करते हुए निकले। मार्ग में नागरिकों ने पथ संचलन का स्वागत किया। पथ संचलन से पहले श्रीनगर कॉलोनी स्थित झीन में एकत्रीकरण हुआ। संघ प्रार्थना और शस्त्र पूजन के बाद जिला सह कार्यवाह दिनेश प्रजापति ने स्वयंसेवकों को संबोधित किया। इसके बाद अतिथि परिचय, एकल गीत और अमृत वचन का वाचन हुआ। पथ संचलन श्रीनगर कॉलोनी से शुरू होकर प्रेम नगर, एमजी रोड, रोकडि?ा सरकार, सब्जी बाजार और जैन मंदिर सहित प्रमुख मार्गों से गुजरा। इसके बाद संचलन पुनः झीन पहुंचा, जहां समापन हुआ। विजयादशमी पर आयोजित पथ संचलन के माध्यम से स्वयंसेवकों ने अनुशासन, संगठन और राष्ट्रभाव का संदेश दिया।

हेल्पलाइन 1930 से 53 हजार कराए होल्ड

98 हजार नकद व एटीएम जब्त, मजदूरों के नाम पर सिम लेकर फर्जीवाड़ा करने वाला गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर



जिले के मोहन बड़ोदिया थाना पुलिस ने साइबर ठगी के एक बड़े मामले का पर्दाफाश करते हुए एक शातिर आरोपी को गुजरात से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़ित के 1 लाख 51 हजार रुपये भी सुरक्षित वापस करा दिए हैं। आरोपी गरीब मजदूरों के नाम पर सिम लेकर सिम बॉक्सश तकनीक के जरिए आम लोगों को अपना शिकार बनाता था। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मोहन बड़ोदिया थाने में साइबर ठगी का एक मामला सामने आया था, जिसमें पीड़ित के खाते से 2,11,055 रुपये उड़ा लिए गए थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक प्रियंका शुक्ला ने तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए साइबर हेल्पलाइन 1930 की मदद से 53,000 रुपये बैंक खातों में ही होल्ड करवा दिए। इसके बाद शेष राशि की रिकवरी के लिए संदिग्ध बैंक खातों को फ्रीज करवाया गया और तकनीकी जांच शुरू की गई।

गुजरात में छिपा था आरोपी

जांच में मिले सुरागों के आधार पर थाना प्रभारी मनीषा शर्मा के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित कर गुजरात भेजी गई। वहां टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद अहमदाबाद सिटी में अलग-अलग ठिकानों पर दबिश दी। आरोपी अपना असली पता छिपाकर और बदलकर रह रहा था, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर उसे धर दबोचा। पकड़े गए आरोपी की पहचान संजय फालके पिता संपतराव फालके निवासी अहमदाबाद के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के पास से ठगी के 98,000 रुपये नकद और एटीएम कार्ड भी जब्त कर लिया है। इस तरह पुलिस ने पीड़ित के कुल 1,51,000 रुपये बरामद कर लिए।



महाविद्यालय में साहित्य अध्ययन और नाटक पर केंद्रित व्याख्यान आयोजित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय महाविद्यालय शुजालपुर के अंग्रेजी विभाग की ओर से शनिवार को साहित्य अध्ययन और नाटक पर केंद्रित विस्तार व्याख्यान आयोजित किया गया। इसमें विद्यार्थियों को साहित्यिक रचनाओं के विश्लेषण और परीक्षा में प्रभावी उत्तर लेखन के तरीके बताए गए।

मुख्य वक्ता डॉ. जे के नायर ने साहित्य की मूल अवधारणाओं के साथ नाटक के प्रमुख तत्वों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि किसी साहित्यिक रचना को समझने के लिए कथानक, पात्र, संवाद, विषय-वस्तु और सामाजिक-सांस्कृतिक संदर्भों का विश्लेषण जरूरी है। विद्यार्थियों को रचनाओं का आलोचनात्मक दृष्टिकोण से अध्ययन करने की सीख भी दी।

उन्होंने नाटक से जुड़े प्रश्नों के उत्तर लिखने की प्रक्रिया समझाते हुए स्पष्ट भूमिका, क्रमबद्ध विश्लेषण, उपयुक्त उदाहरण और प्रभावी निष्कर्ष के महत्व पर जोर दिया। साथ ही भाषा की स्पष्टता, विचारों की तार्किकता और साहित्यिक शब्दावली के उचित प्रयोग को अच्छे उत्तर की विशेषता बताया।

कार्यक्रम की शुरूआत में सहायक प्राध्यापक अंकिता वर्मा ने मुख्य वक्ता का स्वागत किया।

युवा सृजन संवाद कार्यक्रम के तहत थाने पहुंचे विद्यार्थी



शाजापुर। युवा सृजन संवाद कार्यक्रम के द्वितीय चरण में पुलिस थाना कोतवाली में शासकीय बी.के.एस.एन महाविद्यालय शाजापुर के विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण कराया गया, इसमें महाविद्यालय के 100 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। शनिवार को आयोजित इस कार्यक्रम में एसआई राहुल पोरवाल ने विद्यार्थियों को कानून की जानकारी दी, पुलिस की कार्य प्रणाली समझाई एवं किसी भी घटना के समय मदद कैसे प्राप्त करें बताया। साथ ही डायल 112 की कार्य प्रणाली भी समझाई गई। महाविद्यालय से डॉ.प्रवीण कुमार सोनी, प्रो.आशीष उपाध्याय, प्रो. अभिषेक पाटीदार, प्रो. प्रतिका परमार, प्रो.दीपिका गुप्ता, एवं क्रीड़ा अधिकारी सोनू मालवीय उपस्थित रहे।

सोयत कलां कॉलेज में 206 विद्यार्थियों और शिक्षकों ने ली नशामुक्ति की शपथ

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सोयतकलां

शासकीय महाविद्यालय सोयत कलां में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में नशा मुक्त युवा अभियान के अंतर्गत एक दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम और खेलकूद गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस दौरान 206 विद्यार्थियों, प्राध्यापकों और कर्मचारियों ने नशे से दूर रहने तथा दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने की शपथ ली।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बीके सोलंकी ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में चिंतामण राठौर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉन्फ्रेंस हॉल में मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और माल्यार्पण के साथ हुआ। इसमें डॉ. वीरेंद्र कुमार सोनी, एनएसएस प्रभारी राम प्रसाद दांगी और डॉ. दीपिका त्रिवेदी भी शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राजेश पाटिल ने किया। मुख्य अतिथि चिंतामण राठौर ने नशे के मनोवैज्ञानिक, पारिवारिक और कानूनी दुष्परिणामों की जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि युवा कई बार साथियों के दबाव या तनाव से बचने के प्रयास में नशे की शुरूआत करते हैं, जो आगे चलकर गंभीर लत बन सकती है। युवाओं को दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ नशे से दूर रहना चाहिए। प्राचार्य डॉ. सोलंकी ने कहा कि तनाव और मानसिक भटकाव से बचने के लिए खेलकूद, रचनात्मक गतिविधियां, स्वाध्याय और सकारात्मक मित्र मंडली महत्वपूर्ण हैं।

चुनाव आयोग को घेरा, हिंदुत्व का सनातन धर्म से कोई लेना-देना नहीं - दिग्विजय

- राजराजेश्वरी मंदिर में पूजा के बाद यात्रा शुरू

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर



मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने शाजापुर में प्रेस वार्ता की। उन्होंने कहा कि वे कभी हिंदुत्व के समर्थक नहीं रहे और न रहेंगे, क्योंकि हिंदुत्व का सनातन धर्म से कोई लेना-देना नहीं है। सिंह के मुताबिक, सनातन धर्म हजारों साल पुराना है, जबकि हिंदुत्व शब्द सावरकर ने दिया था। सनातन धर्म में कटुता और नफरत के लिए कोई जगह नहीं है।

उन्होंने संविधान पर खतरे और नागरिकता के अधिकार पर सवाल उठाए। सिंह ने कहा कि संविधान हर नागरिक को मतदान का अधिकार देता है। मतदाता सूची में नाम जोड़ना चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है, न कि यह तय करना कि कौन भारत का नागरिक है।

दिग्विजय सिंह ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की भूमिका पर भी सवाल उठाए। उन्होंने मतदाता सूची और मतदान प्रक्रिया में गड़बड़ी के आरोप लगाए। सिंह ने कहा कि नोट चोरी और वोट चोरी, दोनों मामलों में ज्ञानेश कुमार की भूमिका है।

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने रविवार को शाजापुर के मां राजराजेश्वरी मंदिर से अपनी सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा शुरू की। यात्रा से पहले उन्होंने मंदिर में मां राजराजेश्वरी की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया।

इसके बाद मंदिर परिसर में ध्वज फहराया गया। इस मौके पर वंदे मातरम और राष्ट्रगान के साथ यात्रा के शुभारंभ का कार्यक्रम पूरा हुआ। पूर्व मंत्री हुकुम सिंह कराड़ा भी दिग्विजय सिंह के साथ मौजूद थे। यह यात्रा मां राजराजेश्वरी मंदिर से अभयपुर के लिए रवाना हुई, फिर पनवाड़ी जाएगी। इसके बाद यह राजगढ़ जिले के सारंगपुर में प्रवेश करेगी। दिग्विजय सिंह ने संविधान हाथ में लेकर जय श्री राम और बम भोले के नारे भी लगाए।

बेटियों ने मंच पर जीवंत किया समानता का संदेश, रोल प्ले से बताई महिला अधिकारों की अहमियत



शाजापुर। समाज में बेटा-बेटी के बीच पनपे भेदभाव को मिटाने और महिला अधिकारों के प्रति जागरूकता लाने के लिए शनिवार को शासकीय मलक उमावि में छात्राओं ने शानदार प्रस्तुति दी। राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा परियोजना के तहत आयोजित इस रोल प्ले प्रतियोगिता में कक्षा 9वीं की छात्राओं ने अपने अभिनय से लैंगिक समानता का ऐसा प्रभावी संदेश दिया कि वहां मौजूद दर्शक और शिक्षक उनकी तारीफ किए बिना नहीं रह सके। छात्राओं ने अपने नाटकों के माध्यम से दिखाया कि अगर महिलाओं को शिक्षा और पुरुषों के समान अवसर मिलें, तो समाज कितना सशक्त हो सकता है। उनके इस आत्मविश्वास और विषय की स्पष्ट प्रस्तुति को देखते हुए निर्णायक मंडल ने विजेताओं का चयन किया। प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कक्षा 9वीं की कु. खुशी पिता शकील खान ने पहला स्थान हासिल किया। इसी कक्षा की कु. वंशिका गवली पिता सुनील गवली दूसरे और कु. चाहत जाटव पिता सुनील जाटव तीसरे स्थान पर रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ और विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए संस्था के प्राचार्य मुकेश कुमार दुबे ने कहा कि इस तरह के आयोजन केवल एक प्रतियोगिता नहीं हैं, ये विद्यार्थियों की सामाजिक सोच को बदलने और मानसिक विकारों को दूर करने में मील का पत्थर साबित होते हैं। कार्यक्रम का संचालन मधु कुरेशी ने किया तथा आभार हुमा कुरैशी ने माना।

माता के जयकारों के बीच पावागढ़-डाकोर धाम रवाना हुए 60 यात्री, विधायक ने दी विदाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर



धार्मिक आस्था, असीम उल्लास और माता के जयकारों की गूंज के बीच प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन के 60 सदस्यों का जत्था पावागढ़ धाम एवं भगवान डाकोर जी के दर्शनों के लिए रवाना हुआ। इस पुनीत अवसर पर क्षेत्रीय विधायक अरुण भीमावद ने विशेष रूप से उपस्थित होकर सभी तीर्थयात्रियों का आत्मीय स्वागत किया और उन्हें मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं देते हुए विदा किया। संघ के आह्वान पर आयोजित इस तीर्थ यात्रा को लेकर सभी वयोवृद्ध पेंशनर्स साथियों में गजब का उत्साह देखने को मिला। यात्रा पर प्रस्थान करने से पूर्व सभी यात्रियों ने विधि-विधान से देवी मां का पूजन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। यात्रा की शुरूआत में सबसे पहले सभी पेंशनर्स साथी यात्रा मार्ग पर स्थित मां राजराजेश्वरी माता के दरबार पहुंचे, जहां पूरे श्रद्धाभाव से शीश नवाकर विशेष पूजा-अर्चना की गई और सफल यात्रा की कामना की गई।

राजराजेश्वरी माता के पूजन के पश्चात सभी यात्री हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित मां महाकाली मंदिर पहुंचे। यहां क्षेत्रीय विधायक अरुण भीमावद भी दर्शन और पूजन के लिए पहुंचे। विधायक भीमावद और सभी 60 पेंशनर्स साथियों की उपस्थिति में महाकाली माता की भव्य महाआरती उतारी गई।

पूरी श्रद्धा और भक्ति से गुंजायमान धर्ममय माहौल के बीच, विधायक भीमावद और एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बस को पावागढ़ धाम के लिए रवाना किया। इस मौके पर प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों सहित शहर के कई गणमान्य नागरिक और यात्रियों के परिजन भी उन्हें विदाई देने के लिए मंदिर परिसर में मौजूद रहे।

संजय सोनी ने सीखे पर्यावरण संरक्षण के गुर

खाद और मिट्टी के खिलौने बनाने का मिला प्रशिक्षण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

बढ़ते पर्यावरण संकट और 21वीं सदी की चुनौतियों से निपटने के लिए स्कूलों और जमीनी स्तर पर जागरूकता की तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी कड़ी में बीते दिनों पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन (एप्को), भोपाल के सभागार में राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इसमें शाजापुर जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए मास्टर ट्रेनर संजय सोनी ने हिस्सा लिया। अब वे जिले भर में साल भर चलने वाली पर्यावरणीय गतिविधियों का संचालन करेंगे। भारत सरकार के विजन पर हुई चर्चा कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। एप्को के कार्यक्रम प्रभारी कमलेश वर्मा ने प्रदेश भर से आए 52 प्रतिभागियों का स्वागत किया। इसके बाद प्रशासनिक अधिकारी अभिषेक सिंह ने भारत सरकार के पर्यावरण मंत्रालय की अपेक्षाओं और योजना के मूल उद्देश्यों से मास्टर ट्रेनर्स को अवगत कराया।

प्रशिक्षण को तीन अहम सत्रों में बांटा गया था। पहले सत्र में प्राध्यापक डॉ. प्रवीण तामोट ने 21वीं सदी की पर्यावरणीय चुनौतियों पर प्रस्तुतीकरण दिया। दूसरे सत्र में पर्यावरण शिक्षा अधिकारी दिलीप चक्रवर्ती ने योजना के जमीनी क्रियान्वयन और शाजापुर सहित अन्य जिलों में सतत जीवन शैली कार्यशालाएं आयोजित करने की रूपरेखा समझाई।

जजों की नियुक्ति पर रवैये की आलोचना की

नई दिल्ली। पूर्व सुप्रीम कोर्ट जज संजय किशन कौल ने पूर्व डीवाई चंद्रचूड़ के रवैए की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि चंद्रचूड़ जजों की नियुक्ति के मामले में सरकार के प्रति जरूरत से ज्यादा झुके हुए थे। जस्टिस कौल ने अपनी आने वाली किताब 'विदाउट फियर ऑर फेवर' में सुप्रीम कोर्ट की छह रिक्तियों को भरने वाली कॉलेजियम बैठक का जिक्र किया है।जस्टिस कौल ने कहा कि कॉलेजियम को सरकार के दबाव का विरोध करना चाहिए। आज नियुक्तियों से पहले सरकार से नामों पर चर्चा करने की परंपरा बन गई है। जस्टिस कौल ने अपनी किताब में लिखा है कि सरकार से निपटने के तरीके को लेकर मतभेदों ने डीवाई चंद्रचूड़ के साथ उनके संबंधों में तनाव पैदा किया। कौल ने किताब में लिखा कि छह सुप्रीम कोर्ट जजों की नियुक्ति पर विचार के दौरान पांच नामों पर पहले सहमति बन चुकी थी। बैठक में चंद्रचूड़ ने छठे उम्मीदवार का नाम रखा। कौल के मुताबिक, चंद्रचूड़ उन्हें अलग कमरे में ले गए और पूछा कि क्या उन्हें सरकार की राय जानने के लिए फोन करना चाहिए।कौल ने लिखा, चीफ जस्टिस ने मुझे अलग कमरे में बुलाया और सोचते हुए कहा कि क्या उन्हें सरकार का रुख जानने के लिए फोन करना चाहिए। में कौल से पूछा गया कि क्या तत्कालीन सरकार को खुश करने या उसकी पहले से मंजूरी लेने की कोशिश कर रहे थे।

जज के नाबालिग बेटे ने मर्सिडीज से टक्कर मारी

कोच्चि। केरलम के कोच्चि में शनिवार देर रात मर्सिडीज कार ने स्कूटर को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में 55 साल के स्कूटर सवार की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, कार चलाने वाला एडिशनल सेशन जज का बेटा है। उसकी उम्र 17 साल है। कार जज के नाम पर रजिस्टर्ड थी। हादसा रात 2 से 3 बजे के बीच हुआ। घटनास्थल के एक वीडियो में कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त दिखाई दिया। पीड़ित परिवार ने आरोप लगाया कि पुलिस स्टेशन में जब उन्होंने नाबालिग को कार चलाने देने पर सवाल उठाया, तो जज ने उनसे अपमानजनक लहजे में बात की। हादसे में जान गंवाने शख्स की पहचान जयबालकृष्णन के रूप में हुई है। वह करीब 30 साल से अपनी पत्नी मंजू के साथ सड़क किनारे खाने का स्टॉल चला रहे थे। रिपोर्ट के मुताबिक, जयबालकृष्णन ने शनिवार रात चित्तूर मंदिर के पास अपना स्टॉल बंद किया था। वह रोज शाम करीब 4 बजे दुकान खोलते थे और वहां मुख्य रूप से डोसा सहित शाकाहारी खाना बेचते थे। जयबाल कृष्णन और उनकी पत्नी रोज स्कूटी से करीब 20 किलोमीटर का सफर तय करके दुकान पहुंचते थे। उनकी पत्नी वैरिकोज वेन्स के इलाज के कारण एक सप्ताह की छुट्टी पर थीं। हादसे के समय जय बालकृष्णन अकेले घर लौट रहे थे।

हनीट्रेप में फंसा सेना का रिटायर्ड कैप्टन

वेल्लोर। तमिलनाडु के वेल्लोर में 52 साल के रिटायर्ड आर्मी अधिकारी बाबू को गिरफ्तार किया गया है। बाबू पर आरोप है कि उसने सेना से जुड़ी कई अहम जानकारियां लीक कीं। कनियामबाड़ी पुलिस के मुताबिक, बाबू ने व्हाट्सऐप के जरिए एक अज्ञात महिला को सैन्य उपकरणों और इंडियन आर्मी से जुड़ी गोपनीय जानकारी भेजी। बाबू वेल्लोर के कीझवल्लम गांव का रहने वाला है। वह 28 साल तक इंडियन आर्मी की अलग-अलग शाखाओं में सेवा दे चुका है। उसने पिछले साल आर्मी की इक्विपमेंट डिवीजन से कैप्टन पद पर रिटायरमेंट लिया था। इसके बाद वह अपने गांव में रहने लगा।

एक बस में लगी आग आसपास खड़ी दूसरी बसों तक फैल गई

भोपाल। भोपाल के बस स्टैंड पर रविवार शाम वर्मा ट्रेवल्स की बसों में आग लग गई। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, एक बस में लगी आग आसपास खड़ी दूसरी बसों तक फैल गई। करीब 8 बसों में आग लगी है। इनमें नागपुर-अहमदाबाद और सूरत रूट की बसें शामिल हैं। फायर ऑफिसर सौरभ पटेल के मुताबिक, फायर सर्विस की 10 गाड़ियों ने आग पर काबू पा लिया है। फिलहाल आग कैसे लगी, इसका पता नहीं चल पाया है। हादसे में 4 से 5 करोड़ का नुकसान हुआ है। हालांकि किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं है। घटना के बाद यात्रियों की सभी ट्रिप कैंसिल कर दी गई हैं। भोपाल के ISBT बस स्टैंड पर जिन बसों में आग लगी, वे सभी खाली खड़ी थीं। ये बसें बालाघाट, सिवनी, इंदौर समेत अन्य रूटों पर जाने वाली थीं।

मन की बात लोगों के मानवीय प्रयासों को जानने का माध्यम

गुना। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 139वें संस्करण को सामूहिक रूप से श्रवण किया।हर माह के अंतिम रविवार को प्रसारित होने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम के 139 वे संस्करण को भाजपाजनों ने जिले के सभी बूथों पर सामूहिक रूप से श्रवण किया। इसी क्रम में कैंट मंडल के बूथ क्रमांक 186 के अंतर्गत भाजपा कार्यकर्ताओं ने युवा उद्यमियों के साथ प्रधानमंत्री जी के विचारों, प्रेरणादायी संदेशों एवं राष्ट्रहित से जुड़े विषयों को ध्यानपूर्वक सुना। जिला मीडिया प्रभारी अंकुर श्रीवास्तव ने बताया कि कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री जी देश के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों, समाज में सकारात्मक बदलाव लाने वाले प्रयासों तथा देश की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुँचाते हैं। यह कार्यक्रम नागरिकों में राष्ट्र के प्रति कर्तव्यबोध, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं जनभागीदारी की भावना को मजबूत करता है। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य हरि सिंह यादव, जिला मीडिया प्रभारी अंकुर श्रीवास्तव, कैंट मंडल अध्यक्ष रामकुमार शर्मा, मंडल महामंत्री चंचल सोनी, अरविंद धाकरे, युवा उद्यमी आशुतोष भार्गव, सूरज धाकड़, चेतन शर्मा, आदि उपस्थित रहे।

सिंहस्थ क्षेत्र में 6 हजार वर्गफीट अवैध निर्माण तोड़ा

दो पोकलेन और तीन जेसीबी की मदद से नगर निगम ने की कार्रवाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन





सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के तहत नगर निगम ने सिंहस्थ क्षेत्र में अवैध निर्माण और अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। रविवार सुबह निगम की टीम ने खाक चौक स्थित 11 मुखी हनुमान मंदिर के पास करीब 6 हजार वर्गफीट में किए गए अवैध निर्माण को हटाने की कार्रवाई शुरू की। यहां बिना अनुमति होटल और दुकानें बनाई जा रही थीं।

कार्रवाई के दौरान नगर निगम की टीम ने दो पोकलेन और तीन जेसीबी मशीनों की मदद से निर्माण हटाया। मौके पर निगम के अधिकारी और पुलिस बल भी तैनात रहा। संबंधित स्थान पर भूतल और प्रथम तल पर निर्माण किया गया था।

दो बार नोटिस देने के बाद भी नहीं मिला जवाब- नगर निगम के अधीक्षक यंत्री प्रमोद मालवीय ने बताया कि सिंहस्थ क्षेत्र में बिना अनुमति निर्माण किया जा रहा था। इस संबंध में संबंधित पक्ष को पहले नोटिस जारी किए गए थे। निर्धारित समय में जवाब नहीं मिलने और निर्माण नहीं हटाए जाने के बाद नगर निगम ने कार्रवाई शुरू की। नगर निगम के जोन क्रमांक-1 के नगर निवेश विभाग ने 23 जनवरी 2026 को पहला नोटिस जारी किया था। इसके बाद 10 फरवरी 2026 को अंतिम नोटिस दिया गया। नोटिस में मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम, 1956 की धारा 436 का उल्लेख करते हुए संबंधित पक्ष को अवैध निर्माण स्वयं हटाने के निर्देश दिए गए थे।

नगर निगम ने नोटिस में स्पष्ट किया था कि यदि संबंधित पक्ष स्वयं अवैध निर्माण नहीं हटाता है, तो निगम इसे हटाने की कार्रवाई करेगा। साथ ही निर्माण हटाने में आने वाला खर्च भी संबंधित पक्ष से वसूल किया जाएगा। नगर निगम के इंजीनियर शिवम दुबे के अनुसार, संबंधित पक्ष को दो बार नोटिस दिए गए थे, लेकिन उनकी ओर से कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद निगम ने मौके पर पहुंचकर अवैध निर्माण हटाने की कार्रवाई शुरू की।

कानीपुरा मल्टी में बिना अनुमति के मल्टी के कमरों में सामान रख कब्जा कर रखा था

महापौर के निरीक्षण के दौरान मामला उजागर



उज्जैन। महापौर मुकेश टटवाल ने रविवार को कानीपुरा मार्ग स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नगर निगम द्वारा निर्मित की जा रही एमआईजी श्रेणी की मल्टी का निरीक्षण किया।

इस दौरान सामने आया कि कुछ लोगों ने बिना अनुमति मल्टी के कमरों में सामान रख दिया है। महापौर टटवाल ने इस पर नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को कमरों में रखा सामान तत्काल हटाने के निर्देश दिए। साथ ही मल्टी की सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षा गार्ड तैनात करने को कहा।

महापौर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मल्टी में किसी भी प्रकार का अनधिकृत कब्जा नहीं होना चाहिए। परिसर में असामाजिक गतिविधियों पर भी प्रभावी रोक लगाई जाए। उन्होंने निर्माणाधीन आवासीय परिसर की नियमित निगरानी करने और सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

महापौर ने कहा कि शासकीय संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करना जरूरी है, ताकि आवासीय इकाइयों का व्यवस्थित उपयोग हो सके और निर्माण कार्य भी सुचारु रूप से पूरा किया जा सके।

महर्षि वाल्मीकि जयंती पर वाल्मीकि धाम में आज होंगे विभिन्न कार्यक्रम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



आज भगवान महर्षि वाल्मीकि जी के प्रकटोत्सव के पावन अवसर पर श्री क्षेत्र वाल्मीकि धाम में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। सांसद बालयोगी उमेश नाथ जी महाराज के निज सचिव ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के द्वारा आश्रम पहुंचकर महर्षि वाल्मीकि जी को माल्यार्पण किया जाना भी प्रस्तावित है।

उल्लेखनीय है कि उज्जैन स्थित श्री क्षेत्र वाल्मीकि धाम पर वर्षों से महर्षि वाल्मीकि जयंती का पवित्र पर्व मनाया जाता रहा है। इस वर्ष भी आज शरद पूर्णिमा (26 अक्टूबर 2026) को यह कार्यक्रम राज्यसभा सांसद एवं संत बालयोगी श्री उमेशनाथ जी महाराज के पावन सानिध्य में संपूर्ण वाल्मीकि समाज के भक्तों एवं समस्त प्रबुद्ध जनों की उपस्थिति में मनाया जाएगा। कार्यक्रम प्रात:काल से लेकर शाम तक विभिन्न आयोजनों के साथ चलेगा। सुबह वाल्मीकेश्वर महादेव एवं कमलेश्वर जी का पंचामृत अभिषेक किया जाएगा तथा समाधि वाले बाबा को चादर अर्पित की जाएगी। इसके पश्चात शहर की विभिन्न संस्थाओं द्वारा शोभायात्राएं वाल्मीकि धाम पहुंचेंगी।

शाम 5 बजे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा भगवान महर्षि वाल्मीकि जी को माल्यार्पण किया जाना प्रस्तावित है । इस अवसर पर उज्जैन के टावर चौक स्थित अंबेडकर प्रतिमा से युवा-युवतियों की एक भव्य वाहन रैली निकलेगी, जो शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए श्री क्षेत्र वाल्मीकि धाम पहुंचेगी। दूसरी यात्रा ऐतिहासिक क्षिप्रा तट पर स्थित रामघाट गोगा देव मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के मार्गों से होती हुई वाल्मीकि धाम पहुंचेगी। यात्राओं में महर्षि वाल्मीकि जी की भव्य झांकियां भी शामिल रहेंगी। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न जिलों, नगरों एवं कस्बों से बड़ी संख्या में समाजजन आश्रम पहुंचेंगे। आश्रम पर भव्य भोजन भंडारे का भी आयोजन किया गया है।

लापता बेटियों की बरामदगी को लेकर बाल्मीकि समाज में आक्रोश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ गुना

जिले के कुम्भराज की बाल्मीकि समाज की दो बेटियों सुहाना और रागिनी के लापता होने का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है।

दोनों बेटियों की सुरक्षित बरामदगी और पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने की मांग को लेकर अखिल भारतीय बाल्मीकि महासभा ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा है। महासभा के राष्ट्रीय सचिव नरेंद्र बीलरवान ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो पूरे जिले में सफाई कार्य बंद कर कामबंद आंदोलन शुरू किया जाएगा। महासभा के पदाधिकारियों नरेंद्र बीलरवान, नीरज मालवीय सहित कबूल चंद खरे व समाजजनों ने प्रशासन से दोनों लापता बेटियों की जल्द तलाश कर सुरक्षित बरामदगी सुनिश्चित करने की मांग की है। ज्ञापन के अनुसार, सुहाना और रागिनी 15 सितंबर से लापता हैं। काफी समय बीत जाने के बाद भी दोनों का सुराग नहीं मिलने से समाज में आक्रोश व्याप्त है। अखिल भारतीय बाल्मीकि महासभा के राष्ट्रीय सचिव नरेंद्र बीलरवान ने स्पष्ट कहा कि समाज की यह लड़ाई किसी के विरोध में नहीं, बल्कि बेटियों की सुरक्षित वापसी और पीडित परिवारों को न्याय दिलाने के लिए है।

सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा हेतु ब्यावरा में जनसंपर्क अभियान

ब्यावरा। पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह द्वारा निकाली जाने वाली सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन से प्रारंभ होकर अयोध्या की ओर प्रस्थान करेगी। यात्रा 26 एवं 27 अक्टूबर को राजगढ़ जिले में पहुंचेगी। यात्रा के आगमन को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा नगर में जनसंपर्क कर नागरिकों को आमंत्रित किया जा रहा है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियव्रत सिंह के निर्देशानुसार तथा ब्यावरा शहर कांग्रेस के मार्गदर्शन में ब्यावरा मंडलम के अंतर्गत जगत चौक मंडलम में मंडलम अध्यक्ष पंडित पुष्पेंद्र पाराशर के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पीले चावल बांटकर नगर भ्रमण किया। इस दौरान नगर के नागरिकों से संपर्क कर उन्हें सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। भारतीय राजनीति में पदयात्रा केवल पैदल चलकर एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचने का माध्यम नहीं, बल्कि जनता से सीधे जुड़ने, उनकी समस्याओं को सुनने और सामाजिक विषयों पर संवाद स्थापित करने का महत्वपूर्ण तरीका रही है। पदयात्राओं और जनसंपर्क के माध्यम से जनजागरण तथा जनभागीदारी को विशेष महत्व दिया था।

वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान 1 नवंबर को... दिल्ली कूच करेंगे उज्जैन के कांग्रेसी

महाराष्ट्र के विधायक अमीन पटेल ने ली कांग्रेस की बैठक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



शहर जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक में 'वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान' को लेकर रणनीति तैयार की गई। बैठक में महाराष्ट्र के विधायक एवं पर्यवेक्षक अमीन पटेल शामिल हुए। उन्होंने आरोप लगाया कि देश में जहां भी भाजपा की सरकार बनी है, वह वोट चोरी के कारण बनी है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के आह्वान पर 1 नवंबर को देशभर के कांग्रेस कार्यकर्ता दिल्ली पहुंचेंगे और इस मुद्दे को लेकर आवाज उठाएंगे।बैठक में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और उन्हें सजा देने की मांग भी उठाई गई।

उज्जैन से हजारों कार्यकर्ताओं जाएंगे दिल्ली

जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेश परमार ने कहा कि वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान के तहत उज्जैन जिले और शहर से हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता 1 नवंबर को दिल्ली पहुंचेंगे। शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी और नेता प्रतिपक्ष डॉ. रवि राय ने भी कार्यकर्ताओं से दिल्ली चलने की अपील की। बैठक में विधायक दिनेश जैन बॉस सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बड़ी संख्या में कांग्रेसजन हुए शामिल

संगठन मंत्री अजय राठौर ने बताया कि बैठक में वरिष्ठ नेता मनोहर बैरागी, वीर सिंह राणा, गुड्डू कुरैशी, मुकेश गुर्जर, हिमांशु शुक्ल, संचित शर्मा, अभिषेक शर्मा, आनंद मीणा, गफ्फार पटेल, सुरेश चौधरी, रहीम लाला, चंद्रभान सिंह चंदेल, बबलू खींची, पार्षद फिरोज पठान, अर्पित दुबे, सुनील कछवाय, छोटेलाल मंडलोई, चेतन भाट, सोनू चौधरी, उत्तम जायसवाल, अनवर नागोरी, शाहिद सिद्दीकी, माजिद लाला, सीमा पटेल, सोनिया ठाकुर, स्वाति सिंह, प्रेमलता रामी, दीपेश जैन, देवव्रत यादव, मनीष शर्मा, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। संचालन अभिषेक शर्मा ने किया आभार अर्पित यादव ने माना।

नगर में भारी वाहनों के प्रवेश से यातायात हो प्रभावित आमजन परेशान

बड़ौद। नगर के डग रोड और आगर रोड एवं आलोट रोड पर इन दिनों कृषि उपज मंडी में किसान अपना माल बेचने आ रहे जिससे वाहनों का जमावड़ा लग जाता है और बची कुची कसर सड़क किनारे खड़े वाहन के साथ अनलोड भूसा परिवहन करने वाले वाहन जाम लगा देते है। इस समस्या को शान्ति समिति की बैठक में कितनी बार उठ चुकी है लेकिन समाधान नहीं हो पा रहा है। नगर के आलोट रोड़ चौराहे और सुभाष चौराहे पर बीच रोड पड़ ही वाहन खड़े हो जाते है जिनको कहने सुनने वाला कोई नहीं है ऐसे में किसी दिन कोई हादसा हो गया या कोई विवाद हो गया तो जिम्मेदार कौन होगा ? इस समस्या पर स्थानीय प्रशासन को समय रहते ध्यान देना आवश्यक है।

नरवाई प्रबंधन हेतु स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम पर अनुदान के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

धार। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के 'मेरा युवा भारत' धार के तत्वावधान में बदनावर ब्लॉक के सेंट जोसेफ विजिटेशन स्कूल में 'आस-पड़ोस युवा संसद' कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा शुरू किए गए %नशा मुक्त भारत अभियान% के तहत आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य विषय 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत' रहा। कार्यक्रम में 'मेरा युवा भारत' धार की जिला युवा अधिकारी सुश्री दीर्घा राजावत के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के दौरान जिला युवा अधिकारी दीर्घा राजावत ने 'मेरा युवा भारत' (माई भारत) संगठन की रूपरेखा, उद्देश्यों और युवाओं के सशक्तिकरण से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों पर विस्तार से प्रकाश डाला।कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित डॉ. के. के. पाटीदार (आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी) ने विषय पर विस्तृत जानकारी देते हुए नशे के शारीरिक और मानसिक दुष्प्रभावों को रेखांकित किया और



स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में स्काउट एंड गाइड के जिला संगठन आयुक्त श्री सुशील कुशवाहा, सेंट जोसेफ विजिटेशन स्कूल से श्री पंकज जाटक, स्काउट मास्टर श्री महेश आमलियार, तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के ब्लॉक समन्वयक श्री अनिरुद्ध चावड़ा उपस्थित रहे।

योगाभ्यास एवं स्लोगन लेखन गतिविधि-कार्यक्रम के विशेष आकर्षण के रूप में उपस्थित सभी प्रतिभागियों को शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए योगाभ्यास कराया गया। इसके साथ ही, 'नशा मुक्त युवा' थीम पर आधारित युवाओं की रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने के लिए उनसे आकर्षक स्लोगन लिखवाए गए तथा उन सभी स्लोगनों को स्लोगन सबमिशन बॉक्स में जमा कराया गया। इस पूरी गतिविधि में 'माई भारत' स्वयंसेवक श्री राजू डोडवे एवं श्री सुमित गावाड़ की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित जनों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को जीवन में नशा न करने तथा समाज को इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक रखने की शपथ दिलाई गई।

धार। कृषि अभियांत्रिकी विभाग, जिला धार द्वारा किसानों से अपील की गई है कि वे कंबाइन हार्वेस्टर से फसल कटाई के दौरान फसल अवशेषों के उचित प्रबंधन तथा नरवाई जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम (स्स्र) का उपयोग करें। स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम कंबाइन हार्वेस्टर के पीछे लगाया जाने वाला एक विशेष उपकरण है, जो फसल कटाई के दौरान खेत में बचे फसल अवशेषों को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर खेत में समान रूप से फैला देता है। इससे फसल अवशेषों का खेत में ही प्रबंधन करना आसान होता है तथा नरवाई जलाने की आवश्यकता कम होती है।सहायक कृषि यंत्री, जिला धार ने बताया कि स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम (स्स्र) पर अनुदान का लाभ प्राप्त करने के लिए 21 अक्टूबर 2026 से ई-कृषि अनुदान पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।योजना के अंतर्गत आवेदन करने के लिए कृषकों को ?3,500 की धरोहर राशि का डिमांड ड्राफ्ट सहायक कृषि यंत्री, धार के नाम से बनवाकर प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। निर्धारित धरोहर राशि के डिमांड ड्राफ्ट के बिना आवेदन मान्य नहीं किया जाएगा।

बेहद शर्मनाक और क्रूरतापूर्ण वीडियो वायरल, चार लोगों पर मामला दर्ज

दबंगों ने मां-बेटी और बहू को बेरहमी से पीटा

गुना। जिले के कैंट थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पिपरोदा केशराज गांव से एक बेहद शर्मनाक और क्रूरतापूर्ण मामला सामने आया है। बताया गया है कि जमीनी विवाद और मक्का चोरी के विरोध को लेकर कुछ दबंगों ने हदें पार करते हुए घर लौट रही महिलाओं और बच्चियों को रास्ते से घरों में जबरन खींच लिया। उनके साथ न केवल लात-घूंसों से बेरहमी से मारपीट की गई, बल्कि उनके कपड़े भी फाड़ डाले गए। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने के बाद पुलिस प्रशासन हरकत में आया और पुलिस ने एससी-एसटी एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

प्राप्त एफआईआर के मुताबिक, यह पूरी घटना सुबह करीब 6:30 बजे की है। 10 वीं कक्षा की छात्रा और उसकी मां-भाभी थाने शिकायत दर्ज कराने जा रही थीं, क्योंकि उनके खेत से 4-5 ढेर मक्का गायब मिला था। रास्ते में आरोपी गजराम यादव, लल्लू यादव, रामकुमार यादव और धर्मेंद्र यादव ने उन्हें घेर लिया और गंदी गालियां देते हुए अपने घर के अंदर खींच लिया।

हमले के दौरान नाबालिग छात्रा वर्षा को सिर, पीठ और हाथों में गंभीर चोटें आईं, जबकि उसकी मां तुलसाबाई और भाभी सीमा अहिरवार को भी अंदरूनी चोटें पहुंचाई गईं। आरोप है कि रामकुमार यादव ने इस दौरान पीड़िता के कपड़े भी फाड़ दिए। दबंगों ने जातिसूचक गालियां देते हुए धमकी दी कि यदि दोबारा खेत पर आए, तो जान से खत्म कर देंगे।

इसी बीच मौके पर डायल 112 वाहन पहुंच गया, जिससे महिलाओं की जान बच सकी और उन्हें थाने लाया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए सीएसपी सैफा हाशमी ने बताया कि कैंट थाने में प्राप्त लिखित शिकायत और बयानों के आधार पर आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) संशोधन अधिनियम 1989 की गंभीर धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया गया है।

न्यूज-कॉलम

पेंशनर महासंघ की मासिक मिलन बैठक 28 अक्टूबर को

मन्दसौर। सेवानिवृत्त एवं पेंशनर नागरिक महासंघ मन्दसौर की नगर इकाई की आगामी मासिक मिलन बैठक 28 अक्टूबर, बुधवार को दोपहर 3 बजे पं. दीनदयाल उपाध्याय वृद्धजन सेवा केंद्र, मन्दसौर में आयोजित की जाएगी। इस बैठक में संगठन की सदस्यता बढ़ाने, अन्य संगठनात्मक विषयों और आगामी नगर के दीपावली मिलन कार्यक्रम के भव्य आयोजन को लेकर विस्तार से चर्चा की जाएगी। महासंघ के पदाधिकारियों ने नगर की सभी मोहल्ला इकाइयों के अध्यक्षों और सचिवों से अपने समस्त कार्यकारिणी सदस्यों के साथ बैठक में समय पर उपस्थित होने का विशेष आग्रह किया है।

40 पेटी अवैध शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

मंदसौर। जिले के थाना अफजलपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए एक वाहन से बड़ी मात्रा में अवैध देशी शराब जप्त की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अफजलपुर पुलिस ने नई आबादी क्षेत्र में दबिश देकर सफेद रंग की महिंद्रा टीयूवी कार से 25 पेटी देशी मसाला और 15 पेटी देशी प्लेन शराब यानी कुल 40 पेटी (360 बल्क लीटर) अवैध शराब जब्त की है। पुलिस ने वाहन चालक बबलु सिंह राठौर निवासी साखतली को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक अन्य आरोपी अर्जुन गुर्जर निवासी अफजलपुर की तलाश जारी है। आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

45 वर्षीय व्यक्ति ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

नीमच। शहर के समीप के गांव भोलियावास, मजदूरी का काम करने वाले 45 वर्षीय व्यक्ति ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली द्य ईंट भट्टे पर बने पक्के कमरे की दीवार में लगे लोहे के सरिये से रस्सी बांधकर फांसी लगा ली। सूचना मिलने पर नीमच सिटी थाना प्रभारी विजय सागरिया पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने मौका मुआयना करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला शासकीय अस्पताल भेजा।फिलहाल व्यक्ति द्वारा यह पता नहीं चल पाया है। नीमच कदम उठाए जाने के कारणों का सिटी थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सामाजिक समरसता व वर्तमान परिप्रेक्ष्य पर संगोष्ठी का आयोजन

मन्दसौर। विश्व हिन्दू परिषद के जिला मंत्री हेमंत बुलचन्दानी ने बताया कि विश्व हिन्दू परिषद मालवा प्रांत, मन्दसौर विभाग द्वारा संत शिरोमणि रविदास जी महाराज का 650वां जयंती वर्ष तथा हिंदुत्व के पुरोधा श्री अशोक सिंघल के जन्मशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में सामाजिक समरसता एवं वर्तमान परिप्रेक्ष्य को लेकर एक भव्य गोष्ठी का आयोजन 27 अक्टूबर को शाम 5 बजे स्थानीय कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में किया जा रहा है। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में विश्व हिन्दू परिषद के केंद्रीय सह संगठन महामंत्री श्री विनायकराव देशपांडे का मन्दसौर में उपस्थित रहेंगे।

म. प्र. के साढ़े चार लाख पेंशनर्स ने समस्याओं से दुखी होकर प्रधानमंत्री से लगाई गुहार, रतलाम प्रशासन को दिया ज्ञापन

ओम त्रिवेदी



रतलाम। मध्यप्रदेश के करीब 4.50 लाख पेंशनरों की विभिन्न समस्याओं और लंबित मांगों के निराकरण को लेकर प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन मध्यप्रदेश, जिला शाखा रतलाम ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन कलेक्टर प्रतिनिधि तहसीलदार सविता राठौर को दिया गया। इसमें पेंशनरों को महंगाई राहत, एरियर भुगतान, स्वास्थ्य बीमा, अतिरिक्त पेंशन और अन्य सुविधाओं का लाभ देने सहित 10 सूत्रीय मांगें रखी गईं।

एसोसिएशन ने कहा कि पेंशनरों की मांगों का निराकरण नहीं होने से प्रदेश के सेवानिवृत्त कर्मचारियों और उनके परिवारों में निराशा एवं असंतोष व्याप्त है। केंद्र सरकार की तर्ज पर महंगाई राहत का लाभ निर्धारित तिथि से नहीं मिलने और स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं के अभाव में पेंशनरों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। संगठन ने दीपावली से पहले मांगों का निराकरण करने की अपील की।

महंगाई राहत और लंबित एरियर का भुगतान हो

ज्ञापन में मांग की गई कि केंद्र के समान 2 प्रतिशत महंगाई राहत 1 जनवरी 2026 से अक्टूबर 2026 तक के 10 माह के एरियर सहित शीघ्र प्रदान की जाए। इसके साथ ही 1 अक्टूबर 2021 से 31 दिसंबर 2025 तक विलंब से दी गई महंगाई राहत की कुल 71 माह की अंतर राशि का भुगतान किया जाए। पेंशनरों को छठे वेतनमान के 32 माह और सातवें वेतनमान के 27 माह सहित कुल 59 माह का लंबित एरियर भी दिया जाए।

एसोसिएशन ने स्वास्थ्य बीमा योजना में पेंशनरों से ४ प्रतिशत प्रीमियम लेने के प्रावधान को अधिक बताते हुए कर्मचारियों की तरह पेंशनरों से भी १ प्रतिशत प्रीमियम लेने की मांग की। साथ ही 80 वर्ष की आयु प्रारंभ होते ही 20 प्रतिशत अतिरिक्त पेंशन देने तथा 65, 70 और 75 वर्ष की आयु प्रारंभ होने पर प्रत्येक स्तर पर 5 प्रतिशत अतिरिक्त पेंशन वृद्धि का प्रावधान करने की मांग रखी।

समयमान वेतनमान और पेंशन कार्यालयों को लेकर मांग

ज्ञापन में 1 जुलाई 2023 को या उससे पहले 35 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण करने वाले पात्र पेंशनरों को चतुर्थ समयमान वेतनमान का लाभ देने की मांग की गई। इसके अलावा जिला पेंशन कार्यालयों का पुनः जिलों में संचालन शुरू करने की मांग उठाई गई। संगठन का कहना है कि पेंशन कार्यालयों के भोपाल में केंद्रीकरण से पीपीओ और संशोधित पीपीओ प्रकरणों के निराकरण में परेशानी आ रही है तथा आदेश जारी होने में छह से सात महीने तक का विलंब हो रहा है।

परिवार पेंशन, रेल और बस यात्रा में रियायत की मांग

एसोसिएशन ने केंद्रीय पेंशनरों के समान अविवाहित पुत्रियों और विधवा बहुओं को परिवार पेंशन का अधिकार देने की मांग की। साथ ही पेंशनरों के पक्ष में उच्च न्यायालयों द्वारा दिए गए निर्णयों का पालन कर संबंधित देय स्वत्वों का भुगतान कराने की बात कही। वरिष्ठ नागरिक पेंशनरों के लिए कोरोना काल में बंद की गई रेल यात्रा रियायत पुनः शुरू करने तथा मुख्यमंत्री सुगम सेवा परिवहन बस यात्रा में भी रियायत देने की मांग की गई। संगठन ने महाराष्ट्र, गुजरात और राजस्थान की तर्ज पर मध्यप्रदेश में भी वरिष्ठ नागरिकों को बस किराए में छूट देने की अपील की।

ज्ञापन के माध्यम से संगठन ने विश्वास जताया कि शासन पेंशनरों और उनके परिवारों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए दीपावली पर्व से पहले मांगों के निराकरण के लिए आवश्यक कदम उठाएगा।

इस अवसर पर महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष गीता राठौर, कार्यकारी अध्यक्ष एम.एल. भट्ट, सचिव एम.एल. नागावत तथा अध्यक्ष एवं उपप्रांताध्यक्ष कीर्ति कुमार शर्मा सहित अन्य पदाधिकारियों ने पेंशनरों की मांगों को प्रमुखता से उठाया। बड़ी संख्या में पेंशनर उपस्थित रहे और जोरदार नारेबाजी की।

शोध की गुणवत्ता, नैतिकता और नवाचार पर मंथन के साथ पाँच दिवसीय राष्ट्रीय एफडीपी का भव्य समापन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर



शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मंदसौर में उच्च शिक्षा विभाग की क्षमता निर्माण योजना के अंतर्गत आयोजित पाँच दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) का समापन हुआ। प्राचार्य प्रो. जे. एस. दुबे के मार्गदर्शन में आयोजित इस अकादमिक कार्यक्रम में विभिन्न महाविद्यालयों एवं संस्थानों के लगभग 55 शिक्षकों और शोधार्थियों ने सहभागिता कर शोध पद्धति, अकादमिक लेखन, शिक्षण कौशल तथा अनुसंधान की गुणवत्ता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कीं।

कार्यक्रम के अंतिम दिवस के प्रथम सत्र में पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के प्रोफेसर डॉ. राजीव चौधरी ने शोध में मौलिकता, प्रमाणिकता और नैतिक मूल्यों के महत्त्व को रेखांकित करते हुए साहित्यिक चोरी से बचने के तकनीकी एवं व्यावहारिक उपायों की जानकारी दी। वहीं द्वितीय सत्र में महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ. शिव प्रकाश पंवार ने बौद्धिक संपदा अधिकारों पर व्याख्यान देते हुए कॉपीराइट, पेटेंट तथा अकादमिक लेखन में बौद्धिक संपदा के संरक्षण से जुड़े कानूनी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि एसपी विनोद कुमार मीणा ने कहा कि निरंतर सीखने की प्रवृत्ति न केवल शिक्षकों के व्यावसायिक विकास के लिए आवश्यक है, बल्कि विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए भी अत्यंत महत्त्वपूर्ण है।

पाँच दिनों तक चले इस फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में शोध पद्धति, अकादमिक लेखन, शोधपत्र प्रकाशन, प्रश्न पत्र निर्माण तथा शिक्षण एवं मूल्यांकन तकनीकों सहित विभिन्न समसामयिक विषयों पर विशेषज्ञों ने मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. वीणा सिंह ने आयोजन की सफलता में योगदान देने वाले सभी अतिथियों, विषय विशेषज्ञों, प्रतिभागियों एवं महाविद्यालय परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया। आयोजन समिति के डॉ. सचिन शर्मा, डॉ. उत्तम कुमावत, खुशबू मंडावरा, डॉ. सीमा जैन एवं वर्षा सिंह राजपूत आदि का सक्रिय योगदान रहा।



मंदसौर जिले में रबी फसलों के लिए उर्वरक वितरण व्यवस्था आसान, सभी केंद्रों पर पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध-कलेक्टर

मन्दसौर। जिले में रबी फसलों की बुवाई को ध्यान में रखते हुए किसानों को सुगमता से सभी प्रकार के उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन ने वितरण व्यवस्था को और अधिक सरल बना दिया है। कलेक्टर दिव्यांक सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय सभा कक्ष में भारतीय किसान संघ के जिला पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें किसानों को बिना किसी परेशानी के खाद उपलब्ध कराने की रूपरेखा तय की गई। बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुसार जिले के सभी 13 नगद विक्रय केंद्र अब प्रातः 8 बजे से कार्य करेंगे और शनिवार को भी खुले रहेंगे। इसके अलावा, उर्वरक वितरण केंद्रों पर कतारों और भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पीओएस (मशीनों) की संख्या बढ़ाई जा रही है, जिससे प्रत्येक केंद्र पर पांच मशीनें उपलब्ध रहेंगी। शासन से 100 अतिरिक्त मशीनें भी मंगवाई जा रही हैं और डबल लॉक केंद्रों पर भी अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि सहकारिता समितियों, नगद विक्रय केंद्रों के साथ-साथ जिले की 104 निजी दुकानों पर भी समान गुणवत्ता और एक समान दर पर यूरिया और डीएपी सहित सभी प्रकार के उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं।

जावद बस स्टैंड पर सेवादल ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच

कांग्रेस सेवादल जिला नीमच द्वारा राष्ट्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक माह के आखरी रविवार को अलग-अलग स्थानों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जा रहा है। इसी कड़ी में कल रविवार को प्रातः 10.30 बजे बस स्टैंड परिसर जावद पर ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

सेवादल जिला अध्यक्ष गजेंद्र यादव के नेतृत्व में आयोजित इस ध्वजा रोहण कार्यक्रम के अंतर्गत जिला कांग्रेस कमेटी एवं सेवादल से जुड़े पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता अच्छी खासी संख्या में उपस्थित हुए। जिन्होंने सर्वप्रथम पूरे सम्मान के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहराया उसके पश्चात देश के महापुरुषों को याद करते हुए उन्हें नमन किया। फिर सभी ने एक स्वर में राष्ट्रीय गान गया। इस अवसर पर सेवादल के जिला अध्यक्ष गजेंद्र यादव ने कहां की वर्तमान में भाजपा सरकार झूठ बोलो जोर से बोलो की तर्ज पर काम कर रही है। देश और प्रदेश की सत्ता में काबिज भाजपा सरकार वोट चोरी कर अपनी सरकार बनाकर बैठी है इनकी हरकत का कोई अगर विरोध कर रहा है तो यह उसे दबाने का काम कर रहे हैं।

श्री यादव ने कहां की भाजपा सरकार आम जनता के साथ किसानों को भी बरगलाने का काम कर रही है। अफीम नीति के नाम पर क्षेत्र के किसानों को इस सरकार द्वारा बेवकूफ बनाया जा रहा है। भाजपा सरकार की नाकामियों को उजागर करने के लिए राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा आगामी 1 नवंबर को दिल्ली में महारैली का आयोजन किया जा रहा है, इस आयोजन में स्थानीय कार्यकर्ता अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे।

अफीम नई नीति में चीरे वाली 10 आरी और सीपीएस के लिए 5 आरी पट्टे मिलेंगे

नीमच। इस वर्ष नई अफीम नीति लंबे इंतजार के बाद केंद्र सरकार ने अफीम फसल वर्ष 2026-27 की लाइसेंस जारी कर दी। वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग ने 23 अक्टूबर को दो अलग-अलग अधिसूचनाओं के माध्यम से अफीम उत्पादक किसानों की पात्रता, खेती का अधिकतम रकाबा, मॉर्फिन की न्यूनतम उपज, सीपीएस यांनी बिना चीरा लगाए पोस्ता भूला उत्पादन और आगामी अफीम नीति मे

गोंद (चीरा) वाली अफीम अधिकतम क्षेत्र 10 आरी -2027-28 का लक्ष्य 5.0 हेक्टेयर अधिकतम आरी पांच फसल का लाइसेंस जारी होंगे केंद्र सरकार द्वारा घोषित अफीम फसल वर्ष 2026-27 की नई लाइसेंस नीति ने अंचल के किसानों के लिए नियमों का पूरा गणित बदल दिया है। इस बार गोंद वाली आफ्रीन के लिए सामान्य पात्रता का मॉर्फिन मानक 4.2 से बढ़ाकर 4.4 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर कर दिया गया है, जिससे किसानों पर बेहतर उपज का दबाव बढ़ गया है। वहीं, सीपीएस (बिना चीरा) पद्धति और पुराने किसानों की वापसी के लिए विशेष प्रावधान भी जोड़े गए हैं, जिससे अंचल के उत्पादकों में सुगबुगाहट तेज हो गई है।

फसल वर्ष के मानक तय किए हैं। नीमच मंदसौर, जावरा, चित्तौड़गढ़ सहित अफीम उत्पादक अंचल के किसानों के लिए इस बार सबसे अहम बदलाव यह है कि गोंद वाली अफीम के लिए पिछली फसल की न्यूनतम मॉर्फिन उपज का मानक 4.2 से बढ़ाकर 4.4 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर हो गया है। वहीं, बिना चीरा पोस्ता भूसे की खेती के लिए अलग पात्रता व्यवस्था जारी रखी गई है।

नीमच विधानसभा क्षेत्र में 54 नये चिकित्सकों की पदस्थापना के आदेश

नीमच । नीमच विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने की दिशा में 54 नवीन चिकित्सकों की पदस्थापना के आदेश जारी हुए हैं। नवीन चिकित्सकों की नियुक्ति से क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूती मिलेगी तथा आमजन को चिकित्सा सेवाओं का बेहतर लाभमिल सकेगा।इस संबंध में विधायक दिलीपसिंह परिहार ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं उप मुख्यमंत्री तथा स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार और आमजन को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। नवीन चिकित्सकों की पदस्थापना से स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता में सुधार होने की उम्मीद है। विधायक परिहार ने इसे जनहितकारी निर्णय बताते कहा कि क्षेत्रवासियों को सुलभ एवं बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध के प्रयास किए जा रहे हैं।

उल्लास नवभारत साक्षरता अभियान के तहत 4430 नवसाक्षरों ने दी मूल्यांकन परीक्षा

146 परीक्षा केंद्रों पर हुआ परीक्षा का आयोजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ जावरा



उल्लासझ्नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को विकासखंड के समस्त निर्धारित 146 परीक्षा केंद्रों पर नवसाक्षरों की मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा में ब्लॉक के कुल 4430 महिला एवं पुरुष नवसाक्षरों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

ब्लॉक साक्षरता प्रभारी राजेश भावसार एवं साक्षरता परीक्षा प्रभारी मुकेश देवड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस परीक्षा का उद्देश्य १५ वर्ष से अधिक आयु वर्ग के ऐसे महिला एवं पुरुषों की साक्षरता एवं संख्यात्मक दक्षताओं का मूल्यांकन करना है, जो औपचारिक शिक्षा से वंचित रहे हैं। वर्ष 2011 की जनगणना के सर्वे के आधार पर लक्षित नवसाक्षरों को इस अभियान से जोड़कर उन्हें साक्षर बनाने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं।

परीक्षा के सुचारु एवं व्यवस्थित संचालन के लिए विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड अकादमिक समन्वयक (बीएसी), जनशिक्षकों एवं संकुल सह-समन्वयकों द्वारा विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। परीक्षा समाप्ति के पश्चात नवसाक्षरों की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन शिक्षकों द्वारा किया गया।

इस अभियान को सफल बनाने में प्राथमिक, माध्यमिक, हाईस्कूल एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के समस्त शिक्षक स्टाफ, परीक्षा केंद्राध्यक्षों, सामाजिक चेतना केंद्र प्रभारियों तथा अक्षर साथियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

उल्लेखनीय है कि भारत सरकार द्वारा उल्लासझ्नवभारत साक्षरता कार्यक्रम वर्ष 2022 से 2027 तक संचालित किया जा रहा है। इस योजना का प्रमुख उद्देश्य असाक्षर वयस्कों को बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान प्रदान करना तथा देश में साक्षरता के शत-प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में प्रभावी प्रयास करना है। परीक्षा के सफल आयोजन पर खंड स्त्रोत केंद्र समन्वयक रूपेश नरोटे, विकासखंड साक्षरता प्रभारी राजेश भावसार, ब्लॉक अकादमिक समन्वयक मुकेश देवड़ा, महावीर भंडारी, मनोज यादव स्ट्रांग रूम प्रभारी योगेश त्रिवेदी, एमआईएस लीलाधर दायमा एवं पूर्व विकासखंड सह-समन्वयक रितेश चोपड़ा ने अभियान में सहयोग प्रदान करने वाले समस्त जनशिक्षकों, संकुल सह-समन्वयकों, परीक्षा केंद्राध्यक्षों, विद्यालयीन शिक्षक स्टाफ, सामाजिक चेतना केंद्र प्रभारियों एवं अक्षर साथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

न्यूज कालम



स्वर्णकार समाज के पितृपुरुष अजीमीङ महाराज की जयंती हर्षोल्लास से मनाई

पिपलिया मंडी । स्वर्णकार समाज के पितृपुरुष अजीमीङ जी महाराज की जयंती पिपलिया मंडी टीलाखेड़ा बालाजी मंदिर परिसर पर समाजनो द्वारा सामूहिक रूप से हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन एवं मातृशक्ति बड़ी संख्या में उपस्थित होकर अजमिड़ जी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया एवं आरती उतारी और एक दुसरे को बधाई शुभकामनाए देते हुए क्षेत्र में सुख शांति समृद्धि हेतु कामना करी।उपस्थित समाज के अध्यक्ष कमल सोनी प्रहलाद शैलेन्द्र कृष्णा जी महेश जी बसंत किशनजी दिलीप जी धर्मपाल वीरेंद्र, जगदीश, रोहित जगदीश जीरन वाले जगदीश पामड़ा कृष्णकांत महेश नरेन्द्र जी कमल बालाबुड़ा हर्ष , गोविन्द, अभिषेक संदीप , संजय पीयूष. बड़ी संख्या में समाज जन उपस्थित थे।आभार मुकेश सोनी शांति ज्वलर्स ने माना।

उपमुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने बिलांत्री में किया मन की बात कार्यक्रम का श्रवण



मंदसौर। उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने ग्राम बिलांत्री में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात को ग्रामीणों के साथ बैठकर सुना। कार्यक्रम के पश्चात उपमुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने स्वच्छता के महत्व पर विशेष बल देते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक को अपने वार्ड, गांव और शहर को साफ-सुथरा रखने में अपनी अहम भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों में स्वच्छता के संस्कार बचपन से ही विकसित होने चाहिए, जिसके लिए बड़ों को स्वयं उदाहरण बनना होगा। स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र और खेल के मैदान हमेशा स्वच्छ रहें, इसके लिए निरंतर प्रयास करने की आवश्यकता है।

शिवना को स्वच्छ रखने के लिए पूजन सामग्री निर्धारित कलश में ही डालें



मन्दसौर। शहर की जीवनदायिनी शिवना नदी के शुद्धिकरण अभियान का रविवार को 147वां दिन पूरा हुआ। इस दौरान श्रमदानियों ने एकजुट होकर नदी किनारे, घाटों और नदी के भीतर फैले प्लास्टिक कचरे व अन्य अपशिष्ट पदार्थों को बाहर निकाला, जिससे एक ट्रॉली कचरा निकला। इस अवसर पर विधायक विपिन जैन ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि शिवना नदी हमारी आस्था और शहर की पहचान है, इसे स्वच्छ रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि पूजन सामग्री को सीधे नदी में प्रवाहित न करें, बल्कि नदी किनारे रखे गए निर्धारित कलश में ही डालें ताकि आस्था भी बनी रहे और नदी भी निर्मल रहे। उन्होंने नगरवासियों से प्रत्येक रविवार को प्रातः 7 से 9 बजे तक चलने वाले इस श्रमदान अभियान में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की।

रणजीतसिंह ने दिल्ली में होने वाली महा रैली को सफल बनाने हेतु किया अनुष्ठान

पिपलिया मंडी। किसान कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महामंत्री तथा ग्राम पंचायत मुंदेड़ी सरपंच प्रतिनिधि एवं पश्चिम रेलवे एम्पलाई यूनियन के पुर्व अध्यक्ष कुंवर रणजीत सिंह शक्तावत ने दिल्ली के रामलीला मैदान में एक नवंबर को वोट बचाओ देश बचाओ महारैली के सफल आयोजन हेतु एक विशेष अनुष्ठान किया एवं कुंवर शतावत ने देश के कोने कोने से अधिक से अधिक लोग रामलीला मैदान में उपस्थित हो वोट चोरी कर जिस प्रकार से सरकार में बैठे हुए लोग तानाशाही कर रहे हैं उन तानाशाहों से इस देश को आजादी मिले इस देश का हर मतदाता अपने आप को स्वतंत्र महसूस करें और इस देश में जिस प्रकार से युवाओं के ऊपर लाठीचार्ज हो रहा है,महिलाओं के ऊपर लाठी चार्ज हो रहा है,बुजुर्गों के ऊपर लाठी चार्ज हो रहा है,किसानों के ऊपर लाठी चार्ज हो रहा है और देश के कोने कोने में त्राहिमान है,उस त्राहिमान से आम आवाम को निजात मिले इस हेतु ईश्वर से प्रार्थना कि अनुष्ठान पूर्ण विधि विधान एवं अघोर विद्या के अनुरूप सिद्ध हुआ।



तनोडिया में लगातार निकल रही संकीर्तन यात्रा

तनोडिया। अयोध्या में भगवान राम की प्राण-प्रतिष्ठा के निमित्त एवं नगर में नवग्रह शनिदेव व भोलेनाथ की प्राण- प्रतिष्ठा के निमित्त प्रारम्भ हुई श्रीराम संकीर्तन यात्रा लगातार जारी है। भक्तों द्वारा संकीर्तन यात्रा उत्साह के साथ निकाली जा रही। नगर में प्रतिदिन तड़के 5:30 बजे निकलने वाली प्रभात फेरी ठंड में भी निकाली जा रही है। भक्तों द्वारा सुबह गरम वस्त्र धारण कर ढोलक, झांझ, मजीरे बजाते भजन गाते अपने परंपरागत मार्ग से निकल रहे हैं। जिसमें बडी संख्या में महिलाएं शामिल हो रही हैं। महिला मंडल की हंसा बाई शर्मा ने प्रतिनिधि महेश शर्मा को बताया कि एक एक भक्तों द्वारा चार धाम तो कोई तीन धाम यात्रा भी कर रहे। तो कोई महाकुंभ प्रयागराज भी जा चुके हैं। और प्रतिदिन यात्रा भी निकाली जा रही है। और लगातार जारी रहेगी।

विजयवर्गीय से मिले नपा अध्यक्ष पंकज पालीवाल



सारंगपुर। सारंगपुर नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल ने कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से सौजन्य मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान शहर के सर्वांगीण विकास और जनहित से जुडी विभिन्ना योजनाओं को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष पालीवाल ने क्षेत्र में जारी विकास कार्यों की प्रगति से मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को अवगत कराया। साथ ही, आगामी बुनियादी ढांचागत, परियोजनाओं, स्वच्छता अभियान, पेयजल आपूर्ति और सड़कों के सुदृढीकरण के लिए अतिरिक्त बजट व सहयोग का अनुरोध किया। कैलाश विजयवर्गीय ने विकास योजनाओं की सराहना करते हुए हर संभव शासकीय मदद और मार्गदर्शन का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि नागरिकों की सुविधाओं का विस्तार और क्षेत्र का कायाकल्प सरकार की पहली प्राथमिकता है। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि और पार्टी कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। मुलाकात के बाद अध्यक्ष पालीवाल ने बताया कि मंत्रीजी के मार्गदर्शन से शहर में रुके हुए विकास कार्यों को गति मिलेगी और जनता को जल्द ही नई सौगातें मिलेंगी।

संभाग स्तरीय मलखंब प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दम, उत्कृष्ट प्रदर्शन पर मिला पुरस्कार

शाजापुर। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बीकेएसएन गवर्नमेंट कॉलेज संभाग स्तरीय महिला पुरूष मलखंब प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. मीनू गिडवानी ने की। वहीं अतिथि के रूप में आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. अरूण कुमार बोडाने, संयोजक चयन समिति अनिल पाटीदार रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मंचासीन अतिथियों द्वारा बजरंग बली के चित्र पर पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। उक्त प्रतियोगिता में उज्जैन संभाग के विभिन्न महाविद्यालों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस मौके पर प्राचार्य गिडवानी ने कहा कि आज के समय में विद्यार्थी पढ़ाई लिखाई के साथ किसी खेल विधा में भाग लेकर न सिर्फ अपने कॅरियर को आगे बढा सकते हैं, बल्कि अपने स्वास्थ्य को भी बेहतर कर सकते हैं।

ढाबे पर खाना खाने गये युवक की बाइक गायब

शुजालपुर। मंडी बस स्टेंड पर स्थित एक ढाबे के पास खड़ी मोटरसाइकिल अज्ञात बदमाश चोरी कर ले गया। बाइक मालिक के भाई ने ढाबे पर खाना खाने के लिए मोटरसाइकिल खड़ी की थी। खाना खाकर बाहर आया तो बाइक गायब मिली। आसपास तलाश करने के बाद भी जब बाइक का पता नहीं चला तो फरियादी ने पुलिस थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस को ग्राम कोठरी निवासी धनपाल राठौर ने बताया कि उसका भाई राहुल राठौर मोटरसाइकिल से अपनी भाभी को छोड़ने ग्राम रायपुर पिपलौद गया था।

संभागायुक्त आशीष सिंह ने वृंदावन ग्राम तनोड़िया में पशुपालकों से किया संवाद

दुग्ध उत्पादन बढ़ाने हेतु पशुपालक सम्मेलन में गोचर भूमि से अतिक्रमण हटाने के निर्देश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ तनोडिया



वृंदावन ग्राम योजना के तहत जिले के चयनित वृंदावन ग्राम तनोड़िया में शुक्रवार को पशुपालन विभाग द्वारा दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के उद्देश्य से पशुपालक सम्मेलन आयोजित किया गया।

सम्मेलन में उज्जैन संभाग के संभागायुक्त आशीष सिंह, उज्जैन रेंज के एडीजीपी राकेश कुमार गुप्ता, कलेक्टर डॉ. शेर सिंह मीना एवं पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी की उपस्थिति रही।

संभागायुक्त सिंह ने उपस्थित पशुपालकों से एक-एक कर संवाद कर ग्राम में पशुपालकों की संख्या, देशी नस्ल के गोवंश की संख्या, दुग्ध उत्पादन, दुग्ध सहकारी समिति के गठन एवं दुग्ध संग्रहण आदि के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने उप संचालक पशुपालन को निर्देश दिए कि वृंदावन ग्राम तनोड़िया में गोवंश में नस्ल सुधार एवं दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए पशुपालकों को प्रेरित कर सेक्स सॉर्टेड सीमन से कृत्रिम गभार्धान को बढ़ावा दें। पशुपालकों की मांग पर उन्होंने एसडीएम एवं तहसीलदार को गोचर भूमि से अतिक्रमण हटाकर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के निर्देश भी दिए। संभागायुक्त ने पशुपालकों से गोपालकृष्ण ग्राम पुरस्कार योजना के तहत अधिक से अधिक देशी नस्ल के गोवंश का पंजीयन कराकर योजना में सम्मिलित होने का आह्वान किया। कलेक्टर डॉ. शेर सिंह मीना ने मुख्यमंत्री गोपालकृष्ण ग्राम पुरस्कार योजना की जानकारी देते हुए ग्रामीणों से देशी नस्ल की गायों का पालन करने एवं पुरस्कार योजना में भाग लेने का आह्वान किया।

उप संचालक पशुपालन डॉ. महेश जारोलिया ने पशुपालन विभाग द्वारा संचालित डॉ. आंबेडकर कामधेनु योजना, डेयरी प्लस योजना एवं आचार्य विद्यासागर योजना की विस्तार से जानकारी देते हुए लाभ लेने की प्रक्रिया बताई तथा तनोड़िया में इन योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों के बारे में अवगत कराया।

नवीन ग्रामीण पुलिस थाना होगा स्थापित

एडीजीपी राकेश कुमार गुप्ता ने ग्रामीणों की मांग पर तनोड़िया में परीक्षण कराकर नवीन ग्रामीण पुलिस थाना स्थापित करने का प्रस्ताव तैयार कर भेजने के निर्देश पुलिस अधीक्षक को दिए। साथ ही सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद करने वाले वॉलिंटियर्स एवं ग्रामीणों को घायलों को तत्काल सहायता पहुंचाने एवं उचित तरीके से चिकित्सालय पहुंचाने के संबंध में आवश्यक प्रशिक्षण ग्राम तनोड़िया में प्रदान करने की व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए।

लोकतंत्र बचाओ-भीड़तंत्र हटाओ अभियान को लेकर भाजपा की जिला बैठक सम्पन्न

■ कांग्रेस के आरोपों का जवाब देगी भाजपा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नागदा



भाजपा द्वारा 5 नवंबर तक देशभर में लोकतंत्र बचाओ-भीड़तंत्र हटाओ अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत पदयात्रा, राष्ट्रीय चिंतन संवाद, बौद्धिक गोष्ठी, युवा संवाद, छात्राओं की प्रतियोगिताएं और सोशल मीडिया गतिविधियों सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनके माध्यम से कांग्रेस और इंडी गठबंधन द्वारा चुनाव आयोग तथा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर को लेकर लगाए जा रहे आरोपों पर भाजपा अपना पक्ष रखेगी।

अभियान की तैयारियों को लेकर भाजपा जिला मुख्यालय लोकशक्ति भवन में भाजपा उज्जैन ग्रामीण की जिला बैठक एवं दशहरा मिलन समारोह आयोजित किया गया। बैठक में अभियान को जन-जन तक पहुंचाने और कार्यकर्ताओं की भूमिका निर्धारित करने के संबंध में रणनीति बनाई गई।

बैठक में सांसद अनिल फिरोजिया, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश धाकड़, जिला प्रभारी एवं प्रदेश मंत्री श्रीमती बबीता परमार, विधायक डॉ. तेजबहादुर सिंह चौहान, डॉ. सतीश मालवीय, जितेंद्र पंड्या तथा जिला महामंत्री राकेश यादव और श्याम शर्मा सहित जिला उपाध्यक्ष एवं अभियान के जिला टोली संयोजक संदीप व्यास, सहसंयोजक महिपाल सिंह उमठ, अश्विन डिंडोरकर, कृष्णपाल सिंह झाला और विजय चौधरी मंचासीन रहे।

डायलिसिस यूनिट में अव्यवस्थाओं का अंबार, जांच मशीन पर ताला

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर।

सारंगपुर के शासकीय सिविल अस्पताल की डायलिसिस यूनिट में व्यवस्थाओं को लेकर एक बार फिर सवाल खडे हो गए हैं। किडनी मरीजों के लिए जीवनरक्षक डायलिसिस सेवा में जरूरी संसाधनों की कमी से लेकर खून की जांच मशीन के इस्तेमाल तक पर सवाल उठ रहे हैं। डायलिसिस कराने वाले मरीज गौरव शर्मा का आरोप है कि यूनिट में स्टेबलाइजर रखने की टेबल, खाना खाने की टेबल और कुर्सियां तक नहीं हैं। वहीं, करीब एक करोड रुपए की लागत वाली खून जांच मशीन ताले में बंद होने का दावा करते हुए उन्होंने सवाल उठाया कि जब सरकारी अस्पताल में महंगी मशीन उपलब्ध है, तो मरीजों को जांच के लिए राजगढ क्यों भेजना पड रहा है? दूसरी ओर, बीएमओ का कहना है कि स्टेबलाइजर की दूसरी व्यवस्था कर दी गई है और यूनिट में दूसरे विभागों के सामान से काम चलाया जा रहा है।

डायलिसिस मरीज गौरव शर्मा के मुताबिक, यूनिट में स्टेबलाइजर रखने की टेबल सहित मरीजों के उपयोग में आने वाला जरूरी सामान हटा दिया गया है। उनका आरोप है कि यह सामान एनआरसी विभाग के कर्मचारी ले गए। उन्होंने स्टेबलाइजर के बिना मशीन के संचालन और बिजली के उतार-चढ;ाव को लेकर भी चिंता जताई है। गौरव का कहना है कि उन्होंने पहले भी इस समस्या से बीएमओ को अवगत कराया और एसडीएम तक शिकायत पहुंचाई, लेकिन उनके मुताबिक व्यवस्थाओं में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ।

पदयात्रा की तैयारी का जायजा लेने पहुंचे सचिन वत्स

सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा आज सारंगपुर में, संत समाज करेंगे स्वागत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के नेतृत्व में शिव धाम से रामधाम जा रही सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा 26 अक्टूबर को सारंगपुर आएगी। सिंह के साथ बडी संख्या में चल रहे साधु-संतों और कांग्रेस जनों का सारंगपुर नगर आगमन पर जगह जगह भव्य स्वागत किया जाएगा। सारंगपुर में वे पत्रकारों से भी चर्चा करेंगे।

यात्रा का रात्रि विश्राम सारंगपुर में ही रहेगा। स्थानीय राठी मांगलिक परिसर में सभी यात्रियों के विश्राम की व्यवस्था की गई है। राजगढ़ जिला कांग्रेस अध्यक्ष और प्रियव्रत सिंह खींची, रामचंद्र दांगी, कृष्ण मोहन मालवीय, प्रदीप जैन, दुर्गेश सोमानी, मोहम्मद अली, सामाजिक कार्यकर्ता अमिताभ पाण्डेय, प्रदीप सादानी, जसवंत सिंह राजपूत, शहर अध्यक्ष आबिद लोदी, लखन धनगर, अखिलेश राठी, बनवारीलाल मालवीय मौजूद रहे।

सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा के सारंगपुर आगमन से पहले व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए रविवार सुबह पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के निजी सचिव सचिन वत्स आज सारंगपुर आए। उन्होंने यहां वरिष्ठ कांग्रेस जनों से चर्चा कर पद यात्रियों की सुविधाओं को देखा। श्री सिंह सोमवार को सारंगपुर में जिन मार्गो से गुजरेंगे, वहां पर स्थानीय कांग्रेसजनों द्वारा स्वागत मंच बनाए गए हैं।

उज्जैन में निलेश मेहता उत्कृष्ट पत्रकारिता सम्मान से अलंकृत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नागदा



भारत विकास परिषद विक्रमादित्य, उज्जैन द्वारा दशहरा मैदान के समीप स्थित आस्था गार्डन में 8वें पत्रकार सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में पत्रकारिता के क्षेत्र में निष्पक्षता, निष्ठा और समर्पण के साथ सेवाएं देने वाले पत्रकारों का स्वागत पट्टिका एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर नागदा के पत्रकार निलेश मेहता को उनकी उत्कृष्ट पत्रकारिता के लिए उत्कृष्ट पत्रकारिता सम्मान से अलंकृत किया गया।

समारोह स्वामी रामस्वरूप ब्रह्मचारी महाराज चारधाम मंदिर एवं पं. महेश पुजारी अध्यक्ष राष्ट्रीय पुजारी संघ एवं मुख्य पुजारी श्री महाकालेश्वर उज्जैन के पावन सानिध्य में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में पंजाब नेशनल बैंक, उज्जैन के मंडल प्रमुख बृजलाल गुप्ता, आईएमए उज्जैन अध्यक्ष डॉ. रूपेश खत्री, अवंतिका विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. मनेश पाटिल तथा दुर्गा वाहिनी की प्रांत सचिव मानसी उपाध्याय उपस्थित रहे।

वरिष्ठ पत्रकारों का हुआ सम्मान

समारोह में भूपेंद्र भूतड़ा, नीलेश शर्मा, देवेंद्र पुरोहित, शरद पंड्या, महेंद्र सिंह बैस, निलेश मेहता, अभिजीत दुबे, राजेश वर्मा, रवि सेन, ललित सक्सेना, कमल चौहान, अमित कसेरा, शैलेष व्यास, सुभाष जोशी, अनिल पांडे, दीपक भारती, गोविंद प्रजापत, अनिमेष सिंह कुशवाह, अजय पटवा, निलेश खयोरे, निलेश नागर का सम्मान हुआ।

कदमताल के साथ निकला स्वयंसेवकों का पथ संचलन,

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर.

सिटी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महाविद्यालयीन स्वयंसेवकों ने पथ संचलन शुक्रवार को निकाला। हनुमान गढ़ी से शुरू हुआ संचलन सिटी क्षेत्र के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरा। इस दौरान स्वयंसेवक अनुशासित कदमताल करते हुए आगे बढ़े। मार्ग में जगह-जगह नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर संचलन का स्वागत किया।

पथ संचलन के दौरान स्वयंसेवक एक लय और अनुशासन के साथ कदम मिलाते नजर आए। नगर के विभिन्न स्थानों पर लोगों ने पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया। संचलन जिन मार्गों से गुजरा, वहां कुछ देर के लिए लोगों का ध्यान इस ओर आकर्षित हुआ। स्वयंसेवकों की एकरूपता और सामूहिक कदमताल के माध्यम से समाज में एकजुटता, अनुशासन और संगठन का संदेश देने का प्रयास किया गया। पथ संचलन के दौरान सुरक्षा और यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद रहा।

आवागमन सुचारु रहा

संचलन के मार्ग पर पुलिसकर्मी तैनात रहे, ताकि आयोजन के दौरान किसी तरह की अव्यवस्था न हो और आवागमन सुचारु बना रहे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले ऐसे संचलनों में स्वयंसेवक सामूहिक रूप से कदमताल करते हुए नगर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हैं।

हर व्यक्ति ने समय अनुसार साक्षरता की ओर बढ़ाए कदम

सुसनेर। शासन निदेर्शानुसार उल्लास नवभारत साक्षरता परीक्षा का आयोजन 24 अक्टूबर 26 को सभी शासकीय शाला में आयोजित की गई इस क्रम में शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय खेरिया सुसनेर में नोडल अधिकारी भेरूलाल ओसारा के मार्गदर्शन में बुनियादी साक्षरता एवं संख्यज्ञान के आंकलन के लिए उल्लास नवभारत साक्षरता परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम खेरिया के ग्रामीण जनों के समय उपलब्धता अनुसार 56 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। इस अवसर पर संस्था प्रभारी भैरूलाल ओसारा, भूपेंद्रसिंह झाला, कैलाशचंद्र दांगी, तिलोकचंद पाटीदार, राकेश पाटीदार, रमेशचंद्र दांगी सहित शिक्षिका श्रीमती चंचल जैन द्वारा असाक्षर का सर्वप्रथम पुष्पमाला पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया। जिसके पश्चात परीक्षा में सम्मिलित हुए जिसमें शिक्षक भूपेन्द्रसिंह झाला पर्वेक्षक की भूमिका निभाई।

सारंगपुर के फलों की मिठास को खूब पंसद करते है लोग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर।



शहरवासियों को रसीले फल कहे जाने वाले सीताफलों के आने का वैसे तो वर्ष भर इंतजार रहता है, लेकिन यहां के सीताफल की मिठास अब शहर से प्रदेश होकर राजस्थान, महाराष्ट्र, दिल्ली, गुजरात के साथ ही उत्तर प्रदेश तक पहुंच जाती है। जहां पर सारंगपुर के सीताफलों की मिठास को खूब पंसद किया जाता आ रहा है।

सारंगपुर शाही जामा मस्जिद अंजुमन कमेटी आधिपत्य वाली मियांजन खां की सीताफल राढ़ी (बगीचा) लगे फलों की अंजुमन कमेटी द्वारा विधिवत नीलामी की गई, जिसमें कई व्यापारियों ने हिस्सा लिया। सबसे अधिक बोली लगाकर सारंगपुर के वरिष्ठ व्यापारी एवं समाजसेवी आबिद भाई अंसारी ने इस वर्ष राढ़ी में लगे फलों को खरीदा। वरिष्ठ व्यापारी अंसारी ने बताया कि यहां के सीताफल इंदौर, उदयपूर, अहमदाबाद, अहमदाबाद, लखनऊ, मुंबई, मकराना, उज्जैन के साथ ही अन्य राज्यों तक पहुंच जाते है।

इनका कहना है

नीलामी प्रक्रिया पुरी होने के बाद हमें इस साल के लिए राढ़ी के फल मिले है। बड़ी संख्या में राढ़ी से सीताफल बाजार में पहुंचने का काम शुरू कर दिए गए है।

आबिद अंसारी, वरिष्ठ व्यापारी, सारंगपुर।

हमनें शाही जामा मस्जिद अंजुमन कमेटी की मियांजन खां की राढ़ी बगीचे में लगे फसलों को प्रतिवर्षानुसार बोली प्रक्रिया से नीलाम किया है और सबसे अधिक बोली लगाने वाले आबिद भाई को इस वर्ष के लिए राढ़ी के फल दिये गए है। इस बार राढ़ी में फल अच्छा आया है।

एमए अलीम बाबा, सदर, अंजुमन इस्लाम कमेटी,

एक माह तक चलेगा सीजन

सहायक मुस्ताक अंसारी ने अधिक जानकारी देते हुए बताया कि शहर में सीताफल का सीजन 10 दिन पहले शुरू हुआ और इसके बाद करीब एक माह तक चलेगा। जहां सीताफल का स्वाद शहरवासियों के साथ उनके रिश्तेदार प्रतिदिन ले रहे है। कई लोग यहां का सीताफल अपने रिश्तेदारों को बड़ी संख्या में यहां से पेकिंग कर भेजते है।



शीतला मैया के दरबार में कन्या भोज का आयोजन, किया कन्याओं का पूजन

सुसनेर। शनिवार को स्थानीय कंठाल नदी किनारे मेला ग्राउंड स्थित शीतला माता मंदिर में पण्डित जगदीशानन्द जोशी के सानिध्य में कन्याओ का कुमकुम का तिलक लगाकर व चुनरी अर्पिर कर पूजन किया गया उसके पश्चात आशीर्वाद प्राप्त कर कन्याभोज का शुभारंभ किया गया। इसके चलते मैया का आकर्षक श्रृंगार भी किया गया। कन्याओं का पूजन कर नगर की सुख समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर नगर की एक हजार से भी अधिक कन्याओं ने भोजन प्रसादी ग्रहण कर धर्मलाभ अर्जन किया।

शा.प्रा.वि.नई आबादी तनोड़िया में अपर संचालक सिंह ने किया निरिक्षण



तनोडिया। शुक्रवार को अपर संचालक डा.अरुण सिंह राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल ने स्थानीय शा.प्रा.वि.नई आबादी में स्थित स्कूल का ओचक निरिक्षण कर आज से होने वाली उल्लास नवभारत साक्षरता मूल्यांकन की तैयारी का जायजालिया एवं श्री सिंह ने शाला अवलोकन में बच्चों से संवाद किया बच्चों की प्राथमिक स्तर की गुणवत्ता देखकर अपर संचालक ने बहुत ही खुश हुवे साथ ही शाला शिक्षक के शिक्षण कार्य ,शाला के रख रखाव में प्रतिमाह आर्थिक सहयोग व बच्चों की 151 दर्ज संख्या में सोमवार 93 बच्चों की उपस्थिति की सराहना की। शाला अवलोकन समय बी.आर.सी.सी श्री उपाध्याय, मंगलेश सोनी , दामोदर शर्मा ,प्रधानाध्यापक बाबुलाल भिलाला, अध्यापक गोपाल परमार,रश्मि शर्मा, रिचा तिवारी उपस्थित रहे।

मक्सी हाईवे पर ट्रक-पिकअप की जोरदार भिड़ंत, पिकअप चालक घायल



मक्सी। मक्सी हाईवे पर ट्रक और पिकअप वाहन के बीच जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में पिकअप चालक घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। जानकारी के अनुसार, ट्रक गुजरात से प्लास्टिक निर्माण में उपयोग होने वाली सामग्री लेकर प्रयागराज जा रहा था। ट्रक में चालक अमर खुदवावत और हरीलाल खुशवात सवार थे। बताया जा रहा है कि दुर्घटना में पिकअप चालक की गलती सामने आई है और ट्रक चालक की ओर से कोई गलती नहीं होने की जानकारी दी गई है। हालांकि, हादसे के वास्तविक कारणों की आधिकारिक पुष्टि संबंधित जांच के बाद ही हो सकेगी। हाईवे पर हुई इस टक्कर के बाद घायल चालक को उपचार के लिए ले जाया गया। दुर्घटना ने एक बार फिर तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने के खतरों की ओर ध्यान आकर्षित किया है। हादसे के संबंध में विस्तृत जानकारी और आधिकारिक पक्ष की पुष्टि होना बाकी है।

ग्राम मंडा रामगंज मंडी से मनोकामना पूर्ण होने पर उज्जैन महाकाल तक पैदल की यात्रा



तनोड़िया। शुक्रवार शाम को ग्राम मंडा जिला रामगंजमंडी के 23 वर्षीय युवा अक्षय प्रताप सिंह शक्तावत का चयन एम्स हॉस्पिटल मे हो जाने पर उनके द्वारा मनोकामना की गई थी की मेरा चयन होगा तो मे पैदल बाबा महाकाल दरबार जाऊंगा।इसी को लेकर युवा शक्तावत 21 अक्टूबर बुधवार से अपनी पैदल यात्रा प्रारभ करते हुए शुक्रवार को तनोड़िया पहुंचने पर नगरवासियो ने भव्य स्वागत कर उनका स्वागत किया।इस दौरान लक्ष्मण सिंह राठौर, महेश शर्मा,नरेंद्र सिंह राठौर, गिरीश परमार, तेजूलाल प्रजापत,राजेंद्र सिंह,पर्वत सिंह, रोहित सिंह, राकेश पाटीदार, गोपाल व्यास, शिवराज सिंह राठौर, राजेंद्र सिंह राठौर,सीताराम पाटीदार, आदि मौजूद रहे।

राजगढ़ नगर पालिका में बड़ा फेरबदल

ब्यावरा। नगरीय प्रशासन के नियम अनुसार मुख्य लिपिक की मूल पद स्थापना जिस नगर पालिका में है नियम अनुसार उसी नगर पालिका में मुख्य नगर पालिका सीएमओ बनाए जाना चाहिए था लेकिन राजनीतिक हस्तक्षेप और भाजपा की डबल इंजन सरकार की कृपा दृष्टि से दीनदयाल नामदेव नरसिंहगढ़ नगर पालिका के सीएमओ नहीं बनाए गए और उन्हें अतिरिक्त प्रभार के रूप में राजगढ़ नगर पालिका दी गई किंतु उनकी मूल पद स्थापना नरसिंहगढ़ नगर पालिका है और सैलरी भी उन्हें नगर पालिका नरसिंहगढ़ से दी जाएगी। राजगढ़ जिले की नगरीय प्रशासनिक व्यवस्था में महत्वपूर्ण बदलाव सामने आया है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने नगर पालिका परिषद राजगढ़ के प्रशासनिक संचालन और वित्तीय व्यवस्था को लेकर महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। इसके तहत नरसिंहगढ़ नगर पालिका परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी दीनदयाल नामदेव को राजगढ़ नगर पालिका परिषद का अतिरिक्त प्रभार वित्तीय अधिकारों सहित सौंप दिया गया है।

इस हफ्ते सोने-चांदी के दाम में गिरावट रही



एजेंसी ▸▸ मुंबई

सोने-चांदी के दाम में इस हफ्ते गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 4,796 रुपए गिरकर 1.42 लाख रुपए हो गया है। इससे पहले ये बीते हफ्ते यानी 17 अक्टूबर को 1.46 लाख रुपए पर था। वहीं, चांदी 2.11 लाख रुपए किलो से गिरकर 1.94 लाख रुपए पर आ गई है, इसकी कीमत 16,503 रुपए कम हुई। इससे पहले बीते महीने यानी सितंबर में सोना 8 हजार और चांदी 15 हजार सस्ती रुपए हुई। 31 अगस्त को सोना 1.56 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम पर था जो 30 सितंबर को 1.48 लाख रुपए पर आ गया। इसी तरह 1 किलो चांदी की कीमत 2.37 लाख रुपए से गिरकर 2.22 लाख रुपए पर आ गई।

विशेषज्ञों का मानना है कि फिलहाल सोने-चांदी की कीमतों में उतार-चढ़ाव बना रह सकता है। अमेरिका के केंद्रीय बैंक 'फेडरल रिजर्व' ने 3 साल में पहली बार ब्याज दरें बढ़ाई है। इससे सोने के दाम में गिरावट है। हालांकि अमेरिका-ईरान जंग और आर्थिक अनिश्चितता के कारण सोने को सपोर्ट मिल सकता है। निवेशक सोने को सुरक्षित निवेश के रूप में फिर चुन सकते हैं। निवेशकों को सतर्क रहना चाहिए क्योंकि बाजार में अब भी कमजोरी के संकेत दिख रहे हैं। किसी भी बड़ी गिरावट पर खरीदारी का मौका भी बन सकता है।

ज्वेलर्स से सोना खरीदते समय इन बातों का रखें ध्यान

हमेशा ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। ये नंबर अल्फान्यूमेरिक यानी कुछ इस तरह से हो सकता है- AZ4524 हॉलमार्किंग से पता चलता है कि सोना कितने कैरेट का है।

अक्टूबर में भारतीय-बाजार से 48,056 करोड़ निकाले

2026 में निकासी 3.08 लाख करोड़ पार; वजह- महंगाई, ब्याज दर बढ़ी और तेल के दाम बढ़े

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों का भारतीय शेयर बाजार से निकासी का सिलसिला अक्टूबर महीने में भी जारी है। क्रूड तेल की ऊंची कीमतों, मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव, महंगाई की चिंता और कंपनियों के कमजोर तिमाही नतीजों के कारण विदेशी निवेशकों ने इस महीने अब तक भारतीय इक्विटी से 48,056 करोड़ की बिकवाली की है।

हालांकि, अक्टूबर के आखिरी हफ्ते में बिकवाली की रफ्तार में कमी आई और एफपीआई दो कारोबारी दिनों में नेट बायर्स भी रहे, जिससे बाजार पर दबाव कुछ कम होने के संकेत मिले हैं।

अक्टूबर महीने में हुई यह बिकवाली पिछले महीने से भी ज्यादा रही। इससे पहले सितंबर में एफपीआई ने भारतीय शेयरों से 35,861 करोड़ की नेट निकासी की थी। सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज लिमिटेड के आंकड़ों के मुताबिक, इससे पहले जुलाई और अगस्त में विदेशी निवेशकों का रुख पॉजिटिव रहा था।

एफपीआई ने जुलाई में 20,200 करोड़ और अगस्त में 29,631 करोड़ का नेट निवेश भारतीय इक्विटी बाजार में किया था। साल 2026 में अब तक विदेशी निवेशकों की गई कुल बिकवाली का आंकड़ा 3.08 लाख करोड़ तक पहुंच गया है।



एफपीआई बिकवाली के मुख्य कारण

चॉइस वेल्थ के चीफ इन्वेस्टमेंट स्ट्रेटजी ऑफिसर धीरज गौर के मुताबिक, मिडिल ईस्ट में तनाव की वजह से ब्रेंट क्रूड की कीमतें बढ़कर $114 प्रति बैरल के आसपास पहुंच गई हैं। एनर्जी की बढ़ती कीमतों ने निवेशकों की चिंता बढ़ाई है। धीरज गौर ने बताया कि 30,213 करोड़ के जियो प्लेटफॉर्म्स लिमिटेड ने बाजार की लिक्विडिटी को अब्जॉर्ब कर लिया, जिससे शेयरों पर दबाव बढ़ा। मीरा मनी के सह-संस्थापक आनंद के राठी के अनुसार, दूसरी तिमाही के नतीजे ठीक-ठाक रहने के बावजूद महंगे तेल और लॉजिस्टिक्स खर्चों से आने वाली तिमाहियों में कंपनियों की कमाई पर असर पड़ सकता है। अमेरिका में ऊंची ब्याज दरों के कारण अमेरिकी एसेट्स आकर्षक बने हुए हैं, जिससे निवेशक अपना फंड वहां शिफ्ट कर रहे हैं।

यूएस बॉन्ड यील्ड गिरा: अमेरिका के 10-वर्षीय बॉन्ड की यील्ड 5.36 प्रतिशत से घटकर लगभग 5 प्रतिशत के स्तर पर आ गई। **रुपए में मजबूती:** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया मजबूत होकर 94.94 के स्तर पर पहुंचा। लार्ज-कैप शेयरों में हालिया गिरावट के बाद वैल्युएशन काफी आकर्षक हो गए हैं।


पाकिस्तान में एलपीजी सिलेंडर 7 हजार का

ईरान से 17 अक्टूबर से सप्लाई बंद, वहीं से 50% गैस आती है

एजेंसी ▸▸ पटना

पाकिस्तान में एलपीजी सिलेंडर की कीमत बढ़ गई है। 12 किलो के सिलेंडर की कीमत कुछ ही दिनों में 4500 पाकिस्तानी रुपए से बढ़कर 7000 रुपए हो गई है। दरअसल, ईरान से पाकिस्तान को होने वाली एलपीजी की सप्लाई रुक गई है। दोनों देशों के बीच दो अहम सीमा चौकियां 17 अक्टूबर से बंद हैं।

रॉयटर्स के मुताबिक, दोनों देशों ने इसकी अलग-अलग वजह बताई हैं। पाकिस्तान ने बताया की उसने सुरक्षा चिंता और तस्करी रोकने के लिए यह सीमा बंद की है। वहीं, ईरान ने इसकी तकनीकी वजह बताई है। पाकिस्तान अपनी कुल एलपीजी जरूरत का करीब 50% हिस्सा ईरान



से आयात करता है। ऐसे में सप्लाई रुकने से आम लोगों की परेशानी बढ़ गई है।

पाकिस्तान अपनी एलपीजी जरूरत का करीब 70% हिस्सा विदेशों से आयात करता है। ईरान के अलावा इराक और ओमान से भी गैस आती है। पाकिस्तान के पेट्रोलियम मंत्री अली परवेज मलिक के मुताबिक, देश में हर दिन करीब 6500 से 7000 टन एलपीजी की जरूरत होती है। इसमें से 2000 से 2500 टन गैस देश में तैयार होती है, जबकि बाकी जरूरत आयात से पूरी की जाती है।

लेकिन होर्मुज स्ट्रेट में ईरान जंग के कारण आई रुकावट से इन इराक और ओमान से होने वाला आयात भी प्रभावित हुआ है। पाकिस्तान के तेल और गैस नियामक प्राधिकरण ने 11.8 किलो के घरेलू एलपीजीसिलेंडर की कीमत 3296 पाकिस्तानी रुपए तय की है। इसके बावजूद बाजार में सिलेंडर सरकारी कीमत से दोगुने से भी ज्यादा दाम पर बेचे जा रहे हैं।

पाकिस्तान एलपीजी एसोसिएशन के अध्यक्ष इरफान खोखर के मुताबिक, बलूचिस्तान में 12 किलो का सिलेंडर करीब 7000 रुपए, लाहौर में 7500 रुपए और स्कर्दू में 8200 रुपए तक में बिक रहा है। पाकिस्तान के पेट्रोलियम मंत्री अली परवेज मलिक ने कहा कि सरकार खुद एलपीजी आयात करके बाजार में उपलब्ध कराएगी। उन्होंने अगले 2 से 3 दिनों में कीमतों में सुधार शुरू होने की उम्मीद जताई। जियो न्यूज के एक कार्यक्रम में मलिक ने कहा कि एलपीजी की कीमत 400 से 425 पाकिस्तानी रुपए प्रति किलो के बीच होनी चाहिए। उन्होंने ज्यादा दाम वसूलने वालों के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी।

कारों में ऑटोमैटिक इमरजेंसी ब्रेक 2030 से अनिवार्य होगा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

अगर आपकी कार के सामने अचानक कोई आ जाता है, तो गाड़ी अपने आप ब्रेक लगाकर रुक जाएगी। 1 अक्टूबर 2030 से लॉन्च होने वाले सभी नए कारों में ऑटोमैटिक इमरजेंसी ब्रेकिंग सिस्टम' मिलेगा।

वहीं, 1 अक्टूबर 2032 से बाजार में बिकने वाली सभी नई-पुरानी कारों में यह सिस्टम देना जरूरी हो जाएगा। परिवहन मंत्रालय ने सड़क हादसे रोकने और गाड़ियों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए इस सेफ्टी फीचर को अनिवार्य करने का प्रस्ताव दिया है। इसके अलावा, कॉमर्शियल गाड़ियों में ड्राइवर स्लीप वॉर्निंग सिस्टम भी अनिवार्य किया जाएगा, जो ड्राइवर को नींद आने या ध्यान भटकने पर अलर्ट करेगा। सरकार के नए नियम स्टैंडर्ड के तहत लागू होंगे।

अभी सिर्फ महंगी कारों में ही यह फीचर मिलता है- अभी ऑटोमैटिक ब्रेक लगाने वाली यह सुविधा सिर्फ एडवांस ड्राइविंग असिस्ट सिस्टम तकनीक वाली महंगी और प्रीमियम कारों में ही आती है। हालांकि, भारत में ट्रैफिक और गाड़ियों के बीच कम दूरी की वजह से कई लोग इसे बंद कर देते हैं, क्योंकि उन्हें डर रहता है कि अचानक ब्रेक लगने से पीछे वाली गाड़ी उनसे न टकरा जाए। इसीलिए सरकार नए नियमों के तहत इस फीचर को भारत की सड़कों और ट्रैफिक के माहौल के हिसाब से बेहतर बनाने का प्रस्ताव ला रही है।

Sport

सूर्यवंशी को नंबर-3 पर भेजने पर पूर्व क्रिकेटर्स के सवाल

ओपन क्यों नहीं भेजा, छठे ओवर में बैटिंग मुश्किल

एजेंसी ▸▸ क्राइस्टचर्च

पूर्व भारतीय क्रिकेटर्स ने दूसरे टी-20 में वैभव सूर्यवंशी को नंबर-3 पर उतारने के फैसले पर सवाल उठाए। मैच के बाद पैनल डिस्कशन में मुरली कार्तिक ने पूछा कि वैभव को ओपन क्यों नहीं भेजा गया।

आर अश्विन ने भी कहा- छठे ओवर में बैटिंग करना वैभव के लिए आसान नहीं था। इस पैनल में अजिंक्य रहाणे और अजय जडेजा भी शामिल थे।

क्राइस्टचर्च में शनिवार को चोटिल ईशान की जगह वैभव को मौका मिला था। 15 साल के वैभव सिर्फ 4 रन बना सके थे। हालांकि, टीम इंडिया ने मैच 4 विकेट से जीत लिया। कमेंटेटर कार्तिक ने कहा- ह्यवे एक युवा खिलाड़ी हैं। उन्होंने सिर्फ एक तरीके से बैटिंग की है। इसी वजह से आप अनुभवी खिलाड़ियों को रखते हैं, ताकि वे अलग-अलग भूमिकाएं निभा सकें। कार्तिक ने आगे कहा, यह अलग बात है कि आपने मैच जीत लिया, लेकिन अगर आप सूर्यवंशी को खिला रहे हैं, तो उन्हें आज ओपनिंग करनी चाहिए थी।

कार्तिक ने कहा कि सूर्यवंशी जैसे युवा खिलाड़ी के लिए भारत के अनुभवी बल्लेबाजों को अपनी पोजिशन बदलने के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने संजू सैमसन का उदाहरण देते हुए कहा कि वह अलग-अलग भूमिकाएं निभा सकते हैं। कार्तिक के मुताबिक, सैमसन को नीचे भेजकर सूर्यवंशी को ओपनिंग कराई जा सकती थी।



अश्विन ने कहा कि वैभव सूर्यवंशी ने एक मौका गंवाया है। उन्होंने आगे कहा कि छठे ओवर में क्रीज पर उतरना वैभव सूर्यवंशी के बस की बात नहीं थी। वे मैदान पर पानी के बिना मछली की तरह असहज थे। अश्विन ने कहा- वैभव हर गेंद मारने की कोशिश कर रहे थे। ऐसे नाजुक मौकों पर एक सीनियर्स को उनके पास जाकर उन्हें शांत रहने और गेंद को शरीर के पास खेलने की सलाह देनी चाहिए थी।

न्यूजीलैंड के 2 पेसर्स भारत से तीसरा टी-20 नहीं खेलेंगे

न्यूजीलैंड के 2 तेज गेंदबाज भारत के खिलाफ 27 अक्टूबर को वेलिंग्टन में होने जा रहे तीसरे टी-20 मैच में नहीं खेलेंगे। न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने बिजी शेड्यूल के कारण मैट हेनरी चोट के कारण बाकी के 3 टी-20 मैच नहीं खेलेंगे। जबकि, लॉकी फर्ग्यूसन तीसरे मैच से आराम दिया गया है। कीवियों को भारत के खिलाफ मौजूदा सीरीज के बाद 5 वनडे और 2 टेस्ट मैचों की सीरीज भी खेलनी है। पहला वनडे 4 नवंबर को ऑकलैंड में खेला जाएगा। भारत के खिलाफ दूसरे टी-20 में मैट हेनरी ने सिर्फ 2 ओवर गेंदबाजी की थी। इसके बाद वे मैदान से बाहर चले गए। मैच के बाद कप्तान मिचेल सेंटनर ने बताया कि हेनरी की पिंडली में खिंचाव आ गया था। हेनरी अब क्राइस्टचर्च में रुकेंगे और 2 नवंबर को ऑकलैंड में वनडे टीम से जुड़ेंगे। तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन भी दूसरे टी-20 के दौरान एहतियातन मैदान से बाहर चले गए थे।

नाहिद वेस्टइंडीजके खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर

एजेंसी ▸▸ पटना

बांग्लादेश के तेज गेंदबाज नाहिद राणा वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज नहीं खेलेंगे। उनके कंधे में चोट लगी है। ऑस्ट्रेलिया में उनकी मेडिकल जांच के दौरान लैब्रम टियर का पता चला। इसमें कंधे की मांसपेशियां फट जाती हैं। उनका नवंबर में होने वाले साउथ अफ्रीका दौरे पर खेलना मुश्किल है। फिलहाल, बांग्लादेशी टीम वेस्टइंडीज की मेजबानी कर रही है। उसे अपने घरेलू मैदान पर 2 टेस्ट मैच खेलने हैं। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि नाहिद ऑस्ट्रेलिया में इलाज करा रहे हैं।

सिंधु फ्रेंच ओपन का फाइनल हारीं

नई दिल्ली। भारत की पीवी सिंधु को फ्रेंच ओपन बैडमिंटन के फाइनल में हार का सामना करना पड़ा। रविवार को हुए मुकाबले में उन्हें वर्ल्ड नंबर-1 साउथ कोरिया की एन से यंग ने 16-21, 21-11, 21-12 से हराया। इस जीत के साथ यंग ने लगातार तीसरी बार फ्रेंच ओपन का खिताब अपने नाम किया। सिंधु ने पहला गेम जीतकर अच्छी शुरूआत की, लेकिन अगले दोनों गेम गंवा दिए। एन के खिलाफ यह उनकी लगातार 11वीं हार है। सिंधु के लिए निर्णायक गेम में वापसी करना मुश्किल रहा। एन ने दूसरे गेम में 21-11 और तीसरे गेम में 21-12 से जीत दर्ज की।

आवश्यकता है
होटल में सफाई व रूम सर्विस दिन और रात के लिए।
हिमालया गेस्ट हाउस
बैंक ऑफ इंडिया के पास, उज्जैन
9669890245

आवश्यकता है
प्रतिष्ठित आइल कम्पनी के लिए योग्य एवं अनुभवी सेल्समेन (लड़कों) की तुरंत आवश्यकता है। अच्छा संवाद कौशल, वेतन योग्यतानुसार
संपर्क करें
8225022548
(चिमनगंज मंडी उज्जैन)

मकान किराये से देना है
शहर की पॉश कॉलोनी आज़ाद नगर 1
हाल, 2 कमरे, किचन, स्टोर रूम किराये से देना है
संपर्क: 8319023209 8989404428

वधु चाहिए (सिन्धी)
विधुर सिंधी 42 वर्ष हेतु सिन्धी वधु चाहिए, मकान, दुकान अपना। उज्जैन मप्र.
संपर्क करें
8253063625

जमीन बेचना है
ग्राम सुमराखेड़ा (तहसील तराना) में मेन रोड से एक खेत छोड़कर रेल पटरी से दक्षिण दिशा में भूमि खेत साढ़े तीन बीघा एवं बिड़ ढाई बीघा बेचना है।
संपर्क करें
940 6801069

दुकान बेचना है
प्राईम लोकेशन कंठाल चौराहा की दुकान बेचनी है।
साईज - 10x11
हाईट- 15 फीट
मोबाइल
8518800456
9981310034

रद्दी बेचना है
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

आवश्यकता
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.ED/D.ED/Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent
Middle School, Bhairavgar

आवश्यकता
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके।
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया
प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

नैनो न्यूज

- **सिंधु फ्रेंच ओपन के फाइनल में-** पीवी सिंधु ने फ्रेंच ओपन बैडमिंटन के सेमीफाइनल में जापान की हिना अकेची को हराकर फाइनल में जगह बनाई।
- **एशियाई पैरा खेलों में भारत का रिकॉर्ड-** भारत ने एशियाई पैरा खेलों में 114 पदक जीतकर अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इसमें 30 स्वर्ण पदक शामिल रहे।
- **मुक्केबाज आदित्य ने पदक पक्का किया-** भारत के आदित्य ने अंडर-19 विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में इटली के मुक्केबाज को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया और पदक सुनिश्चित किया।
- **भारतीय पहलवान ललित कांस्य की दौड़ में-** ललित ने विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में अमेरिकी पहलवान मैक्स एमिलियानो नॉरी को 7-0 से हराकर कांस्य पदक के मुकाबले में जगह बनाई।
- **भारतीय अंडर-15 फुटबॉल टीम जीती-** भारत की अंडर-15 फुटबॉल टीम ने फीफा अंडर-15 विश्व कप एवं महोत्सव में कैमरून को 2-1 से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की।
- **आर्सेनल ने एवर्टन को हराया-** आर्सेनल ने इंग्लिश प्रीमियर लीग में एवर्टन को 2-0 से हराकर अंक तालिका में शीर्ष पर मौजूद मैनचेस्टर सिटी की बराबरी कर ली।

केएल राहुल दोनों पारियों में 4 रन बना सके

यशस्वी भी फेल, दूसरी पारी में इंडिया-ए 106/2; न्यूजीलैंड 98 रन आगे

एजेंसी ▸▸ क्राइस्टचर्च

इंडिया ए ने न्यूजीलैंड ए के खिलाफ पहले अनऑफिशियल टेस्ट के दूसरे दिन दूसरी पारी में वापसी की। पहली पारी में 113 रन पर सिमटने के बाद टीम ने 10 रन पर दोनों ओपनर्स के विकेट गंवा दिए थे। स्टंप्स तक स्कोर 106/2 है।

देवदत्त पडिक्कल 56 और साई सुदर्शन 39 रन बनाकर नाबाद हैं। दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 96 रन की पार्टनरशिप हो चुकी है। केएल राहुल दोनों पारियों में 4 रन ही बना सके। राहुल पहली पारी में खाता नहीं खोल सके थे। जबकि यशस्वी जायसवाल दूसरी पारी में 5 रन ही बना सके। न्यूजीलैंड ए



ने पहली पारी में 317 रन बनाकर 204 रन की बढ़त हासिल की थी। सुबह कीवियों ने 135/3 के स्कोर से खेला शुरू किया। न्यूजीलैंड-अ के कप्तान राइस मारियू ने 76 रन की पारी खेली। उन्होंने 137 गेंदों का सामना करते हुए 12 चौके लगाए। डीन फॉक्सक्रॉफ्ट ने 79 गेंदों पर 51 रन बनाए। कर्टिस हीफी ने 44 और क्रिस्टियन क्लार्क ने 42 रन का योगदान दिया। इंडिया ए की ओर से अंशुल कंबोज और औकिब नबी ने 3-3 विकेट लिए, जबकि आकाश दीप ने 2 विकेट हासिल किए।

25 साल बाद लंकाशायर से नहीं खेलेंगे जेम्स एंडरसन

इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन अब काउंटी टीम लंकाशायर के लिए नहीं खेलेंगे। लंकाशायर ने उनका कॉन्ट्रैक्ट 2027 सीजन के लिए नहीं बढ़ाने का फैसला किया है। इसके साथ ही क्लब के साथ उनका 25 साल का जुड़ाव खत्म हो जाएगा। फैसले के बाद एंडरसन ने इंस्टाग्राम पर बताया कि वे बचपन से लंकाशायर को सपोर्ट करते आए हैं। उन्होंने लिखा- अगर यह फैसला मेरे हाथ में होता, तो इसका अंत इस तरह नहीं होता। फिर भी मैं खिलाड़ियों और प्रशंसकों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देता हूं। काउंटी से संन्यास पर उन्होंने कहा कि इसकी अभी घोषणा नहीं की है। एंडरसन इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं, लेकिन फर्स्ट क्लास क्रिकेट खेलते हैं। जुलाई 2024 में उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ अपना आखिरी इंटरेशनल टेस्ट मैच खेला। लंकाशायर ने बयान जारी कर कहा कि एंडरसन को 19 अक्टूबर को ओल्ड ट्रैफर्ड में हुई बैठक में इस फैसले की जानकारी दी गई थी।

न्यूज कॉलम

सौ से ज्यादा छात्र-छात्राएं कलेक्टर से मिलने 15 किमी पैदल निकले

झाबुआ। झाबुआ में पेटलावद के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के 100 से ज्यादा छात्र-छात्राएं कलेक्टर से मिलने पैदल निकल पड़े। स्कूल से कलेक्ट्रेट की दूरी करीब 50 किलोमीटर है। सुबह 8 बजे निकले छात्र-छात्राएं 15 किलोमीटर पैदल चलकर कल्याणपुरा पहुंच गए। छात्र-छात्राओं का आरोप है कि उन्हें स्कूल में खराब खाना दिया जाता है। अक्सर जली-कच्ची और बासी रोटियां परोसी जाती हैं। सब्जियां अधपकी होती हैं और उनमें कीड़े-इल्ली भी होते हैं। हॉस्टल में नियमित रूप से सफाई भी नहीं की जाती है।


झाबुआ में पिकअप से 227 पेटी अवैध बीयर जब्त

झाबुआ। झाबुआ पुलिस ने इंदौर-अहमदाबाद नेशनल हाईवे 47 पर अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई की। पिटोल चौकी क्षेत्र से एक पिकअप वाहन से माउंट कंपनी की 227 पेटी बीयर जब्त की गई। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह महोबिया के मार्गदर्शन में हुई। 25 अक्टूबर को पिटोल पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी। बताया गया कि सफेद रंग की पिकअप में अवैध शराब धार की ओर से पिटोल लाई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने हाईवे पर घेराबंदी कर संदिग्ध वाहन को रोक लिया।

मप्र में मतदाता सूची से 34 लाख नाम हटे

आलीराजपुर। कांग्रेस ने 'वोट बचाओ, देश बचाओ' अभियान शुरू किया है। इसकी जानकारी विधायक प्रताप ग्रेवाल ने आलीराजपुर में प्रेस वार्ता में दी। अभियान का मकसद मतदाता सूची सही करना और चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता लाना है। यह अभियान 25 अक्टूबर से 25 नवंबर तक चलेगा। इस दौरान गांवों में चौपाल लगेगी, घर-घर संपर्क किया जाएगा और पार्टी की बैठकें होंगी। कार्यकर्ता 'वोट रक्षक' बनकर मतदाताओं से मिलेंगे और सूची में नाम, पते सहित अन्य जानकारी की जांच करेंगे।

सीएचओ के ट्रांसफर के नाम पर 3.70लाख ठगने वाला गिरफ्तार



अनूपपुर के महेंद्र को शुजालपुर से किया गिरफ्तार, 5 दिन की रिमांड पर

धार। कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर का मनचाही जगह तबादला कराने का झांसा देकर 3.70 लाख रुपए की ठगी करने के आरोपी महेंद्र को बाग पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अनूपपुर निवासी आरोपी को शुजालपुर से पकड़ा गया। पुलिस ने उसे 5 दिन की रिमांड पर लिया है। पूछताछ में ठगी की रकम बरामद करने के साथ दूसरे जिलों में दर्ज मामलों की जानकारी जुटाई जा रही है। बाग ब्लॉक के ग्राम जामला में पदस्थ सीएचओ अनिता प्रजापत ने 20 दिसंबर 2025 को बाग थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के मुताबिक, उनकी सीएचओ दोस्त गंगा परिहार के पास एक नंबर से फोन आया। कॉल करने वाले ने खुद को स्वास्थ्य विभाग का अधिकारी बताया और मनचाही जगह तबादला कराने का ऑफर दिया। गंगा और अनिता ने रतलाम जिले में तबादले की इच्छा जताई। आरोपी ने काम कराने के नाम पर फोन-पे के जरिए रकम भेजने को कहा। इसके बाद अनिता, उनके पति महेश, गंगा और उनके पति फूलचंद ने अपने मोबाइल से बताए गए नंबर पर कुल 2 लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए।

नैनो न्यूज

- **सेमीकंडक्टर क्षेत्र में निवेश प्रस्ताव बढ़े-** इंदौर में आयोजित सेमीकंडक्टर समिट में 5,800 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले। इनसे प्रदेश में 10 हजार से अधिक रोजगार के अवसर बनने की संभावना है।
- **आईटी पार्क में कंपनियों को जगह-** इंदौर के आईटी पार्क-4 में सात कंपनियों को कार्यालय के लिए आशय पत्र दिए गए। प्रस्तावित परियोजनाओं से सेमीकंडक्टर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और तकनीकी सेवाओं में रोजगार बढ़ने की उम्मीद है।
- **चिप डिजाइन उद्योग को मिलेगा बढ़ावा-** सेमीकंडक्टर समिट में विशेषज्ञों ने चिप डिजाइन, परीक्षण, पैकेजिंग और स्थानीय आपूर्ति श्रृंखला मजबूत करने पर जोर दिया। इससे प्रदेश के छोटे उद्योगों को नए व्यावसायिक अवसर मिल सकते हैं।
- **प्लास्टिक उद्योग की प्रदर्शनी नवंबर में-** इंदौर के लाभगंगा प्रदर्शनी केंद्र में 27 से 30 नवंबर तक प्लास्ट पैक-2026 आयोजित होगा। इसमें प्लास्टिक, पैकेजिंग और रीसाइक्लिंग क्षेत्र की कंपनियों को कारोबारी संपर्क बढ़ाने का अवसर मिलेगा।
- **सोया कारोबार को मिला मंच-** इंदौर में अंतरराष्ट्रीय सोया कॉन्क्लेव में सोयाबीन और खाद्य तेल उद्योग से जुड़े कारोबारियों को नेटवर्किंग का अवसर मिला। आयोजन में प्रसंस्करण, व्यापार और बाजार की चुनौतियों पर चर्चा हुई।

बंदूक के साथ वीडियो, कारतूस की माला पहने आया नजर, इंदौर आया था बदमाश प्रांजल

टाइगर श्रॉफ फायरिंग- प्रांजल ने गिरफ्तारी से पहले लगाई इंस्टा स्टोरी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर


बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ पर हमले के केस में गिरफ्तार किए गए हरियाणा के सोनीपत निवासी प्रांजल ठाकरान (22) की सोशल मीडिया गतिविधियां चर्चा में हैं।

शनिवार शाम को उसे इंदौर से पकड़ा गया। गिरफ्तारी से करीब 15 घंटे पहले उसने इंस्टाग्राम पर बदमाशी से जुड़ी स्टोरी पोस्ट की थी। जिसमें वह रेड टी शर्ट पहने फोन पर बात करता दिखाई दे रहा है। बैकग्राउंड में गाना बज रहा है- 'कई केसा में थारा नाम चले, 2 नंबर का काम चले थारा बॉर्डर पार के कई देशों में।'

इसके अलावा, पिस्टल और बंदूक के साथ वीडियो, कारतूस की माला पहने क्लिप, मारपीट के वीडियो शेयर किए गए हैं। दोस्तों के साथ शराब पार्टी की पोस्ट भी हैं।

जेल के बाहर का वीडियो और पानीपत जेल से जुड़ी क्लिप भी उसके अकाउंट पर शेयर हैं। प्रांजल पिछले 5 दिनों से इंदौर में रूका था। रोज अपने भाई से मिलने के लिए मालवा मील चौराहा स्थित अंकुर स्टेप डाउन सेंटर में जा रहा था। पुलिस ने यहीं से प्रांजल को गिरफ्तार किया है।





खुद को कॉलेज का अध्यक्ष बताने का दावा

आरोपी प्रांजल अपने अकाउंट पर खुद को हिंदू कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग का अध्यक्ष भी बताता है। इसके अलावा उसे घुमने का भी काफी शौक है। अपने अकाउंट पर घुमने की बड़ी संख्या में वीडियो कारों के साथ पोस्ट की है।

भाई के इलाज के लिए आया था- प्रांजल को शनिवार शाम करीब 4 बजे इंदौर के अंकुर स्टेप डाउन सेंटर से पकड़ा गया था। यहां उसके भाई हितेश का इलाज चल रहा है। बताया गया कि हितेश को पैरालिसिस है और पिछले करीब पांच महीने से उसका फिजियोथेरेपी सहित अन्य उपचार चल रहा है। दिल्ली में भी उसका इलाज कराया जा रहा था। भाई ठीक से चल भी नहीं पा रहा है। पुलिस की जांच में प्रांजल के इंदौर आने की परिस्थितियां और गिरफ्तारी से पहले उसकी गतिविधियां महत्वपूर्ण हो सकती हैं।

हथियारों से लेकर जेल के वीडियो तक

प्रांजल के इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट किए गए कुछ वीडियो में बंदूक और पिस्टल दिखाई गई हैं, जबकि एक क्लिप में वह कारतूस की माला पहने नजर आता है। इसके अलावा मारपीट, शराब पार्टी और हुक्का पीने से जुड़े वीडियो भी पोस्ट किए गए हैं। 2 मई को जेल के बाहर का वीडियो पोस्ट किए जाने की जानकारी भी सामने आई है।

पानीपत में मनी एक्सचेंज ऑफिस पर फायरिंग में भी नाम- प्रांजल का नाम मार्च 2026 में हरियाणा के पानीपत में मनी एक्सचेंज कार्यालय पर हुई फायरिंग के मामले में भी सामने आया था। उस मामले की जांच के दौरान आरोप सामने आए थे कि उसने सोशल मीडिया के जरिए विदेश में बैठे कथित गैंगस्टरों से संपर्क और कॉल मैनेज करने में भूमिका निभाई थी। आरोप था कि विदेश में बैठे लोगों ने पैसे का लालच देकर कार्यालय पर फायरिंग करवाने के लिए कहा था। अब टाइगर श्रॉफ की कार पर फायरिंग के मामले में गिरफ्तारी के बाद पुलिस उसकी पुरानी गतिविधियों, संपर्कों और कथित हथियार सप्लाई नेटवर्क की कड़ियों की जांच कर सकती है। जांच में यह स्पष्ट होना बाकी है कि दोनों मामलों में उसकी भूमिका किस स्तर तक थी।

मेट्रो के अंडरग्राउंड रूट का निर्माण जारी, 30 दिन में खोदी 130 फीट टनल

धंसे नहीं इसलिए हाथोंहाथ प्रीकास्ट रिंग्स डाल रहे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर मेट्रो के अंडरग्राउंड रूट का निर्माण जारी है। एयरपोर्ट स्टेशन से 22 सितंबर को लॉन्च की गई टनल बोरिंग मशीन नर्मदा ने एक महीने में जमीन के अंदर 50 मीटर (करीब 155 फीट) की दूरी तय कर ली है।

इसमें से 39 मीटर (130 फीट) टनल का निर्माण पूरा हो चुका है। सुरक्षा के लिहाज से मशीन आगे खुदाई करते हुए मलबा बाहर निकाल रही है, वहीं पीछे हाथों-हाथ प्रीकास्ट रिंग्स डालकर टनल को फाइनल शेप दिया जा रहा है, ताकि धंसने या गिरने का खतरा न रहे। अब तक 1.4 मीटर चौड़ाई वाली 26 रिंग्स डाली जा चुकी हैं।



इंदौर मेट्रो प्रोजेक्ट का मौजूदा स्टेटस

एलिवेटेड रूट: गांधी नगर से रेडिसन तक एलिवेटेड ट्रैक पर कमर्शियल रन शुरू हो चुका है। खजराना तक का एलिवेटेड काम अगले एक साल में पूरा करने का लक्ष्य है।

1400 मीटर लंबी टनल बनाई जाना है

सरस्वती संभालेगी दूसरी टनल का काम : एयरपोर्ट से बीएसएफ के बीच कुल 1400 मीटर लंबी टनल बनाई जानी है। नर्मदा के बाद अब दूसरी टीबीएम सरस्वती पहली टनल से 6 मीटर की दूरी और 100 मीटर पीछे रहकर पैरेलल (अप एंड डाउन) टनल की खुदाई शुरू करेगी। दोनों टनल की चौड़ाई 6-6 मीटर होगी।

सख्त चट्टानों से काम आसान: जमीन से 66 से 70 फीट नीचे चल रही इस खुदाई में अब तक सख्त और पथरीली जमीन मिलने के कारण भूजल (ग्राउंड वाटर) रिसाव जैसी कोई बड़ी समस्या नहीं आई है। केवल एकाध जगह हल्की नमी देखी गई है।

शुरूआती सावधानी के बाद बढ़ेगी स्पीड: अफसरों के अनुसार, शुरूआती चरण में टीबीएम को सेट करने के लिए सावधानीपूर्वक चलाया जा रहा था। मेट्रो कॉर्पोरेशन के एमडी कृष्ण चैतन्य ने मशीन की सेटिंग पूरी होते ही काम की रफ्तार बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।

आगे का प्लान: टनल की फिनिशिंग पूरी होने के बाद इसमें पटरी, सिग्नल और थर्ड रेल सिस्टम बिछाने का काम शुरू होगा।

इंदौर-महू में आरएसएस के पथ संचलन



दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर और महू क्षेत्र में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक पथ संचलन निकाल रहे हैं। इंदौर विभाग के चार महानगरीय जिलों के 34 नगरों की करीब 345 बस्तियों और महू ग्रामीण के 6 खंडों के 65 मंडलों में संचलन आयोजित किए जा रहे हैं। इसके लिए पिछले एक महीने से तैयारियां की जा रही थीं। शाखाओं में स्वयंसेवकों ने समता का अभ्यास भी किया।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के समापन कार्यक्रम के रूप में 28 अक्टूबर को इंदौर विभाग का वृहत एकत्रीकरण आयोजित किया जाएगा। डेली कॉलेज परिसर में शाम 4.30 बजे से होने वाले इस कार्यक्रम में इंदौर विभाग के पांचों जिलों के सक्रिय स्वयंसेवक शामिल होंगे। एकत्रीकरण का ध्येय वाक्य चरैवेति-चरैवेति रखा गया है। इसका संदेश है कि स्वयंसेवक राष्ट्रकार्य को निरंतर, निर्बाध और समर्पण के साथ आगे बढ़ाते रहें। संघ के सौ वर्ष पूरे होने के बाद भी राष्ट्र निर्माण और व्यक्ति परिवर्तन के माध्यम से समाज परिवर्तन का कार्य जारी रखने का संकल्प दोहराया जाएगा।

शरद पूर्णिमा पर त्रि-संत अवतरण महामहोत्सव

आज मनेगा पूरे भारत में जैन धर्म के तीन महान संतों का अवतरण दिवस

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

आश्विन मास की शरद पूर्णिमा इस बार केवल चांदनी की रात नहीं, बल्कि गुरु भक्ति की त्रिवेणी बनकर आ रही है। सोमवार को शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर जैन धर्म के तीन महान संतों का अवतरण दिवस महा महोत्सव के रूप में मनाया जाएगा। धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने कहा कि यह अद्भुत संयोग है कि तीनों धरती की पुण्यात्माओं का अवतरण एक ही तिथि शरद पूर्णिमा पर हुआ है। इस पावन अवसर पर भारत वर्षीय सकल जैन समाज द्वारा त्रि-संत गुरु वंदना महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। वरिष्ठ समाजसेवी डॉ जैनेन्द्र जैन ने कहा कि श्रमण संस्कृति के महामहिम तपोनिधि आचार्य भगवंत -विध्यासागर जी जिनकी तप साधना सूर्य के समान तेजस्वी है। नवाचार्य आचार्य समय सागर जी महाराज वैराग्यमूर्ति जिनका जीवन युवाओं के लिए त्याग एवं अपने गुरु समर्पण का आदर्श है। गणनी आर्यिका करुणामयी ज्ञानमती माताजी जिनकी वात्सल्यमयी वाणी ने हजारों महिलाओं को धर्म मार्ग से जोड़ा। शरद पूर्णिमा के पावन उर्जित अवसर पर शत शत नमन। दद्दू ने कहा कि त्रि-संत अवतरण दिवस को लेकर देशभर के गुरु भक्तों में भारी हर्ष है। इस दिन सभी जिनालयों में प्रातःकालीन अभिषेक, शांतिधारा, त्रि-संतों का गुरु गुणानुवाद सभा, शाम को भक्ति संध्या , क्वी सम्मेलन , स्वस्थ शिविर एवं अनेक आयोजन होंगे। महिला परिषद् की संभागीय अध्यक्ष मुक्ता जैन ने सकल जैन समाज एवं धर्मप्रेमी बंधुओं से 26 अक्टूबर सोमवार को अपने अपने श्रेत्रौ में आयोजन करने का आह्वान किया है।

जमीन धोखाधड़ी के 2 मामलों पर एफआईआर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

रविवार को जमीन धोखाधड़ी से जुड़े दो मामले सामने आए हैं। क्राइम ब्रांच ने दोनों मामलों में एफआईआर दर्ज की। इनमें अलग-अलग लोगों को आरोपी बनाया गया है। क्राइम ब्रांच ने पुणे (महाराष्ट्र) की रहने वाली तनुजा सिद्धेश्वर की शिकायत पर मोहित पुत्र अनिल पिपले, निवासी न्यू बिजलपुर, के खिलाफ 43 लाख 53 हजार रुपए की धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है।

तनुजा ने संस्कृति पाम में प्लॉट नंबर 401 और 402 बेचने के लिए दिए थे। मोहित ब्रोकर का काम करता था। उसने प्लॉट लेकर किसी अन्य पार्टी को बेचने की बात कही थी। इन प्लॉटों का सौदा 73 लाख 20 हजार रुपए में तय हुआ था, जिसमें से 43 लाख 53 हजार रुपए देना बाकी था। मोहित ने पहले इन प्लॉटों की रजिस्ट्री अपने नाम करवा ली। एक अन्य मामले में क्राइम ब्रांच ने शाहिद उमर खां, निवासी रानीपुरा, की शिकायत पर जाकिर चौहान के खिलाफ धोखाधड़ी की एफआईआर दर्ज की है।

महिला की शिकायत पर छेड़छाड़ की एफआईआर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

द्वारकापुरी में एक निजी अस्पताल की रिसेप्शनिस्ट से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। शनिवार रात को हुई घटना के बाद युवती की शिकायत पर पुलिस ने उसी दिन सब्जी व्यापारी नरेंद्र साहू के खिलाफ एफआईआर दर्ज की। युवती का आरोप है कि आरोपी पिछले करीब 20 दिनों से उसे इशारे कर परेशान कर रहा था और अश्लील हरकतें करता था।

द्वारकापुरी पुलिस के मुताबिक, युवती फूटी कोठी स्थित एक निजी अस्पताल में रिसेप्शनिस्ट है। अस्पताल के बाहर सब्जियों की दुकानें लगती हैं। इनमें से एक दुकान नरेंद्र साहू की भी है। पीड़िता के मुताबिक, नरेंद्र उसे देखकर कपड़े ऊंचे कर अश्लील हरकतें करता था। रात में गार्ड उसे अस्पताल के गेट तक छोड़ने आया था। उस समय वह अपने भाई का इंतजार कर रही थी। इसी दौरान आरोपी ने कथित तौर पर जानबूझकर अपना प्राइवेट पार्ट दिखाया। युवती ने उसे ललकारा तो अस्पताल का स्टाफ भी मौके पर पहुंच गया।

मेट्रोपॉलिटन रीजन का ड्राफ्ट प्लान पेश, तीन माह में लाएंगे

40 विभागों के डेटा से तैयार हुई सिचुएशन एनालिसिस रिपोर्ट

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर-उज्जैन महानगर क्षेत्र (यूआईएमआर) के 2047 का ड्राफ्ट प्लान ढाई से तीन महीने में लाने की तैयारी है। इसकी सिचुएशन एनालिसिस रिपोर्ट 15 अक्टूबर को पेश हो गई है।

16 हजार वर्ग किमी से ज्यादा क्षेत्र में फैले इस महानगर क्षेत्र में विकास के साथ खेती की जमीन, जल स्रोत, पर्यावरण बचाने की चुनौती भी है। रिपोर्ट के मुताबिक 2022 से 2025 के बीच निर्मित क्षेत्र 54.34 वर्ग किमी बढ़ा है और करीब 213 वर्ग किमी कृषि भूमि अन्य उपयोगों में बदली गई। प्लान में 6 जिलों की 38 तहसीलों के 2,781 गांवों में विकास की दिशा तय होगी।

मेहता एंड एसोसिएट्स द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट में 40 से ज्यादा विभागों, एजेंसियों से डेटा जुटाया गया है। इसमें करीब 16 विकास क्षेत्र शामिल हैं। रिपोर्ट में लैंड यूज, शहरीकरण, हाउसिंग, रियल एस्टेट, ट्रांसपोर्ट, कनेक्टिविटी, टूरिज्म, फिजिकल, सोशल इंफ्रास्ट्रक्चर, पर्यावरणीय संसाधन, गवर्नेंस, आर्थिक विकास की संभावनाओं का अध्ययन है। 1.5 करोड़ आबादी के हिसाब से की गई तैयारी वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार इस क्षेत्र की आबादी 75.34 लाख थी। वर्ष 2047 तक करीब 1.5 करोड़ होने का अनुमान है। इसी विस्तार को ध्यान में रखकर विकास योजना तैयार की जा रही है।



पहले दो चरणों का काम पूरा, तीसरे चरण की योजना तैयार

उज्जैन-इंदौर मेट्रोपॉलिटन रीजनल डेवलपमेंट एंड इन्वेस्टमेंट प्लान तैयार करने की जिम्मेदारी मेहता एंड एसोसिएट्स को दी गई है। यह काम नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग संचालनालय, इंदौर विकास प्राधिकरण के मार्गदर्शन में हो रहा है। पहले चरण में इनसेप्शन रिपोर्ट तैयार हुई। इसे आईडीए ने 14 अगस्त को मंजूरी दी। इसमें योजना की कार्यप्रणाली, काम का दायरा, डेटा जुटाने, स्टेकहोल्डर कंसल्टेशन, तकनीकी आकलन की रूपरेखा तय की गई थी। दूसरे चरण में सिचुएशन एनालिसिस रिपोर्ट तैयार की गई।

आवश्यकता है
(1) अमूल आइसक्रीम में सेल्समैन एवं डिलेवरी मैन की
कार्य समय: दोपहर 12 से शाम 6
(2) पेपर काउंटर संभालने वाले की जिसको एकाउंट का ज्ञान हो
कार्य समय: सुबह 4 से सुबह 8 (4 घंटे)
बागड़िया न्यूज़ एजेंसी
121 सेंट्रल कोतवाली के सामने उज्जैन
9425332161

25 साल से आपकी सेवा में
भास्कर आयुर्वेद
हमारे यहां सभी कंपनी की आयुर्वेदिक दवाईयां विशेष डिस्काउंट पर मिलती है।
शक्तिवर्धक दवाईयों के लिए
संकर्प करें- 98263-71718

तुरंत आवश्यकता
आवश्यकता है सेल्स बॉय और सेल्स गर्ल की वेतन 8000 से 20000 तक
अंकुर जैन, जैन गाउन हाउस, 8 शंकु मार्ग अपोजिट एल एम कॉम्पलेक्स फ्रीगंज उज्जैन मो. 9820871749

श्री गणेश बैंड उज्जैन
मास्तर : विजय सिंह सरगरा
हमारे यहां घोड़ी, बग्गी, हाथी, ऊंट, लाइट, जनरेटर, लाजमा, ताश पार्टी, ढोल पार्टी, फूल की तोप, दूल्हन की ढोली, गाड़ी वाली लाइट, नाचने वाली घोड़ी आदि उपलब्ध है।
Mob. 9981908694, 7828525454, 7067237220
अंकपात मार्ग, मीणा धर्मशाला, अंकपात मार्ग गायत्री शक्तिपीठ के पास जीवाजीगंज थाना ढोली गली, उज्जैन

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशाति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य , भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com